जबलपुर
मंगलवार, 14 मई 2024
वैशाख मास शुक्ल पक्ष-6
वर्ष : 19, अंक : 14
पृष्ठ : 14 , मूल्य : 3 .00 रुपये

मौसम
अधि. 39
न्यून. 25

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



8 संगठन-सरकार में रणनीति के 'शाह'
मैट्रो 14 सेवा की जगह व्यापार करने लगा ....

हैदराबाद से लेकर देवास तक ...वोटिंग में 'बुर्का विवाद'

# माधवी लता पर केस, महिलाओं के चेहरे से बुर्का हटाया, इधर, देवास में बिना बुर्का उठाए वोट करवाने पर पीठासीन अधिकारी सस्पेंड किया

*आईपीसी की धारा 171सी, 186, 505(1)(सी) और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 132 के तहत दर्ज किया गया*

एजेंसी ⏭ हैदराबाद

तेलंगाना की हैदराबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहीं भाजपा उम्मीदवार माधवी लता पर एफआईआर दर्ज हुई है। मालकपेट पुलिस स्टेशन में यह केस आईपीसी की धारा 171सी, 186, 505(1)(सी) और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 132 के तहत दर्ज किया गया है। दरअसल, माधवी लता का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह मतदान केंद्र पर मतदान के लिए बैठी महिलाओं के वोटर आईडी चेक करती नजर आ रही हैं। इस दौरान माधवी लता महिलाओं से उनका बुर्का हटवाकर भी देख रही हैं। वीडियो हैदराबाद के पुराने शहर के एक मतदान केंद्र का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो को लेकर भाजपा उम्मीदवार की सफाई भी आई है।



## पीठासीन अधिकारी ने शिकायत को किया नजरअंदाज

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी, प्रदेश कार्यालय में स्थापित वार रूम द्वारा देवास के एक मतदान केंद्र के एक पीठासीन अधिकारी की शिकायत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से की गई थी। इस शिकायत के आधार पर पीठासीन अधिकारी को सस्पेंड कर दिया गया है। वार रूम में देवास से जानकारी मिली कि केंद्रीय स्कूल स्थित बूथ क्रमांक 69 में मुस्लिम समाज की महिलाएं बिना बुर्का उठाए वोट कर रही हैं। फर्जीवाड़े की आशंका को लेकर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पहले स्थानीय प्रशासन से महिला कांस्टेबल को तैनात कर पहचान-पत्र से महिलाओं की पहचान बुर्का उठाकर करने की मांग की, लेकिन बार-बार शिकायत के बाद भी पीठासीन अधिकारी ने शिकायत को नजरअंदाज किया।

## पीठासीन अधिकारी ने लगाए मोदी-मोदी के नारे, नप गईं



**उज्जैन।** उज्जैन में पीठासीन अधिकारी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में नारे लगाकर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान की अपील करने का आरोप लगा है। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह पीठासीन अधिकारी को हटा दिया है। इसके अलावा मामले की जांच के आदेश भी दिए गए हैं। कांग्रेस प्रत्याशी महेश परमार ने आरोप लगाया कि बूथ क्रमांक- 37 पर जो पीठासीन अधिकारी मौजूद थी, वे मोदी-मोदी के नारे लगाकर मतदाताओं को भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान की अपील कर रही थीं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### प्रज्वल ने मेरे कपड़े उतरवाए पीड़िता ने किए कई खुलासे



**नई दिल्ली।** कर्नाटक के हासन से लोकसभा सांसद प्रज्वल रेवन्ना सेक्स स्कैंडल कांड में हर रोज नए नए राज खुल रहे हैं। एसआईटी जांच के दौरान एक महिला ने प्रज्वल पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला ने आरोप लगाया है कि प्रज्वल ने उसकी मां के साथ बलात्कार किया जबकि वीडियो कॉल के जरिए उसे कपड़े उतारने के लिए मजबूर किया।

### सीएम आवास से रोते बाहर निकलीं स्वाति



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व उनके निजी सचिव विभव कुमार पर सोमवार को गंभीर आरोप लगाते हुए सनसनी फैला दी। सुबह नौ बजे सीएम हाउस पहुंचीं स्वाति ने पीसीआर कॉल कर पुलिस को मारपीट की सूचना दी।

### एसपी कार्यालय में आग दमकल ने पाया काबू



**सीहोर।** जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ऊपरी मंजिल में सोमवार को आग लग गई। जिस वजह से मीटिंग हॉल का फर्नीचर जल गया। फायर ब्रिगेड टीम को मिलने के बाद थोड़ी ही देर में आग पर काबू पा लिया गया। स्टाफ और लोगों ने धुंआ उठता हुआ देखा तो इसकी सूचना फायर ब्रिगेड टीम को दी। एसी में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी है।

**सीबीएसई के परिणाम :** उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले 0.1 प्रतिशत विद्यार्थियों को योग्यता प्रमाणपत्र जारी करेगा बोर्ड

# भोपाल रीजन का नतीजा: 10वीं में 90.58%, 12वीं में 82.46%

15वें और 14वें नंबर पर रहा भोपाल रीजन परिणाम में 0.66 व 1.08 प्रतिशत की गिरावट दर्ज

### राजधानी भोपाल में 10वीं व 12वीं में करीब 16 हजार विद्यार्थी शामिल हुए 12वीं में लगभग 7 हजार तो 10वीं में 9 हजार विद्यार्थी परीक्षा में बैठे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सोमवार को 10वीं और 12वीं के परिणाम जारी कर दिए हैं। सबसे पहले सोमवार को 12वीं कक्षा का परिणाम जारी किया गया, इसके बाद दोपहर में 10वीं का भी परिणाम घोषित किए गए।

भोपाल रीजन दसवीं में 90.58 प्रतिशत के साथ 15वें नंबर पर और 12वीं में 82.46 प्रतिशत के साथ 14वें नंबर पर रहा है। जबकि दसवीं में पिछले साल 91.24 प्रतिशत और 12वीं में 83.54 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए थे। यानी इस साल 10वीं में परिणाम 0.66 व 12वीं में 1.08 प्रतिशत कम परिणाम रहा।



मेधावी बच्चे बोले

### टॉपर्स के नामों की घोषणा नहीं

इस साल बोर्ड ने टॉपर्स के नामों की घोषणा नहीं की है. बोर्ड ने अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचने के लिए टॉपर्स की मेरिट सूची को रोकने की प्रथा जारी रखी। इसमें कहा गया है कि वह उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले 0.1 प्रतिशत छात्रों को योग्यता प्रमाणपत्र जारी करेगा।

### पढ़ाई के अलावा यदि मुझे कोई काम पसंद है तो बस बाबा का ख्याल रखना



नाम- खुशी महावर
परसेंट- 99.4%
क्लास- 10वीं
स्कूल- कार्मल कॉन्वेंट रतनपुर

10वीं क्लास में 99.4% लाने वाली कॉर्मल कान्वेंट रतनपुर की खुशी महावर का कहना है कि मुझे आगे चलकर पीसीएम लेना है और सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना है। मुझे पढ़ने का बहुत शौक है और स्कूल के अलावा जब भी वक्त मिलता बस में पढ़ती ही हूं, दिन में जब समय मिले पढ़ो और रात को पूरी नींद लें।

### आर्मी में जाना मेरा पैशन है...आर्मी मैन बनकर देश सेवा करना है उद्देश्य



नाम- बलराज सिंह
परसेंट- 99.2%
क्लास- 10वीं
स्कूल- एसपीएस सकेत नगर

10वीं कक्षा के बलराज सिंह का कहना है कि मैं रोजाना 6 से 8 घंटे पढ़ाई करता था और आगे चलकर पीसीएम लेना चाहता हूं क्योंकि मैथ्स मेरा फेवरेट सब्जेक्ट है, और इंजीनियरिंग एक ऐसा सब्जेक्ट है जो आपको हर एक सेक्टर में मदद करेगा। बलराज ने कहा कि मैं आगे चलकर आर्मी में जाना चाहता हूं, क्योंकि आर्मी में जाना मेरा पैशन है। बलराज ने कहा कि मेरी दो दीदीयां हैं इनमें से एक बीटेक कर रही हैं और दूसरी बीए ग्रेजुएट, दोनों ही पढ़ाई के प्रति काफी डेडीकेटेड रही हैं, तो उनसे मैं काफी इंस्पायर हुआ हूं।

### पॉलिटिकल साइंस में है रुचि, यूपीएससी क्रैक करके ही समाज में लाना है बदलाव



नाम- राजवी शर्मा
परसेंट- 99%
क्लास- 12वीं (ह्यूमैनिटीज)
स्कूल- डीपीएस नीलबड़

12वीं में 99% लाने वाली डीपीएस नीलबड़ की राजवी शर्मा का कहना है कि ह्यूमैनिटीज विथ मैथ्स सब्जेक्ट मैंने लिया क्योंकि हिस्ट्री और पॉलिटिकल साइंस में मुझे शुरू से ही इंटरेस्ट रहा है। राजवी कहती हैं कि मैं 11वीं क्लास में मैंने पीसीएम लिया था लेकिन वह मुझे काफी सफोकेटिंग लगा और फिर मैंने 12वीं में अपना सब्जेक्ट चेंज कर लिया। उन्होंने कहा कि यूपीएससी को मैं अपने जीवन के एक लक्ष्य के रूप में लेती हूं।

### छात्रों की तुलना में 2.04 % अधिक छात्राएं हुईं उत्तीर्ण



**10 वीं में -93.60%**
**12वीं में -87.98%**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सोमवार को 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 93.60 फीसदी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं। जबकि 12वीं में 87.98 फीसदी छात्र-छात्राएं पास हुए हैं। दसवीं कक्षा में छात्राओं का रिजल्ट छात्रों से बेहतर रहा है। परीक्षा में 93.60 फीसदी छात्र और 94.75 फीसदी छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं। छात्रों की तुलना में 2.04 फीसदी अधिक छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं।

### 2023 के मुकाबले 0.48 फीसदी बेहतर

सीबीएसई 10वीं कक्षा का परिणाम साल 2023 के मुकाबले 0.48 फीसदी बेहतर रहा है। पिछले साल 10वीं बोर्ड का पास प्रतिशत 93.12 फीसदी रहा था, जो इस साल बढ़कर 93.60 फीसदी रहा है। इस साल सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षाओं में 39 लाख छात्रों ने भाग लिया है।

भोपाल मक्सी बायपास पर घटना

## आयशर-कंटेनर की भिंड़त के बाद वाहनों में आग

**देवास।** सोमवार तड़के 3.30बजे भोपाल मक्सी बायपास पर आयशर और कंटेनर की भिंड़त के चलते दो वाहनों में भीषण आग लग गई। हादसे में कंटेनर चालक की दर्दनाक मौत हो गई। दरअसल सोमवार तड़के 3.30 बजे सुपारी से भरी आयशर और बर्तन व इलेक्ट्रिक सामानों से भरे कंटेनर के बीच भीषण टक्कर हो गई। टक्कर होने से कंटेनर का डीज़ल टैंक फट गया जिसके चलते दोनो वाहन आग की चपेट में आ गए।



▪ कंटेनर चालक की झुलसने से हुई मौत

राजगढ़ में बड़ा हादसा

## बस से भिड़ा मिलिट्री ट्रक तीन की मौत, 17 घायल

**राजगढ़-पीलूखेड़ी।** भोपाल से ब्यावरा जाते हुए मिलिट्री ट्रक और उसके पीछे चल रही कार के ओवर टेक करने के दौरान टकराने से आर्मी ट्रक अनवेलेंस होकर डिवाइडर तोडता हुआ दूसरी ओर से आ रही कमला बस से टकरा गया। जिससे 3 लोंगों की मौत व 17 लोग घायल हो गए। बस क्लीनर की मौके पर मौत हो गई। एक घायल ने इलाज के लिए लाते वक्त दम तोड़ दिया। वहीं एक आर्मी सैनिक के दुर्घटना में मारे जाने की पुष्टि हुई है।



▪ कार के ओवरटेक करने से हादसा

मामूली विवाद पर फायरिंग

## 3 लोगों को मारी गोली एक की हालत गंभीर

**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक रिटायर्ड आर्मी मैन ने तीन लोगों को गोली मार दी। गोली लगने के कारण तीनों घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोलीबारी की घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। बताया जाता है कि गोली चलाने में एक्स आर्मीमैन के साथ उसके कुछ साथी भी शामिल थे। पुलिस ने आरोपी के एक साथी को गिरफ्तार कर लिया है। गोलीबारी की यह घटना बिजली का तार लगाने को लेकर मामूली विवाद के कारण अंजाम दी गई।



▪ बिजली के तार को लेकर पहले हुआ था विवाद

बड़ी मशक्कत के बाद पकड़ा जा सका

## इटारसी के एक घर में घुसा तेंदुआ, रेस्क्यू के दौरान लापरवाही से 8 लोगों को किया घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले से लगे इटारसी के पास ऑर्डनेंस फैक्ट्री क्षेत्र के एक घर में तेंदुआ घुस गया। लोगों ने तेंदुआ देखकर शोर मचाया, जिसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और बड़ी मशक्कत के बाद तेंदुए का रेस्क्यू कर लिया।

▪ एसटीआर की टीम के द्वारा तेंदुए को जंगल मे सुरक्षित छोड़ दिया



### *काफी दिनों से हो रही थी मूवमेंट*

*तेंदुआ की मूवमेंट इटारसी के ऑर्डिनेंस फैक्ट्री इलाके में काफी दिनों से देखी जा रही थी। ग्रामीणों के अनुसार तेंदुआ पिछले कुछ दिनों से खेतों के आसपास और रहवासी क्षेत्र में भी दिखाई दिया। वन विभाग का कहना है कि वे क्षेत्र में लगातार गश्त कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। ग्रामीणों को कहा गया है कि अगर वे किसी जंगली जानवर को देखें तो तुरंत वन विभाग को सूचित करें।*

## दो जिला जजों ने खोला मोर्चा

# कोलेजियम ने 'गलत' लोगों को बना दिया जज

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में हो गई नियुक्ति, सीजेआई चंद्रचूड़ के पास पहुंचा मामला

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट में दो जजों की कोलेजियम द्वारा नियुक्ति पर विवाद खड़ा हो गया है। कोलेजियम द्वारा नियुक्त किए गए इन जजों के खिलाफ मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है।

हाई कोर्ट के इस फैसले के लिए खिलाफ प्रदेश के ही दो जिला जजों ने मोर्चा खोल दिया है। हिमाचल प्रदेश के सोलन और बिलासपुर के जिला जज चिराग भानु सिंह और अरविंद मल्होत्रा ने सुप्रीम कोर्ट से खुद को हाई कोर्ट का जज न बनाए जाने की शिकायत की है। उन्होंने कहा है कि वह राज्य के सबसे वरिष्ठ जिला जज थे लेकिन उनकी जगह हाई कोर्ट के कोलेजियम ने दूसरे जूनियर लोगों को भर्ती कर लिया। इन दोनों जजों ने आरोप लगाया है कि इस नियुक्ति के दौरान नियमों का पालन नहीं हुआ और सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों तक को नजरअंदाज कर दिया गया।



इन दोनों जजों ने कहा कि उनका नाम चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ वाले सुप्रीम कोर्ट के कोलेजियम की तरफ से हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट को दिया गया था। दोनों जजों ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि नाम की संस्तुति सीजेआई चंद्रचूड़ के कोलेजियम के बाद देश के कानून मंत्रालय ने भी की थी।

*बारिश, बादल और ओले गिरने से तापमान में 2 से 4 डिग्री तक की गिरावट*

# फिलहाल, पारे पर भारी पड़ी बारिश, हालांकि तापमान 40 डिग्री के करीब, कल के बाद लू

भोपाल सहित एक दर्जन जिलों में आज भी बादल, बारिश, कहीं-कहीं ओले गिरेंगे

17 मई को नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से फिर बदलेगा मौसम का मिजाज

अगले दो दिन में 2 से 3 डिग्री तक बढ़ेगा तापमान, उत्तरी मप्र में चलेगी लू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के दो दर्जन से अधिक जिलों में सोमवार सुबह तक बारिश, बादल और कुछ स्थानों पर ओले गिरे। इससे दिन के तापमान में तेजी से गिरावट रही। भोपाल में सोमवार तक सीजन की कुल बारिश के मुकाबले सामान्य से 40.3 मिमी बारिश दर्ज हो गई है। इससे शहर में गर्मी का पारा कमजोर रहा। प्रदेश का औसत अधिकतम तापमान 40 डिग्री तक रहा।



### *दो दर्जन जिलों में आज बारिश, आंधी*

*भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतलू, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, अगरमालवा, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुरकलां, सीधी, सतना, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, नरिसंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर,मैहर, पांढुर्णा आदि जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश और बादलों को असर रहेगा।*

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




वाराणसी में 2 घंटे में 6 किलोमीटर का रोड शो : महामना मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर नमन करने के बाद शुरू किया

# पीएम मोदी पर बरसे हजारों क्विंटल गेंदे व गुलाब के फूल...बाद में बाबा विश्वनाथ के दर पर टेका 'माथा'

वैदिक मंत्रों का उच्चारण और 1001 गणेशजी का पाठ भी, धुनुची, शंखनाद और ढाक से अगवानी

आज नामांकन से पहले पीएम मोदी अस्सी पर गंगा स्नान और काल भैरव के दर्शन भी करेंगे

एजेंसी ⏭ वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव में तीसरी बार अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए दो दिवसीय दौरे पर सोमवार की शाम वाराणसी पहुंचे। लंका से छह किलोमीटर लंबा रोड शो करते हुए काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे। पीएम मोदी ने बीएचयू के सामने महामना मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर नमन करने के बाद रोड शो शुरू किया। करीब दो घंटे रोड शो पूरा कर काशी विश्वनाथ मदिर में दर्शन पूजन किया।

## रोड-शो मार्ग पर मोदी की 'विकास यात्रा' की भी झलक

सीएम योगी व भूपेंद्र चौधरी भी रहे मौजूद



रोड शो के मार्ग पर काशी की विभूतियों की तस्वीर लगाई गई। इनमें वे हैं, जिनकी कर्म या जन्मभूमि काशी रही है। इसमें पूर्व काशी नरेश स्व.डॉ.विभूति नारायण सिंह, महामना पं. मदन मोहन मालवीय, उस्ताद बिस्मिल्लाह खां, पं.किशन महाराज, संत तुलसीदास, संत कबीर दास, संत रैदास आदि की तस्वीर लगी थी। कुछ स्थानों पर काशी के विकास की नई तस्वीर के साथ पुरानी तस्वीर भी दिखाई दी। इनमें प्रमुख रूप से काशी विश्वनाथ धाम, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, रिंग रोड आदि प्रमुख हैं।



## पटना साहिब में पीएम मोदी ने पहले टेका मत्था... चखा लंगर का स्वाद, फिर दी सेवा

पटना। बिहार दौरे के दूसरे दिन सोमवार को पीएम मोदी पटना सिटी स्थित तख्त श्री हरमंदिर साहिब गुरुद्वारे पहुंचे। पीएम ने यहां माथा टेका। अरदास की और लंगर भी खाया। इतना ही नहीं पीएम ने यहां लंगर में सेवा भी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंगत में बैठे लोगों को खाना भी खिलाया। पीएम यहां करीब 20 मिनट रुके। यह पहला मौका है, जब कोई पीएम पटना साहिब गुरुद्वारे पहुंचे और सेवा दी।

उधर, मुजफ्फरपुर में बोले मोदी

## पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी हैं तो पहना देंगे

*बिहार के मुजफ्फरपुर में जनसभा करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर द्वारा पाक समर्थित बयान पर हमल बोला और करारा जवाब दिया। पीएम मोदी ने कहा कि पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी है तो पहना देंगे।*

## खबर संक्षेप

### चार धाम यात्राः चार श्रद्धालुओं की मौत

**देहरादून।** दस मई को शुरू हुई उत्तराखंड चारधाम यात्रा में अभीतक चार श्रद्धालुओं की जान जा चुकी है, जिसमें तीन भक्तों की मौत यमुनोत्री धाम हुई है। वहीं चौथे की जान बदरीनाथ धाम में गई है। चारों श्रद्धालुओं की मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। तीन दिनों के अंदर चारधाम में चार यात्रियों की मौत से शासन-प्रशासन के भी हाथ पैर फूल गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने बैठक की।अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य महानिदेशालय में बैठक की। मंत्री रावत ने बताया कि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओ में से करीब 38 हज़ार श्रद्धालुओ की स्क्रीनिंग की गई।



### जोमैटो को 175 करोड़ रुपए का तगड़ा मुनाफा

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो ने अपने चौथी तिमाही के नतीजों को ऐलान कर दिया है और ये शानदार रहे हैं। जनवरी-मार्च तिमाही में जोमैटो घाटे से फायदे में आ गई है और इसका मुनाफा 175 करोड़ रुपए दर्ज किया गया है। जोमैटो नेट प्रॉफिट के साथ की इसका रेनेव्यू भी सालाना आधार पर जोरदार 73 फीसदी बढ़ा है। नतीजे घोषित होने से पहले ही शेयर ने हाई लेवल भी छू लिया।



### एयरपोर्ट पर 13.56 करोड़ रु. का सोना जब्त

**मुंबई।** सीमा शुल्क विभाग ने मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कई यात्रियों द्वारा अवैध रूप से लाया गया 13.56 करोड़ रुपए मूल्य का 22.14 किलो सोना जब्त किया है। अधिकारियों ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर की गई कार्रवाई के दौरान सोने की तस्करी के 20 मामलों में 11 यात्रियों को गिरफ्तार किया गया है। यह कीमती धातु यात्रियों द्वारा मलाशय, अंतःवस्त्रों, उनके शरीर में छिपाकर लाई गई थी।



## मप्र में चौथे व अंतिम चरण के बाद सभी 29 संसदीय सीटों पर मतदान संपन्न

इंदौर, उज्जैन, देवास, रतलाम, मंदसौर, धार, खरगोन और खंडवा सीटों पर वोटिंग

# 71.72 फीसदी हुआ मतदान, यह 2019 से करीब 5 फीसदी कम



बड़वानी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गुड़ी स्थित मतदान केंद्र पर पारंपरिक वेशभूषा में युवतियों ने पहली बार उत्साहपूर्वक मतदान किया।

**4 चरणों में इतना रहा मतदान**

| | |
|---|---|
| पहले चरण में | 67.75% |
| दूसरे चरण में | 58.59% |
| तीसरे चरण में | 66.70% |
| चौथे चरण में | 71.72% |

आठों लोकसभा क्षेत्रों में कुल 74 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे थे



सीएम डॉ. मोहन यादव ने गृह जिले उज्जैन की संसदीय सीट में अपने परिवारजनों के साथ पहुंचकर मतदान किया

**आठ सीटों पर मतदान का आंकड़ा**

(सभी आंकड़े शाम 6 बजे के)

| | |
|---|---|
| देवास | 74.86% |
| उज्जैन | 73.03 |
| मंदसौर | 74.50 |
| रतलाम | 72.86 |
| धार | 71.50 |
| इंदौर | 60.53 |
| खरगोन | 75.79 |
| खंडवा | 70.72 |

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में चौथे चरण की सभी 8 सीटों पर सोमवार को शांतिपूर्ण माहौल में मतदान हुआ। कहीं से कोई विवाद की स्थिति निर्मित नहीं हुई। कई क्षेत्रों में जरूर बारिश, आंधी व अन्य कारणों से मतदान में देरी हुई। इससे मतदान देर शाम 7 बजे के बाद भी चलता रहा। हालांकि, ज्यादातर जगहों पर मतदान शाम 6 बजे तक ही समाप्त हो गया।

सभी लोकसभा क्षेत्रों में औसत 71.72 फीसदी मतदान हुआ है। सबसे अधिक मतदान खरगोन में 75.79 फीसदी हुआ है। 2019 में खरगोन में 77.82 फीसदी मतदान हुआ था।

### 100 से अधिक ईवीएम व वीवीपैट मशीनें बदली गईं

मतदान से पहले मॉक वोटिंग के दौरान गड़बड़ी आने पर 47 बैलूट यूनिट, 48 सीयू और 90 वीवीपैट मशीनें बदली गईं। जबकि, मतदान शुरू होने के बाद 13 बीयू, 13 सीयू और 35 वीवीपैट मशीनें बदली गईं।

#### सबसे अधिक प्रत्याशी इंदौर में

प्रदेश में चौथे चरण में सभी आठों लोकसभा क्षेत्रों में कुल 74 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे थे। इसमें सबसे अधिक प्रत्याशी इंदौर में थे। इस चरण में इंदौर, उज्जैन, देवास, रतलाम, मंदसौर, धार, खरगोन और खंडवा सीटों पर मतदान हुआ। इसी के साथ चुनाव लड़ रहे कुल 74 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई। मतदान के बाद ईवीएम व वीवीपैट मशीनें कड़ी सुरक्षा में संबंधित जिलों के स्ट्रांग रूम में रखवा दी गई। सभी क्षेत्रों की मतगणना एक साथ 4 जून को होगी, तभी ईवीएम व मतपेटियों को निकालकर गिनती की जाएगी।

#### आंधी-तूफान और बारिश के बीच मतदान

मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि चौथे चरण के मतदान के दौरान कई जिलों में मौसम अचानक बदल गया। इंदौर, शाजापुर और धार समेत कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। कहीं-कहीं ओले भी गिरे हैं। इस कारण कई जगहों पर मतदान केंद्रों पर लगे टेंट उड़ गए और मतदान कर्मियों को दिक्कतें हुई। मतदाताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि, बाद में मौसम का रूख साफ होने के बाद मतदाताओं ने मतदान किया। आंधी, बारिश व तेज हवाओं का सबसे ज्यादा असर इंदौर, खरगोन, झाबुआ, सेंधवा के कुछ मतदान केंद्रों तथा शाजापुर, धार समेत कुछ और जिलों में हुआ।

**चौथे चरण में 96 लोकसभा सीटों पर 62.30% मतदान**

## बंगाल में 75% से अधिक, जम्मू कश्मीर में सबसे कम 35.8% वोटिंग



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत सोमवार को देश के 10 राज्यों एवं संघ शासित प्रदेशों की 96 लोकसभा सीटों शाम 5 बजे तक 62 प्रतिशत से ज्यादा (62.30 प्रतिशत) मतदान दर्ज किया गया। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 75.7 प्रतिशत और सबसे कम जम्मू-कश्मीर में 35.8 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। चौथे चरण में 1717 प्रत्याशियों की किस्मत दांव पर है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा और एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी जैसे कई प्रमुख उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है।

**1717 प्रत्याशियों की किस्मत दांव पर**

**इतना मतदान**

| | |
|---|---|
| पश्चिम बंगाल | 75.7% |
| मध्यप्रदेश | 71.72% |
| झारखंड | 63.1% |
| तेलंगाना | 61.2% |
| आंध्र प्रदेश | 68.0% |
| उत्तर प्रदेश | 56.4% |
| ओडिशा | 63.0% |
| बिहार | 54.1% |
| महाराष्ट्र | 52.5% |
| जम्मू-कश्मीर | 35.8% |

**370 हटने के बाद बदल गया कश्मीर**

#### श्रीनगर में वोटिंग का 25 साल का रिकॉर्ड टूटा, वोट देने उमड़ी भीड़

केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद वहां हो रहे पहले चुनाव में लोगों में जबर्दस्त उत्साह दिखा। श्रीनगर में 2024 में पहली बार जबर्दस्त वोटिंग हुई।

**राजीव नगर में सेंट्रल स्कूल के पास रविवार देर रात हुआ हादसा**

## तेज रफ्तार एसयूवी घर के बाहर बैठे युवक को कुचलते हुए झुग्गी-दुकान में घुसी, मौत

◆ करीब चार फीट नीचे सड़क किनारे घुसी एसयूवी के उड़े परखच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित राजीव नगर में सेंट्रल स्कूल के पास रविवार देर रात एक तेज रफ्तार एसयूवी ने घर के पास बैठे युवक को कुचल दिया। युवक को कुचलने के बाद एसयूवी सड़क से करीब चार फीट नीचे बनी झुग्गी में घुस गई। एसयूवी ने झुग्गी और पास बनी दुकान को अपनी चपेट में लिया है। गनीमत रही कि जिस एसयूवी झुग्गी और दुकान में घुसी उस समय झुग्गी में कोई नहीं था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस एसयूवी बरामद कर आरोपी चालक की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार संजय उर्फ संजू मनोरी पिता फूलसिंह मनोरी (27) झुग्गी नगर 247, राजीव नगर, केंद्रीय स्कूल के पास रहता था और मजदूरी करता था।



मृतक संजय उर्फ संजू मनोरी



#### कार में मौजूद थे तीन लोग

एसयूवी के झुग्गी और दुकान में घुसने के कारण जोरदार आवाज आई थी और आसपास की झुग्गियों में सो रहे लोगों की नींद खुल गई। लोग एसयूवी के पास पहुंचे तो उसमें तीन युवक थे। तीनों शराब के नशे में धुत थे। सूचना मिलते ही इलाके में गश्त कर रही पुलिस मौके पर पहुंच गई और तीनों को लेकर थाने पहुंची थी। पुलिस ने कार चालक पर देर रात ही गैरइरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि कार चला रहे युवक को उसके साथी एफाज अली कहकर पुकार रहे थे। वह कह रहे थे कि हम अशोका गार्डन के एक प्रभावी नेता के कार्यकर्ता हैं और हमारा को कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

**राहुल ने की अपनी बहन की तारीफ**



## दोनों माताओं की कर्मभूमि में अपना 'खून-पसीना' यहां दे रही हैं प्रियंका

एजेंसी ⏭ रायबरेली

रायबरेली संसदीय सीट से कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी एक मंच पर प्रचार करते हुए नजर आए। प्रचार के दौरान भरे मंच से राहुल गांधी ने अपनी बहन कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की तारीफ की। राहुल ने कहा- ये जो मेरी बहन है उसकी तारीफ़ करनी पड़ेगी। मैं देश में प्रचार कर रहा हूं ये मेरे लिए यहां अपना खून-पसीना यहां दे रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि रायबरेली मेरी दोनों माताओं की कर्मभूमि है इसलिए मैं यहां चुनाव लड़ने आया हूं। इससे पहले राहुल ने मंच से कहा कि पीएम मोदी पर निशाना साधा। गांधी ने कहा नरेंद्र मोदी अडाणी-अंबानी को लाखों-करोड़ रुपए देते हैं।

■ अगर हम आपको पैसे देंगे तो आप रायबरेली से सामान खरीदेंगे

**महंगाई के मोर्चे पर 'अच्छी खबर'**

## अप्रैल में महंगाई दर घट कर 4.83% पर आई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

महंगाई के मोर्चे पर अच्छी खबर आई है। सरकारी रिपोर्ट के मुताबिक खुदरा महंगाई अप्रैल में मामूली घटकर 4.83 प्रतिशत पर आ गई है। जो उसके पिछले महीने यानी मार्च में 4.85 प्रतिशत के स्तर पर थी।

सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक रसोई के कुछ सामानों की कीमतों में गिरावट के कारण अप्रैल में खुदरा महंगाई घटकर 4.83 प्रतिशत पर आ गई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई मार्च में 4.85 फीसदी थी, जो पिछले साल अप्रैल महीने 4.7 फीसदी से अधिक थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार खाद्य महंगाई अप्रैल में 8.70 प्रतिशत थी, जो मार्च में 8.52 प्रतिशत से थोड़ी अधिक थी। बता दें कि सरकार ने रिजर्व बैंक को यह सुनिश्चित करने का काम सौंपा है कि महंगाई 4 प्रतिशत पर बनी रहे और दोनों तरफ 2 प्रतिशत का मार्जिन रहे।

मार्च में 4.85 प्रतिशत के स्तर पर थी

रसोई के कुछ सामानों की कीमतों में गिरावट



उत्तराखंड चारधाम यात्रा में भक्तों की भारी भीड़

# केदारनाथ और यमुनोत्री धाम में श्रद्धालुओं के पहुंचने का रिकॉर्ड टूटा पुलिस प्रशासन की ओर से अतिरिक्त बल तैनात, यमुनोत्री में अभी जाम

एजेंसी ▸▸ देहरादून

बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही चार धाम यात्रा 2024 की विधिवत शुरुआत हो गई है। इस बार चार धाम यात्रा के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। पहले दो दिनों में श्रद्धालुओं ने केदारनाथ और यमुनोत्री धाम में पहुंचने का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया है। भारी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालुओं के कारण सरकार प्रशासन से लेकर आम तीर्थयात्रियों तक को परेशानी हो रही है। यमुनोत्री धाम में भीड़ उमड़ने के कारण हाइवे से लेकर पैदल रास्ते तक जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई।

### दो दिन में उमड़ी भीड़

*केदारनाथ में इस साल 10 मई को कपाट खुलने के दिन ही 29 हजार 30 श्रद्धालु केदारनाथ में मौजूद थे। दूसरे दिन 11 मई को 22 हजार 599 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। यमुनोत्री में इस साल 10 मई को कपाट खुलने के दिन 12 हजार 193 और दूसरे दिन 11 मई को 8009 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। गंगोत्री में इस साल 10 मई को कपाट खुलने पर 2203 और दूसरे दिन 11 मई को 5203 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।*



### औसतन प्रतिदिन पंजीकरण

- 20 हजार बदरीनाथ
- 18 हजार केदारनाथ
- 11 हजार गंगोत्री
- 09 हजार यमुनोत्री

### खास बातें

- केदारनाथ में दो दिन में 51 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन
- यमुनोत्री में दो दिन में 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन
- गंगोत्री में दो दिन में 7 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन



### आठ सालों में बदरीनाथ धाम पहुंचे 78 लाख से अधिक यात्री

*बदरीनाथ की यात्रा के पिछले आंकड़ों पर नजर डाले तो वर्ष 2016 में 654355, वर्ष 2017 में 920466 , वर्ष 2018 में 1048051, वर्ष 2019 में 1244993 तथा वर्ष 2020 में 155055 श्रद्धालु बदरीनाथ पहुंचे। वर्ष 2021 में कोरोना के कारण 197997 श्रद्धालु ही पहुंचे। वर्ष 2022 में 1763549 और 2023 में रिकार्ड 1839591 श्रद्धालु बदरीनाथ धाम पहुंचे।*

### वन-वे सिस्टम से हो रही यात्रा

यमुनोत्री एवं गंगोत्री धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा हेतु संकरे व संवेदनशील मार्गों पर गेट/ वन-वे सिस्टम से ट्रैफिक /यात्रा को चलाया जा रहा है। वहीं यमुनोत्री पैदल मार्ग पर घोड़े-खच्चर व डंडी-कण्डी को रोटेशन सिस्टम से चलाया जा रहा है। संकरे स्थानों पर यातायात को गेट व वन वे सिस्टम से चलाया जा रहा है।

### जाम से निपटने के वैकल्पिक इंतजाम

डीएम डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने कहा कि जाम से निपटने के वैकल्पिक इंतजाम किए गए हैं। हाइवे पर वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित किया जा रहा है। भारी भीड़ वाले दिनों के लिए बनाए गए भंडेलीगाड के लगभग ढाई किलोमीटर लंबे वैकल्पिक वन मार्ग को भी एक तरफ से जाने के लिए खोल दिया गया है।

---

निज्जर हत्या मामले में बोले जयशंकर

भारत इसकी जांच के लिए तैयार है

# कनाडा से अभी तक ऐसा कुछ नहीं मिला, जिसकी जांच हो

एजेंसी ▸▸ मुंबई

खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या मामले में कनाडा की तरफ से की गई चौथी गिरफ्तारी पर केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भारत को इस मामले में कनाडा की तरफ से अभी तक कुछ ऐसा नहीं मिला, जिसपर एजेंसी जांच कर सके। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि अगर कनाडा के पास इस मामले को लेकर किसी भी हिंसा से संबंधित जानकारी है तो भारत इसकी जांच के लिए तैयार है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए जयशंकर ने कहा कि हमें कनाडा की तरफ से कभी भी ऐसा कुछ नहीं मिला, जो हमारी एजेंसियों द्वारा जांचने के योग्य हो।



### कनाडा ने नहीं दिया कोई सबूत

*डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि हमने लंबे समय से कहा है कि अगर कनाडा में किसी भी घटना, किसी भी हिंसा का कोई सबूत है तो हम इसकी जांच करने के लिए तैयार हैं। हालांकि, भारतीय एजेंसियों द्वारा जांच किए जाने के लिए कोई सबूत कनाडा ने आज तक नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि मैंने यह भी पढ़ा है कि इस मामले में एक और गिरफ्तारी हुई है। यदि वह व्यक्ति भारतीय नागरिक है, तो आमतौर पर कांसुलर द्वारा, आप मूल देश की सरकार या दूतावास को सूचित करते हैं।*

### चौथा आरोपी गिरफ्तार

*45 वर्षीय हरदीप सिंह निज्जर की 18 जून 2023 में ब्रिटिश कोलंबिया के सर्रे में गुरुनानक सिख गुरुद्वारा के बाहर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पहले तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसके एक हफ्ते बाद चौथे आरोपी की भी गिरफ्तारी हो गई।*

---

स्कूलों में विस्फोटक लगाए जाने की धमकी

# स्कूलों में हड़कंप, पुलिस को जांच में नहीं मिली कोई 'संदिग्ध वस्तु'

एजेंसी ▸▸ जयपुर

राजस्थान की राजधानी जयपुर के अनेक स्कूलों को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी ईमेल के जरिये मिली। इससे दोपहर तक पुलिस प्रशासन व अभिभावकों में हड़कंप की स्थिति मची रही। हालांकि पुलिस के अनुसार जांच में कहीं से कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। 2008 में आज ही के दिन जयपुर में सिलसिलेवार विस्फोट हुए थे जिसमें 71 लोगों की मौत हो गई थी और 180 अन्य घायल हुए थे।



### ईमेल भेजने वाले की पहचान की जा रही

शहर के पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने कहा कि पुलिस दल, बम निरोधक दस्ते और श्वान दस्तों को स्कूलों में भेजा गया। स्कूल भवनों की जांच पड़ताल की गई हालांकि कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। उन्होंने कहा कि ईमेल भेजने वाले की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकतर स्कूलों में जांच पूरी हो चुकी है और कोई विस्फोटक नहीं मिला है।

---

भारत और ईरान ने चाबहार में टर्मिनल के दीर्घकालिक परिचालन समझौते पर हस्ताक्षर किए

# अफगानिस्तान, मध्य एशिया और यूरोप के बाजारों तक पहुंचने के लिए मिला नया रास्ता



- भारत करेगा ईरान स्थित चाबहार पोर्ट का प्रबंधन
- भारतीय व्यापार के लिए नया समुद्री रास्ता खुलेगा
- भारतीय अर्थव्यवस्था नए मुकाम पर पहुंचेगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत और ईरान ने चाबहार में स्थित शाहिद बेहश्ती बंदरगाह के टर्मिनल के परिचालन के लिए सोमवार को एक दीर्घकालिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर की गई पोस्ट में यह जानकारी दी।

बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की उपस्थिति में इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड और ईरान के पोर्ट्स एंड मेरिटाइम ऑर्गनाइजेशन ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। यह पहला मौका है जब भारत विदेश में स्थित किसी बंदरगाह का प्रबंधन अपने हाथ में लेगा।

चाबहार बंदरगाह ईरान के दक्षिणी तट पर सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में स्थित है। सोनोवाल ने कहा कि भारत इस डील को लेकर इसलिए भी उत्साहित है क्योंकि इससे भारतीय सामान को अफगानिस्तान और मध्य एशिया के बाजारों तक पहुंचने के लिए एक नया रास्ता मिल गया है। यह नया रास्ता भारत की अर्थव्यवस्था को नए मुकाम पर पहुंचाएगा।

### ओमान की खाड़ी से जुड़ा है चाबहार पोर्ट

चाबहार पोर्ट ओमान की खाड़ी से जुड़ा है। यह ईरान में स्थित पहला डीपवॉटर पोर्ट है। इस ईरान को समुद्री रास्ते से बाकी देशों से जोड़ता है। चाबहार ईरान की सीमा को पाकिस्तान से नजदीक भी जोड़ता है। पाकिस्तान में चीन पहले से ही ग्वादर पोर्ट का निर्माण कर रहा है। चाबहार एयरपोर्ट अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे (आईएनएसटीसी) का भी हिस्सा है। यह एक मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्टेशनल प्रोजेक्ट है जो हिंद महासागर और फारस की खाड़ी को ईरान के माध्यम से कैस्पियन सागर और रूस में सेंट पीटर्सबर्ग के माध्यम से उत्तरी यूरोप तक जोड़ता है।

### नया समुद्री रास्ता खुलेगा

सोनोवाल ने कहा कि चाबहार के शुरू होने से भारत के लिए एक नया समुद्री रास्ता खुलेगा। इससे भारत अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे में ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के साथ आसानी से व्यापार कर सकेगा। दूसरी तरफ यह तेहरान को उस समय भी समुद्री व्यापार करने में काम आएगा जब पश्चिम देश किसी तरह की पाबंदी लगाएंगे। समुद्रीय व्यापार के लिए अब भारत को पाकिस्तान को बायपास करना आसान होगा।

### 2003 से चल रहा काम

भारत और ईरान के बीच चाबहार पोर्ट को लेकर 2003 से काम शुरू हुआ था। जब ईरान के राष्ट्रपति मोहम्मद खातमी भारत आए तो दोनों देशों के बीच इसे लेकर बातचीत हुई। भारत बंदरगाह के लिए मदद देने को राजी हो गया। साल 2013 में, भारत ने चाबहार के विकास के लिए 10 करोड़ डॉलर देने का वादा किया। इसके बाद 2016 में पीएम मोदी ने चाबहार का दौरा किया और भारत, ईरान और अफगानिस्तान ने एक इंटरनेशनल ट्रेड कॉरिडोर के विकास के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसमें चाबहार को सेंट्रल ट्रांजिट पॉइंट के रूप में शामिल किया गया। इसके बाद 2018 में ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी भारत आए, तो दोनों के बीच बंदरगाह में भारत की भूमिका में विस्तार पर बात की थी

---

## खबर संक्षेप

### रूस में बेलोसाउ नए रक्षा मंत्री बनाए गए

**मास्को।** रूस-यूक्रेन सैन्य संघर्ष के बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने अहम प्रशासनिक फेरबदल करते हुए सर्गेई शोइगु को देश के रक्षा मंत्री के पद से हटा दिया है। राष्ट्रपति पुतिन ने उनकी जगह आंद्रेई बेलोसाउ को देश का नया रक्षा मंत्री नियुक्त किया। क्रेमलिन की तरफ से जारी की गई जानकारी के मुताबिक सर्गेई शोइगु के स्थान पर आंद्रेई बेलोसाउ को देश का नया रक्षा मंत्री नियुक्त किया गया है। 2012 से रक्षामंत्री और लंबे समय से पुतिन के सहयोगी रहे।



### मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए

**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए जिनमें दो महिलाएं हैं। पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने कहा कि खुफिया सूचना प्राप्त हुई थी कि नक्सलियों के पेरीमिली दलम के कुछ सदस्य अपने 'टैक्टिकल काउंटर ऑफेंसिव कैंपेन' (टीसीओसी) अवधि के दौरान साजिश को अंजाम देने के उद्देश्य से भामरागढ़ तालुका के कटरांगट्टा गांव के पास एक जंगल में जमा हुए हैं। विशेष दस्ते सी-60 कमांडो की दो इकाइयों ने कार्रवाई की।



---

भारत-फ्रांस संयुक्त सैन्य अभ्यास शक्ति मेघालय में शुरू

# रक्षा सहयोग के साथ द्विपक्षीय संबंधों को भी मिलेगा बढ़ावा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत और फ्रांस के बीच अभ्यास शक्ति का सातवां संस्करण घालय में शुरू हुआ, जिसका उद्देश्य विविध क्षेत्र में अभियान के लिए दोनों पक्षों की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ाना है। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि संयुक्त सैन्य अभ्यास का लक्ष्य दोनों मित्र देशों के बीच रक्षा सहयोग और उनके द्विपक्षीय संबंधों को भी बढ़ावा देना है। 13-26 मई तक आयोजित होने वाला शक्ति अभ्यास दोनों पक्षों को संयुक्त अभियान चलाने की रणनीति साझा करने में सक्षम बनाएगा।



### द्विवार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम

अभ्यास शक्ति एक द्विवार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है जो बारी-बारी से भारत और फ्रांस में आयोजित किया जाता है। इसका पिछला संस्करण नवंबर 2021 में फ्रांस में आयोजित किया गया था।


### राजपूत रेजिमेंट कर रही प्रतिनिधित्व

भारत की 90 कर्मियों वाली टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से राजपूत रेजिमेंट की एक बटालियन के अलावा अन्य टुकड़ियों और सेवाओं के कर्मियों द्वारा किया जा रहा है। भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना के पर्यवेक्षक भी इस अभ्यास का एक हिस्सा बनेंगे। बयान में कहा गया है कि 90 कर्मियों वाली फ्रांसीसी टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से 13वीं फॉरन लेजियन हाफ-ब्रिगेड (13वीं डीबीएलई) के कर्मियों द्वारा किया जाएगा। संयुक्त अभ्यास में अर्द्ध-शहरी और पर्वतीय इलाकों में अभियान पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

---

### करोड़ो की सोने की चोरी करने वाला गिरफ्तार

**ओटावा।** कनाडा में टोरंटो के मुख्य एयरपोर्ट पर भारतीय मूल के 36 वर्षीय शख्स अर्चित ग्रोवर को करोड़ों डॉलर के सोने की चोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 17 अप्रैल, 2023 को उस कंटेनर को नकली कागजी कार्रवाई का उपयोग करके एक गोदाम से चुरा लिया गया था। इस कंटेनर में दो करोड़ 20 लाख कनाडाई डॉलर से अधिक मूल्य की सोने की छड़ें और विदेशी मुद्रा थी। देश के इतिहास की सबसे बड़ी चोरी के इस मामले में करीब एक महीने पहले भी पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था।



---

पीओके में चौथे दिन हड़ताल जारी, एक पुलिस अधिकारी की मौत

# तंगहाल पाकिस्तान देगा 718 करोड़ की ग्रांट

एजेंसी ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में चल रहे प्रदर्शनों के बीच सोमवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में पीओके के पीएम अनवारुल हक, पीएमएल-एन के नेता राजा फारूक हैदर, कश्मीर मामलों के मंत्री अमीर मुकाम और कई प्रमुख राजनेता शामिल हुए। बैठक में पीओके के खराब हालातों पर चर्चा हुई। इसके बाद पीएम शरीफ ने पीओके के लिए 23 अरब पाकिस्तानी रुपए ( 718 करोड़ हिंदुस्तानी रुपए) की ग्रांट की घोषणा की है।



### हिंसक झड़पें हुईं

पीओके में गेहूं के आटे, बिजली की ऊंची कीमतों और अधिक कर के खिलाफ शुरू की गई पूर्ण हड़ताल सोमवार को चौथे दिन भी जारी रही, जिससे पूरे क्षेत्र में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। वहीं, सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई हिंसक झड़पें हुईं।

### दर्जन लोग गिरफ्तार

मुजफ्फराबाद क्षेत्र में बाजार, व्यापार केंद्र, कार्यालय, स्कूल और रेस्तरां बंद रहे। विभिन्न स्थानों में हिंसा होने के बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मुजफ्फराबाद में दर्जनों लोगों को गिरफ्तार किया। मोबाइल फोन और इंटरनेट सेवाएं भी बंद कर दी थीं।

---

भारत ने तनाव के बावजूद मालदीव को की मदद

# 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिलने पर विदेश मंत्री ने शुक्रिया अदा किया

एजेंसी ▸▸ ममाले

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की चीन प्रेमी सोच के बावजूद भारत ने माले को 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर की ट्रेजरी बिल मदद की है। भारत ने यह निर्णय मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर के नई दिल्ली यात्रा के दौरान उनके अनुरोध पर किया।

मालदीव ने इसके लिए भारत का शुक्रिया किया है। भारत ने हमेशा की तरह दिल खोलकर मालदीव की मदद करके पड़ोस प्रथम की भावना को सही साबित किया है। मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने अपने एक्स पोस्ट पर लिखा कि मैं विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और भारत सरकार को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल के रोलओवर के साथ मालदीव को महत्वपूर्ण बजटीय सहायता दी है। यह दोनों देशों के बीच सद्भावना का सच्चा संकेत है जो मालदीव और भारत के बीच दीर्घकालिक मित्रता का प्रतीक है। इस सहायता से मालदीव में बड़ी संख्या में ढांचागत विकास परियोजनाएं और उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजनाएं चल रही हैं। इसमें अनुदान सहायता के रूप में भी भारत का एक उल्लेखनीय हिस्सा शामिल है।



*दिल्ली यात्रा के दौरान किया था अनुरोध, ट्रेजरी बिल के रोलओवर के रूप में मिली सहायता, ढांचागत विकास परियोजनाओं में उपयोग की जाएगी राशि*

### भारतीय विमानों को उड़ाने के लिए सैनिक नहीं

*मालदीप के रक्षा मंत्री घासन मौसून ने माना है कि मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) में कोई भी ऐसा सैनिक नहीं है जो भारतीय सेना द्वारा दान किए गए तीन विमानों का संचालन कर सके। कुछ सैनिकों को पिछली सरकारों के समझौतों के तहत उन्हें उड़ाने का प्रशिक्षण दिया गया था। लेकिन यह ऐसा प्रशिक्षण था जिसमें विभिन्न चरणों को पार करने की जरूरत होती थी। हमारे सैनिक विभिन्न कारणों से इन चरणों को पूरा न कर सके। इसलिए इस समय हमारे बल में कोई भी ऐसा व्यक्ति नहीं है जिसके पास दो हेलीकॉप्टर और डोर्नियर विमान को उड़ाने का लाइसेंस हो।*

### मालदीव ने जारी की अधिसूचना

विदेश मंत्री जमीर ने अपने विदेश मंत्रालय की उस अधिसूचना को भी साझा किया है, जो उसकी वेबसाइट पर जारी की गई है। मालदीव के विदेश मंत्रालय ने लिखा है कि भारत सरकार ने आज मालदीव को 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर की बजट सहायता प्रदान की है। यह सहायता 13 मई 2024 से भारतीय स्टेट बैंक माले के माध्यम से मिली है। इसके तहत 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल के रोलओवर के रूप में एक अतिरिक्त वर्षों के लिए सहायता मिली है।

---

100 के नए नोट पर टिप्पणी मामला

# नेपाल के राष्ट्रपति के आर्थिक सलाहकार ने दिया इस्तीफा

एजेंसी ▸▸ काठमांडू

नेपाल के राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल के आर्थिक सलाहकार ने तीन भारतीय क्षेत्रों को दर्शाने वाले 100 रुपए के नए नोट जारी करने के सरकार के फैसले पर अपनी विवादास्पद टिप्पणी के बाद इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, राष्ट्रपति ने चिरंजीवी नेपाल के इस्तीफे को रविवार को मंजूरी कर लिया।



### राजनयिक स्तर पर बातचीत जारी

चिरंजीवी ने कहा कि इसलिए मैंने, उन कुछ ऑनलाइन समाचार पोर्टल द्वारा की गई कोशिश का नैतिक दायित्व लेते हुए इस्तीफा दिया है, जिन्होंने मेरे बयान के आधार पर राष्ट्रपति को विवाद में शामिल करने का प्रयास किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि बयान में मेरा इरादा एक सजग नागरिक के रूप में लोगों को इस बात से अवगत कराना था कि इस तरह का कृत्य देश एवं लोगों के लिए ऐसे वक्त में व्यावहारिक समस्याएं पैदा कर सकता है, जब (नक्शे के मुद्दे पर) राजनयिक स्तर पर बातचीत की जा रही है।



हरिभूमि रण भूमि लोकसभा

सत्ता संग्राम-2024



# पीएम मोदी, राहुल, अखिलेश, कन्हैया, मेनका सहित कई दिग्गज खुद को नहीं दे पाएंगे अपना वोट

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राहुल गांधी और अखिलेश यादव समेत कई ऐसे नेता हैं जो खुद को अपना वोट नहीं दे पाएंगे। दरअसल ये नेता जहां से चुनाव लड़ रहे हैं वहां की मतदाता सूची में इनके नाम शामिल नहीं है। सात मई को तीसरे चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहमदाबाद और अखिलेश यादव सैफई में मतदान कर चुके हैं जबकि राहुल गांधी का नाम दिल्ली की वोटर लिस्ट में है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

चुनाव में हर वोट बहुमूल्य होता है, लेकिन आज बात करेंगे उन नेताओं की, जो लोकसभा चुनाव 2024 में खुद को ही वोट नहीं दे पाएंगे। इन नेताओं की सूची में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से लेकर अमेठी के प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा तक का नाम शामिल है।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश की वाराणसी लोकसभा सीट से तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। पिछला चुनाव पीएम मोदी ने चार लाख से अधिक मतों से जीता था। मगर वे यहां कभी खुद को वोट नहीं दे सके। इसकी वजह यह है कि पीएम मोदी का नाम अहमदाबाद की मतदाता सूची में दर्ज है। इस बार सात मई को उन्होंने अहमदाबाद के निशान हायर सेकेंडरी स्कूल अपना मतदान किया था।

### राहुल गांधी



केरल की वायनाड के बाद उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी खुद को अपना वोट नहीं दे पाएंगे। राहुल गांधी दिल्ली के मतदाता हैं। राहुल गांधी का नाम 40-न्यू दिल्ली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में क्रम संख्या 705 और भाग संख्या 62 में दर्ज है।

### अखिलेश यादव



उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव 12 साल बाद कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। उनके सामने भाजपा प्रत्याशी और मौजूदा सांसद सुब्रत पाठक हैं। अखिलेश यादव कन्नौज में खुद को अपना वोट नहीं दे सकेंगे। दरअसल, सात मई को उन्होंने अपने पैतृक गांव सैफई में मतदान किया। सैफई मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। यहां से उनकी पत्नी डिंपल यादव मैदान में हैं। अखिलेश यादव का नाम जसवंतनगर विधानसभा की मतदाता सूची में है।

### मेनका गांधी



आठ बार से भाजपा सांसद मेनका गांधी भी खुद को वोट नहीं डाल पाएंगी। इस बार वे सुल्तानपुर लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में हैं। मेनका गांधी का नाम 40- नई दिल्ली विधानसभा की मतदाता सूची में भाग संख्या 63 के क्रम संख्या 248 में दर्ज है।

### यूसुफ पठान



क्रिकेटर यूसुफ पठान को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने पश्चिम बंगाल की बहरामपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के खिलाफ उतारा है। यूसुफ पठान का नाम भी उन नेताओं में शामिल है, जो खुद को वोट नहीं कर पाएंगे। दरअसल, यूसुफ पठान का नाम गुजरात की अकोटा विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में क्रम संख्या 1248 और भाग संख्या 135 में दर्ज है।

### कन्हैया कुमार



उत्तर-पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस प्रत्याशी कन्हैया कुमार भी अपने आपको वोट नहीं डाल सकेंगे। कन्हैया कुमार का नाम बेगूसराय लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में दर्ज है। वहीं उनके खिलाफ उतरे भाजपा प्रत्याशी मनोज तिवारी खुद को अपना वोट डाल सकेंगे।

### कीर्ति आजाद



बर्धमान-दुर्गापुर लोकसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस प्रत्याशी कीर्ति आजाद भी खुद को वोट नहीं कर पाएंगे। आजाद का नाम 48 आंबेडकर नगर दिल्ली की मतदाता सूची में क्रम संख्या 493 और भाग संख्या 138 में प्रविष्ट है।

### शत्रुघ्न सिन्हा



पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट से शत्रुघ्न सिन्हा दूसरी बार चुनाव मैदान में हैं। सिन्हा भी खुद को वोट नहीं कर पाएंगे। दरअसल, सिन्हा का नाम बिहार की बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में क्रम संख्या 726 और भाग संख्या 380 में नाम दर्ज है।

### साध्वी निरंजन ज्योति



उत्तर प्रदेश की फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति भी खुद को वोट नहीं दे पाएंगी। निरंजन ज्योति के सामने सपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल और बसपा से मनीष सचान हैं। निरंजन ज्योति का नाम 228-हमीरपुर विधानसभा की मतदाता सूची में भाग संख्या 112 और क्रम संख्या 525 में दर्ज है।

### किशोरी लाल शर्मा



कांग्रेस ने इस बार किशोरी लाल शर्मा को अमेठी लोकसभा क्षेत्र से अपना प्रत्याशी बनाया है। उनके सामने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी हैं। खास बात यह है कि किशोरी लाल शर्मा अमेठी में खुद को अपना वोट नहीं कर सकेंगे। दरअसल, किशोरी लाल शर्मा का नाम 63-लुधियाना केंद्रीय विधानसभा में क्रम संख्या 3 और भाग संख्या 163 में दर्ज है।

## सोशल मीडिया

### इंडी गठबंधन की मति भ्रष्ट हो चुकी है', मोदी बनेंगे तीसरी बार प्रधानमंत्री




**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केजरीवाल सहित 'इंडिया' गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। राजनाथ सिंह ने एक लंबा पोस्ट एक्स पर किया। जिसमें उन्होंने केजरीवाल और इंडी गठबंधन पर निशाना साधा। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, आप नेता अरविंद केजरीवाल जी ने जेल से अंतरिम जमानत पर छूटने के बाद, आज भाजपा के बारे में जिस तरह की अनर्गल बातें की हैं उससे यह साफ दिखने लगा है कि इस चुनाव में भाजपा और एनडीए गठबंधन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में शानदार विजय प्राप्त करने जा रहा है।

### 20 दिन से लापता सूरत के कांग्रेस प्रत्याशी सामने आए



**सूरत।** कांग्रेस से निलंबित हो चुके सूरत से पार्टी के प्रत्याशी निलेश कुंभानी ने चौंकाने वाले दावे किए हैं। कुंभानी 20 दिन तक लापता रहने के बाद शनिवार रात सामने आए। कुंभानी ने कहा कि कांग्रेस नेता मुझ पर धोखा देने का आरोप लगा रहे हैं। हालांकि, पहले कांग्रेस ने ही मेरे साथ विश्वासघात किया। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में सूरत के कामरेज विधानसभा से चुनाव लड़ने के लिए मेरा टिकट फाइनल हो गया था लेकिन अंतिम समय में मेरा टिकट काट दिया गया था।

## अब पुष्पा झुकेगा भी, आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज



**नंदयाला।** साउथ हीरो अल्लू अर्जुन की लोकप्रिय फिल्म पुष्पा का एक डॉयलाग बहुत फेमस है कि पुष्पा झुकेगा नहीं, लेकिन आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच अभिनेता अल्लू अर्जुन ऐसे विवाद में घिर गए कि उन्हें अब कानून के सामने झुकना ही पड़ेगा। दरअसल अल्लू अर्जुन के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है। अल्लू अर्जुन के साथ ही वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के विधायक रवि चंद्र किशोर रेड्डी के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। रेड्डी के आवास पर बिना पूर्व अनुमति के एक बड़ी सार्वजनिक बैठक आयोजित करने की वजह से चुनाव आयोग ने यह एक्शन लिया है।

### विधायक रेड्डी ने अल्लू अर्जुन को बुलाया था

दरअसल, रेड्डी ने नंदयाला विधानसभा क्षेत्र में अल्लू अर्जुन को बुलाया। विधायक के समर्थन में अल्लू अर्जुन ने चुनावी सभा में हिस्सा लिया, लेकिन रेड्डी ने इसके लिए चुनाव आयोग से इजाजत नहीं ली थी। चुनाव आयोग ने इसे आचार संहिता का उल्लंघन माना। इसे लेकर नंदयाला ग्रामीण के उप-तहसीलदार पी. रामचंद्र राव द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी। रामचंद्र राव को चुनाव आयोग ने नंदयाला निर्वाचन क्षेत्र में चुनावी गतिविधियों की निगरानी का काम सौंपा गया है।

## 'पीएम मोदी ने 4-5 लोगों को दे दी देश की पूरी संपत्ति'



**रायबरेली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रायबरेली में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की संपत्ति 4-5 लोगों को सौंप दी। यहां तक कि उन्होंने नोटबंदी भी लागू कर दी, जिससे छोटे व्यवसायों और महिलाओं को बहुत परेशानी हुई। उन्होंने कहा, इन 10 वर्षों में आपकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है, लेकिन आपको न्यूज चैनलों पर सारी अच्छी चीजें दिखाई जाती हैं। ज्ञात हो कि रायबरेली सिट से कांग्रेस ने राहुल गांधी को अपना उम्मीदवार बनाया है, जबकि यहां से बीजेपी ने दिनेश प्रताप सिंह को चुनावी मैदान में उतारा जबकि बसपा ने यहां से ठाकुर प्रसाद यादव को टिकट दिया है। रायबरेली सीट पर बीजेपी और कांग्रेस के बीच टक्कर होने की संभावना जताई जा रही है। यहां कांग्रेस से राहुल गांधी और भाजपा से दिनेश प्रताप सिंह प्रत्याशी हैं।

### पीएम ने कभी भी गांव का दौरा नहीं किया

कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने रायबरेली से कांग्रेस उम्मीदवार राहुल गांधी के पक्ष में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी पर आरोप लगाया कि पिछले 10 वर्ष में उन्होंने एक बार भी किसी गांव का दौरा नहीं किया या किसी किसान से उसकी समस्याएं नहीं पूछीं। उन्होंने कहा कि मोदी को सिर्फ अपने अमीर मित्रों की चिंता है देश की नहीं।

**कांग्रेस और बीआरएस ने भी एआईएमआईएम की राह में बिछाए कांटे**

# हॉट सीट हैदराबाद : दिलचस्प चुनावी जंग में ओवैसी का सियासी किला दरकाने में जुटी भाजपा

*लोकसभा चुनाव में तेलंगाना की हैदराबाद लोकसभा सीट इतनी महत्वपूर्ण है कि इस पर सबकी नजरे लगी है। जबकि दक्षिण भारत में अपनी पार्टी का विस्तार करने के लक्ष्य में भाजपा का हैदराबाद लोकसभा सीट पर विशेष फोकस है, जहां चार दशक से ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन यानी एआईएमआईएम यानी ओवैसी खानदान काबिज है।*

ओ.पी. पाल. ▶▶| नई दिल्ली

इस सीट पर लगातार चार जीत हासिल करने वाले एआईएमआईएम प्रमुख असदुदीन ओवैसी पांचवीं बार लोकसभा पहुंचने की तैयारी में है, लेकिन इस बार यहां भाजपा, कांग्रेस और बीआरस ने घेराबंदी करके उनके सामने कड़ी चुनौती पेश कर दी है। मसलन इस बार ओवैसी खानदान का सियासी गढ़ दरकता नजर आ रहा है, हालांकि यह तो चुनावी नतीजों से ही तय होगा कि यहां का सियासी ऊंट किस करवट बैठेगा? तेलंगाना के 17 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से एक हैदराबाद सीट पर 13 मई सोमवार को चुनाव होगा इस सीट पर 30 प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं।

### भाजपा ने माधवी पर, इंडी ने मुस्लिम पर खेला दांव

भाजपा इस सीट पर अब तक एक भी बार जीत का स्वाद नहीं चख सकी है, इसके बावजूद लोकसभा चुनाव में एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी को चुनौती देने के लिए जहां भाजपा ने हैदराबाद में विरिंची अस्पताल की प्रमुख एवं भारतनाट्यम की प्रसिद्ध नृत्यांगना माधवी लता को चुनावी जंग में उतारा है, तो वहीं कांग्रेस पार्टी के मोहम्मद वलीउल्लाह समीर और बीआरएस) के गद्दाम श्रीनिवास यादव को उतारकर मुकाबले को चतुष्कोणीय समीकरण में धकेल दिया है।



### ओवैसी को मुस्लिम मतों के विभाजन का खतरा

माना जा रहा है कि हैदराबाद सीट पर 60 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता होने के बावजूद ओवैसी के सामने इस बार कड़ी चुनौती पेश आ रही है, इसका कारण भी साफ है कि तेलंगाना में एआईएमआईएम से दोस्ती का बखान करने वाली कांग्रेस ने मुस्लिम प्रत्याशी उतारकर मुस्लिम मतों में विभाजन के हालात पैदा कर दिये, जिसका लाभ सीधे भाजपा को मिलने की उम्मीद है।

**सांसद चुनेंगे 2,21,7094 वोटर**

लोकसभा चुनाव में किस्मत आजमा रहे 30 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला 2,21,7094 मतदाताओं का चक्रव्यूह बना हुआ है, जिसमें 1,12,5 हजार 310 पुरुष, 1,91 लाख ,587 महिला और 107 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। इस सीट पर चुनाव आयोग ने 129 से अधिक दिव्यांगो व सीनियर सिटीजन के घर जाकर वोटिंग कराने की प्रक्रिया पूरी कर ली है।

### 7 विधानसभा में 6 में एआईएमआईएम के विधायक

तेलंगाना के 17 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से एक हैदराबाद सीट पर 13 मई सोमवार को चुनाव होगा। इस महत्वपूर्ण सीट के दायरे में सात विधानसभा क्षेत्र मलकपेट, कारवां, गोशामहल, चारमीनार, चंद्रयानगुट्टा, याकूतपुरा और बहादुरपुरा सहित सात विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। इनमें गोशामहल विधानसभा सीट पर ही भाजपा का विधायक है, जबकि बाकी छह सीटो पर एआईएमआईएम के निर्वाचित विधायक हैं।

### इन दिग्गजों के बीच चुनावी जंग

तेलंगाना की हैदराबाद सीट पर एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ भाजपा की कोम्पेला माधवी लता, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहम्मद वलीउल्लाह समीर और बीआरएस के गद्दाम श्रीनिवास यादव के बीच मुख्य मुकाबला है। इस सीट पर एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी पिछले चार बार से लगातार सांसद हैं। उससे पहले छह बार उनके पिता सुलतान सलाउद्दीन ओवैसी का हैदराबाद सीट पर लगातार कब्जा रहा है। हालांकि इस सीट पर एआईएमईपी की नौहेरा शेख, बसपा के केएस कृष्णा समेत 30 प्रत्याशी चुनावी जंग में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

### हैदराबाद सीट का सियासी सफर

साल 2019 के लोकसभा चुनाव में एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी ने भाजपा के डॉ. भगवंत राव को 2,82,186 मतों के अंतर से हराकर लगातार चौथी बार लोकसभा में दस्तक दी थी। जबकि यहां सत्तारूढ रही बीआरएस के प्रत्याशी पुस्ते श्रीकांत तीसरे पायदान पर रहे। मौजूदा सांसद असदुद्दीन ओवैसी इस सीट से इससे पहले 2014, 2009 और 2004 का चुनाव भी जीत चुके हैं।

## राहुल ने स्वीकारा मोदी से डिबेट का न्यौता सोशल मीडिया में ट्रेंड हुआ- हू इज राहुल गांधी?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रविवार सुबह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अचानक हू इज राहुल गांधी? ट्रेंड करने लगा। इसकी वजह भी बेहद दिलचस्प है। दरअसल, राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी के साथ ओपन डिबेट करने की चुनौती स्वीकार करने की बात कही। इस पर जहां भाजपा ने पलटवार किया वहीं, सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई और लोग पूछने लगे राहुल गांधी हैं कौन, जो पीएम मोदी से बहस की चुनौती को स्वीकार कर रहे हैं।

तीन हस्तियों ने दिया था ओपन डिबेट का न्यौता देश की तीन जानी मानी हस्तियों सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज मदन बी लोकुर, दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस अजीत पी शाह और द हिंदू के पूर्व एडिटर इन चीफ एन राम ने तीन दिन पहले पीएम मोदी और राहुल गांधी को एक मंच पर बहस करने खत लिखा था।



### अमित मालवीय ने भी कांग्रेस नेता पर साधा निशाना

बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा कि अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिलने के बाद राहुल गांधी अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए बेचैन हैं। वह अपनी क्षमता से ज्यादा वजन उठाने में लगे गए हैं। डिबेट करना अच्छा है। लेकिन, दूसरा कोई क्यों नहीं, क्यों सिर्फ सिटिंग पीएम को राहुल गांधी के साथ डिबेट करना चाहिए। ना तो राहुल गांधी कांग्रेस के अध्यक्ष और ना ही इंडी अलाएंस का पीएम फेस।

## संदेशखाली पर झूठ फैलाने से बेहतर है मोदी राज्यपाल को बदलें : ममता बनर्जी

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संदेशखाली मुद्दे पर झूठ फैलाने के बजाय पश्चिम बंगाल के राज्यपाल को बदल देना चाहिए। रविवार को उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर लोकसभा क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार पार्थ भौमिक के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा,"प्रधानमंत्री संदेशखाली मुद्दे पर लगातार झूठ बोल रहे हैं। महिलाएं कोलकाता राजभवन जाने से डरती हैं : प्रधानमंत्री का प्रतिनिधि कोलकाता के राजभवन में है। महिलाएं वहां जाने से डरती हैं। राज्यपाल के कुछ कार्यों के संबंध में आई खबरों के कारण मैं भी राजभवन में प्रवेश नहीं कर सकती। प्रधानमंत्री को राज्यपाल सीवी आनंद बोस को बदल देना चाहिए।" इससे पहले, प्रधानमंत्री ने बैरकपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए संदेशखाली में कुछ महिलाओं द्वारा यौन उत्पीड़न की शिकायतों को वापस लेने का जिक्र किया था।



### टीएमसी के 'गुंडे' महिलाओं को डराते हैं : मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा,"संदेशखाली में अब एक नया खेल चल रहा है। तृणमूल के 'गुंडे' प्रदर्शनकारी महिलाओं को अपनी शिकायत वापस लेने की धमकी दे रहे हैं, क्योंकि मामले का मुख्य आरोपी टीएमसी नेता शेख शाहजहां है। तृणमूल कांग्रेस उसे क्लीन चिट देना चाहती है। राज्य सरकार शुरू से ही उसे बचाने की कोशिश कर रही है।"

**लोकसभा चुनाव के बीच राजनेताओं में बयानबाजी का दौर**

# भाजपा की वो नेत्रियां जिनका कॉन्ट्रोवर्सी से है गहरा कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के बीच राजनेताओं के बयानबाजी का दौर चल पड़ा है, जहां कुछ बयान आरोप-प्रत्यारोप तक खत्म हो जा रहे हैं तो वहीं कुछ बयान नया विवाद खड़ा कर देते हैं और वर्तमान में विवाद खड़ा भी कर रहे हैं। इस कड़ी में आज हम भारतीय जनता पार्टी की 9 ऐसी महिला नेत्रियों की बात करने जा रहे हैं जिनका कॉन्ट्रोवर्सी से बड़ा गहरा कनेक्शन है। ये ऐसी नेत्रियां हैं जिन्होंने जब भी कोई बयानबाजी की उसके बाद विवाद अवश्य ही खड़ा हुआ है। हालांकि पार्टी ने भी उन्हें कई बार बड़बोला न बनने की समझाइश दी है मगर उसके बाद भी इनके बयानों में कहीं कोई कमी नहीं आई है। बता दें कि बीजेपी की ओर से जब भी ये नेत्रियां कोई भी बयान देती हैं तो एक नया विवाद खड़ा कर देती हैं।

### नूपुर शर्मा



बीजेपी की प्रवक्ता रही नूपुर शर्मा जो की अपने बयानों के चलते राष्ट्रीय ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी चर्चा का विषय बनी रहती हैं। साल 2022 में नूपुर शर्मा ने पैगंबर मोहम्मद को लेकर बयान दिया था जिसके बाद देश भर में उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए। वहीं भाजपा ने लगातार विरोध प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया था।

### बांसुरी स्वराज



भाजपा नेत्री तथा पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज पहली बार चुनावी मैदान में डेब्यू करने जा रही हैं और नई दिल्ली लोकसभा सीट से बीजेपी की उम्मीदवार हैं। बांसुरी दिल्ली में बीजेपी सेक्रेटरी भी हैं और अक्सर विपक्ष के खिलाफ बयानबाजी को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। हाल ही में जब कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव को लेकर अपना मैनिफेस्टो जारी किया तो बांसुरी स्वराज ने न सिर्फ घोषणा पत्र को मजाक बताया बल्कि तस्वीरों को दूसरे देश से उठाकर चिपकाने का आरोप भी लगाया जिसके बाद विवाद मच गया था।

### स्मृति ईरानी



अमेठी की मौजूदा सासंद और मौजूदा लोकसभा चुनाव में इसी सीट पर बीजेपी की उम्मीदवार स्मृति ईरानी का नाम भी इस लिस्ट में आता है। स्मृति ईरानी 2014 से ही राहुल गांधी के खिलाफ अटैकिंग मोड में नजर आती रही हैं और उनके बयान अक्सर चर्चा में रहते हैं। वाराणसी को लेकर जब राहुल गांधी ने नशे को लेकर निशाना साधा था तो स्मृति ईरानी ने सोनिया गांधी को लपेटे में लेते हुए कहा था कि अगर आप अच्छी परवरिश नहीं दे सकती तो कम से कम धार्मिक स्थलों पर आपत्तिजनक टिप्पणी न करने के बारे में ही समझा दें। इससे पहले जब राहुल गांधी ने सदन में मजाकिया लहजे में आंख मारी थी उस पर भी ईरानी ने उन्हें आड़े हाथ लिया था।

### नवनीत कौर राणा



अमरावती की सीट से बीजेपी की उम्मीदवार नवनीत कौर राणा का हालिया बयान सबसे ज्यादा चर्चा में बना हुआ है जिसमें उन्होंने अकबरुद्दीन ओवैसी के 2013 में दिए गए विवादित और भड़काऊ भाषण का जिक्र किया और कहा कि वो 15 मिनट मांगते हैं और हम कहते हैं कि अगर पुलिस को 15 सेकंड के लिए हटा दिया जाय तो भाइयों का पता नही चलेगा के वे कहां से आए और कहां चले गए।

### कंगना रानौत



बॉलीवुड अभिनेत्री से राजनीति में एंट्री करने वाली कंगना रानौत हिमाचल के मंडी से चुनावी मैदान में हैं। कंगना की बात करें तो वो राजनीति में आने से पहले से ही अपने बयानों को लेकर चर्चा में रही हैं। टिकट मिलने के बाद उन्होंने यह भी दावा किया कि अगर वो चुनाव जीत जाती हैं तो फिल्मों को छोड़कर अपने काम पर फोकस करेंगी।

## अपने निकटतम प्रतिद्वंदी निवर्तमान अध्यक्ष संजय वर्मा को 353 मतों से किया पराजित

# हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के अध्यक्ष पद पर अधिवक्ता डीके जैन निर्वाचित

## 13 पदों के लिए कुल 72.4 प्रतिशत हुआ मतदान : शेष 12 पदों की मतगणना आज से होगी प्रारम्भ

**जबलपुर।** हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के चुनाव में अध्यक्ष पद पर अधिवक्ता डीके जैन निर्वाचित हो गए हैं। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी निवर्तमान अध्यक्ष अधिवक्ता संजय वर्मा को 353 मतों से पराजित कर दिया। नव निर्वाचित अध्यक्ष डीके जैन को कुल 772 मत मिले थे, जबकि पूर्व अध्यक्ष संजय वर्मा महज 419 मतों पर सिमट गए। अध्यक्ष पद पर इन दोनों के अलावा मुकाबले को सप्तकोणीय बनाते हुए पांच प्रत्याशी और मैदान में थे। इनमें से सुनील चौबे को 336, रमन पटेल को 120, प्रवीण वर्मा को 107, केके पांडेय को 78, आनंद चावला को 71 मत मिले।

### 2682 में से 1944 वकीलों ने किया मताधिकार का प्रयोग

मुख्य चुनाव अधिकारी दिनेश उपाध्याय ने बताया कि हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर की नवीन कार्यकारिणी के चुनाव अंतर्गत सोमवार, 13 मई को सुबह साढ़े 10 से सायंकाल पांच बजे तक मतदान हुआ। मतदाता सूची में शामिल कुल 2682 में से 1944 वकीलों ने किया मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह मतदान का प्रतिशत 72.4 प्रतिशत रहा। संपूर्ण मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। चुनाव समिति के सभी सदस्य सुबह से शाम तक अपनी जिम्मेदारियों को लेकर सजग रहे। इसी वजह से किसी तरह की कोई शिकायत सामने नहीं आई। मतदान प्रक्रिया बिना ब्रेक चलती रही।

### अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों की मांग पर लिया गया मतगणना का निर्णय

मुख्य चुनाव अधिकारी दिनेश उपाध्याय ने बताया कि पूर्व में ही घोषणा कर दी गई थी कि संभवतः मतदान के ही दिन सायंकाल से देर रात तक अध्यक्ष पद की मतगणना को पूर्ण कर लिया जाएगा। इसी आधार पर अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों की ओर से उठी मांग को स्वीकार करते हुए मतपेटियों से अध्यक्ष पद के मतपत्रों के बंडल निकालकर जमाने का कार्य सायंकर सात बजे से प्रारंभ कर दिया गया। मतगणना टीम अपने काम में जुट गई। लिहाजा, रात्रि नौ बजे अध्यक्ष पद का परिणाम सामने आ गया।







### सचिव सहित अन्य पदों पर इनका भाग्य मतपेटियों में हुआ कैद, आज से एक-एक कर सामने आएंगे विजेता :

सचिव पद पर निवर्तमान सचिव परितोष त्रिवेदी के अलावा असीम त्रिवेदी, अशोक कुमार गुप्ता व ओपी अग्निहोत्री के बीच चतुष्कोणीय मुकाबला है। उपाध्यक्ष पद के लिए 14 उम्मीदवार मैदान में हैं, इनमें देवेन्द्र कुमार शर्मा, प्रकाश गुप्ता, मुकेश मिश्रा, ज्ञानेन्द्र पटेल, योगेश मोहन तिवारी, घनश्याम पांडे, प्रमेन्द्र सेन, नरेन्द्र कुमार शर्मा, सुशील कुमार मिश्रा, विश्वास पलिया, अमित जैन, शम्भुदयाल गुप्ता, प्रशांत अवस्थी व अनीता कैथवास शामिल हैं। सह सचिव पद के लिए योगेश सोनी, जितेन्द्र श्रीवास्तव, लवकुश मिश्रा, दीपक सिंह मैदान में है। कोषाध्यक्ष पद के लिए संगीता नायडू, राजेन्द्र प्रताप सिंह, सुरेन्द्र खरे, धर्मेन्द्र कुमार पांडे व पुस्तकालय सचिव पद के लिए अजय शुक्ला, पुष्पेन्द्र वर्मा, रजनीश उपाध्याय, अमन शर्मा मैदान में है। कार्यकारिणी सदस्य के लिए गरिमा तिवारी, विनोद मिश्रा, हरीश शुक्ला, राजरूप पटेल, प्रेमनारायण वर्मा, कृष्णकुमार द्विवेदी, विवेक कुमार पांडे, अनुराग पटेल, शेषमणि मिश्रा, तीरथ प्रसाद जायसवाल, मुनेन्दर, सुनील कुमार गौतम, सपना तिवारी, अतुल सिंह भारद्वाज, प्रियंक चंसोरिया, नीरज पाठक, मनोज कुशवाहा, संदीप कुमार दुबे, अनुपम भट्ट, संजय कुमार मालवीय, रविन्द्र प्रताप सिंह, आजाद श्रीवास्तव, डा. वीरेन्द्र कुमार दुबे, स्मिता कहेरी व रूपेश सिंह के बीच मुकाबला है। इन सभी के भाग्य सोमवार को मतपेटियों में कैद हो गए। मंगलवार से परिणाम क्रमशः सामने आने लगेंगे। दरअसल, सर्वाधिक समय कार्यकारिणी के सात पदों की मतगणना में लगता है। इसीलिए संपूर्ण कार्यकारिणी की घोषणा में लगभग एक सप्ताह का समय लग जाता है।

# यूजीसी और केंद्र सरकार को लीगल नोटिस भेजा

**जबलपुर।**

**फर्जी मानद उपाधि मामले में जांच कराने की मांग**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 की धारा 22 में स्पष्ट रूप से यह प्रावधान है कि यूजीसी से मान्यताप्राप्त संस्थान ही उपाधियां दे सकते है परंतु देश में सैकड़ों ऐसे संस्थान है जो शैक्षणिक कार्य नही करते अपितु एनजीओ है या एमएस एमई में दर्ज व्यापारिक संस्थान है वह धड़ल्ले से डॉक्टरेट की मानद उपाधि बेच रहें है जो की पूर्णत नियम विरुद्ध है महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि कई विदेशी संस्थान भी देश में कुछ शिक्षा कार्य में संलग्न स्टार्टअप के सहयोग से इसमें शामिल है।मनीष शर्मा प्रदेश संयोजक नागरिक उपभोक्ता मंच तथा प्रदेश अध्यक्ष आरटीआई विंग आम आदमी पार्टी ने बताया की विगत कुछ वर्षों से सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म में ऐसे संस्थानों के विज्ञापनों की बाढ़ आई हुई है जिनका यूजीसी से कोई भी लेना देना नहीं है, केंद्रीय उच्च शिक्षा विभाग तथा यूजीसी की लापरवाही के फलस्वरुप यह स्थिति उत्पन्न हो गई है, कोई भी रिकॉर्ड किसी भी सरकारी संस्थान के पास नही है कि कितने हजार लोगों को यह फर्जी मानद उपाधि बेच दी गई है।मनीष शर्मा, प्रफुल्ल सक्सेना, राकेश चक्रवर्ती ने बताया कि यूजीसी तथा केंद्रीय उच्च शिक्षा विभाग को लीगल नोटिस भेजकर यूजीसी अधिनियम 1956 के प्रावधानों का पालन करने तथा फर्जी संस्थानों और उनकी फर्जी मानद उपाधियां की जांच करने हेतु तत्काल उच्च स्तरीय समिति बनाने की मांग की है नोटिस में स्पष्ट किया है यदि नोटिस प्राप्ति के एक माह के अंदर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जाती गंभीर मामले को उच्च न्यायालय के संज्ञान में लाया जाएगा।

# आईपीएल क्रिकेट का सट्टा खिलाते सटोरिया गिरफ्तार

**जबलपुर।** माढोताल थाना अतंर्गत समदड़िया स्कूल के सामने ग्रीनसिटी में आईपीएल क्रिकेट का सट्टा खिलाते हुए एक सटोरिए को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तीन मोबाइल और नगदी 485 रुपए जब्त किए है। माढोताल थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार ने बताया कि समदड़िया स्कूल के पीछे ग्रीन सिटी माढोताल निवासी 33 वर्षीय आकाश उर्फ लिट्टी जैन गत रात समदड़िया स्कूल के पीछे ग्रीन सिटी में आईपीएल क्रिकेटी मैच का सट्टा लिख रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी आकाश उर्फ लिट्टी जैन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से ओप्पो, रेडमी और वन प्लस कम्पनी के तीन मोबाइल, एक सट्टा पट्टी और नगदी 485 रुपए जब्त किए है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 4(क) सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## हमले में छोटू चौबे का कान चोटिल

# जेल में दो गैंगस्टरों के बीच जमकर मारपीट

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश की सबसे सुरक्षित जेल में गिनी जाने वाली नेता जी सुभाष चंद्र बोस केंद्रीय कारागार जबलपुर (सेंट्रल जेल) के अंदर दो गैंगस्टरों के बीच जमकर हाथापाई हुई। इसमें एक गैंगस्टर ने दूसरे गैंगस्टर पर किसी धारदार चीज से हमला कर दिया। इस घटना की खबर मिलते ही जेल में खलबली मच गई और तमाम जेल अधिकारी हूटर बजते ही मौके पर पहुंच गए। घायल को जेल के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां पर बड़ा सवाल यह है कि जेल के अंदर धारदार हथियार पहुंचा कैसे। जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह सेंट्रल जेल में कैदियों के बीच मारपीट में एक ने दूसरे पर धारदार हथियार से कान काट दिया। जेल के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जेल प्रबंधन में हड़कंप मच गया और सुरक्षाकर्मी व जेल के अधिकारी मौके पर



पहुंचे और स्थिति को संभाला। जानकारी के मुताबिक हिस्ट्रीशीटर बदमाश संजय उर्फ सारंग ने गैंगस्टर छोटू चौबे पर हमला कर दिया। छोटू के कान में गंभीर चोटें आई हैं और उसे जेल अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है। इस घटना के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है।

पुलिस जेल अधीक्षक अखिलेश तोमर ने बताया घटना पौने दस बजे हुई। छोटू चौबे पर संजय उर्फ़ सारंग ने धारदार पट्टी से हमला किया जिससे छोटू को चोट आई खून निकला। छोटू को प्राथमिक उपचार देकर पेशी में भेज दिया है दोनों को अब अलग जेल में रखा जायेगा। आरोपित का कहना है कि छोटू ने उसे फर्जी मामले में फँसाया था जिसके बदले में उसने उस पर हमला किया।

### कहां से पहुंचा हथियार

इस पूरी घटना के बाद सबसे बड़ा सवाल यही है कि यदि हमला धारदार हथियार से हुआ है तो हथियार कहां से पहुंचा। जेल प्रशासन का दावा होता है कि बाहर का कोई सामान अंदर नहीं जा सकता। फिर जांच के बावजूद जेल में हथियार कैसे पहुंच गया। गौरतलब है कि पहले भी कई बार इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। प्रतिबंधित चीजे जेल के अंदर लगातार मिलती रहीं हैं।

## हाई कोर्ट ने निरस्त की परियोजना समन्वयकों की याचिका

**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने मप्र उद्यमिता विकास केंद्र, भोपाल में कार्यरत परिजयोना समन्वय रविकांत मिश्रा व मनोज सक्सेना की याचिकाएं निरस्त कर दीं। दोनों ने अनिवार्य सेवानिवृत्ति को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की एकलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई।

**अनिवार्य सेवानिवृत्ति को दी थी चुनौती**

इस दौरान मप्र उद्यमिता विकास केंद्र की ओर से अधिवक्ता भरत सिंह व पंकज दुबे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि दो जनवरी, 2024 को जारी आदेश के जरिये याचिकाकर्ताओं को अनिवार्य सेवानिवृत्त कर दिया गया था। ऐसा इसलिए क्योंकि इनके संपूर्ण सेवा रिकार्ड की जांच के बाद इनका प्रदर्शन संतोषजनक नहीं पाया गया था। उनके प्रदर्शन को कभी बहुत अच्छा या उत्कृष्ट का दर्जा नहीं मिला। हमेशा औसत या औसत से नीचे की श्रेणी में रखा गया। इससे साफ है कि याचिकाकर्ताओं ने हमेशा दिए गए लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में संपूर्ण मनयोग से कार्य नहीं किया। इस तरह उनकी कर्त्तव्यनिष्ठा प्रश्नवाचक ही नहीं संदेहास्पद भी बन गई। इसीलिए मप्र उद्यमिता विकास केंद्रने विनियम, 1991 के खंड-31(1) का आश्रय लेते हुए याचिकाकर्ताओं को अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त करने का आदेश जारी किया, जिसमें कोई अवैधता नहीं है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि स्क्रीनिंग कमेटी का याचिकाकर्ताओं को अनिवार्य रूप से सेवनिवृत किए जाने का निर्णय स्पेशल रिव्यू कमेटी की सिफारिशों पर आधारित है।

## चेक बाउंस मामले में 5 करोड़ के मुआवजे की राशि का आदेश निरस्त

**जबलपुर।** हाइकोर्ट के जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने पिता की मृत्यु के बाद उनके वारिसानों से चेक बाउंस के मामले में 5 करोड़ के मुआवजे की राशि की वसूली आदेश को निरस्त कर दिया। हाईकोर्ट ने अपीलीय कोर्ट को अपील पुनर्जीवित करने और मृतक चन्नी रंधावा के वारिसानों को सुनवाई का पूरा मौका देते हुए 90 दिन के भीतर अपील का निराकरण करने कहा।इटारसी में रहने वाले हरप्रीत रंधावा और सिमरन रंधावा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आरएस जायसवाल ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि इटारसी की एक कोर्ट ने हरप्रीत के पति चन्नी रंधावा को चेक बाउंस के मामले में एक वर्ष के कारावास की सजा और 5 करोड़ का जुर्माना लगाया था। चन्नी ने अपील पेश की। न्यूनतम राशि जमा नहीं करने पर अपीलीय कोर्ट ने चन्नी को जेल भेज दिया। जेल में रहते हुए उनकी मृत्यु हो गई। इस पर अपीलीय कोर्ट ने अपील निरस्त कर दी, लेकिन यह निर्धारित किया कि मृतक के वारिसानों से मुआवजे की राशि वसूली जा सकती है। इस पर चेक बाउंस मामले के मूल शिकायतकर्ता ने मुआवजे की वसूली के लिए जेएमएफसी कोर्ट में कुर्की के लिए आवेदन किया। इस पर कोर्ट ने मृतक की पत्नी हरप्रीत और पुत्री सिमरन को आरोपी दर्शाते हुए समन जारी कर दिया। इसलिए उक्त दोनों कोर्ट के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई।

## पांच हजार जुर्माने सहित निरस्त की याचिका, एक माह में जुर्माना न भरा तो होगी अवमानना कार्रवाई

# हाई कोर्ट ने सुनवाई आगे बढ़ाने बोले गए झूठ पर बरती सख्ती

**जबलपुर।**

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति जीएस अहलुवालिया की एकलपीठ ने मामले की सुनवाई आगे बढ़ाने झूठ बोले जाने के रवैये को आड़े हाथों लिया। इसी के साथ याचिका पांच हजार जुर्माना सहित निरस्त कर दी। यही नहीं एक माह के भीतर जुर्माना राशि अदा न करने की सूरत में अवमानना कार्रवाई की भी व्यवस्था दे दी। इस सिलसिले में हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं।

दरअसल, केयर हेल्थ इंश्योरेंस, गुरुग्राम ने जबलपुर निवासी 71 वर्षीय महिला के विरुद्ध याचिका दायर की थी। सुनवाई के दौरान कनिष्ठ अधिवक्ता मयंक ने खड़े होकर कहा कि इस प्रकरण में बहस करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता जयपुर गए हैं। लिहाजा, सुनवाई की तिथि आगे



बढ़ाने का निवेदन स्वीकार किया जाए। संदेश होने पर न्यायमूर्ति जीएस अहलुवालिया ने शर्त रख दी कि यदि जयपुर गए हैं, तो ट्रेन या फ्लाइट की टिकट या रास्ते में पड़ने वाले टोल बूथ की रसीद प्रस्तुत कर दी जाए। इसके लिए 10 मिनिट का समय दिया जाता है। जब दूसरे चरण में सुनवाई हुई तो एक अन्य अधिवक्ता ने अवगत कराया कि मामले में बहस करने वाले वकील कहीं नहीं गए हैं, वे शहर में ही हैं। इस तथ्य के रेखांकित होने के साथ ही कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि यह चौंका देने वाला मामला है कि वकील के द्वारा पेशी को आगे बढ़ाने के लिए झूठा बहाना बनाया गया। इस मामले में पहले कोई कास्ट नहीं लगाई गई थी पर अब जब यह तथ्य सामने आ चुका है कि बहस करने वाले वकील कहीं नहीं गए हैं और घर पर ही हैं तो कोर्ट के सामने झूठा बहाना बनाने के आधार पर यह याचिका निरस्त की जाती है। याचिकाकर्ता को एक माह के भीतर पांच हजार रुपये इस कोर्ट की रजिस्ट्री में जमा करने के आदेश दिए जाते हैं। यदि याचिकाकर्ता एक माह के भीतर यह रकम जमा नहीं करते हैं तो रजिस्ट्रार जनरल को यह आदेश दिया जाता है कि वे इस रकम की वसूली के लिए कार्यवाही शुरु करने के साथ ही अवमानना कार्रवाई संस्थित करें।

# सीबीएसई में 12वीं की आर्या नेमा को मिले 95 फीसदी अंक

**जबलपुर।**

सीबीएसई 10वीं -12 वीं के परिणाम आ गए हैं। जबलपुर शहर में भी 12वीं सीबीएसई में सफल विद्यार्थियों ने जश्न मनाया। सीबीएसई के परिणाम में जबलपुर के 35 स्कूलों में रॉयल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने बाजी मारी है। रॉयल सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परिणाम 95.80 प्रतिशत रहा। 12वीं में आर्या नेमा को 95.80 प्रतिशत अंक मिले हैं।

माध्यमिक शिक्षा मंडल के परीक्षा परिणाम आते ही शिक्षा सत्र 2024-25 के लेकर शहर के विभिन्न कालेजों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। कालेज चयन लेकर को विद्यार्थियों में असमंजस की स्थिती बनी हुई है। विद्यार्थी पिछले वर्ष का विषयावार कटआफ को लेकर कालेजों मे पूछताछ करने पहुंच रहे हैं, ताकी प्रवेश सुनिश्चित किया जा सके। कालेजों किन विषयों की मांग ज्यादा है, इसको भी शामिल करेंगे।

## यात्रा की तारीख बदलने की मांग पर टिकट रद्द कराने की दे रहे सलाह

# रेलवे के आरक्षण नियम चल रहे कागजों में

**जबलपुर।**

रेलवे ने यात्रियों की सुविधाजनक यात्रा के लिए कई नियम बनाए हैं। उदाहरण के तौर पर एक बार आरक्षण कराने के बाद यदि अचानक कार्यक्रम में कोई फेरबदल होता है, तो आप आरक्षण की तारीख में परिवर्तन करा सकते हैं। यदि आपने अपने नाम से टिकट कराया है और किसी कारणवश यात्रा पर नहीं जा पा रहे हैं, तो सिर्फ एक आवेदन देकर आप अपने स्थान पर अपने करीबी को इस टिकट पर भेज सकते हैं। 45 साल से अधिक आयु की महिला को लेडीज कोटा में कन्फर्म सीट मिल सकती है, लेकिन ये सभी नियम सिर्फ कागजों में चल रहे हैं। ये नियम रेलवे के काउंटरों से कराए गए आरक्षण पर लागू होते हैं, लेकिन काउंटरों पर बैठा स्टाफ इसका लाभ यात्रियों को नहीं दे रहा है।

### ऑनलाइन बुकिंग में नहीं मिलती कई सुविधाएं

यदि आपने आनलाइन टिकट बुक किया है, तो



उसकी तारीख में परिवर्तन नहीं कराया जा सकता है। इसके लिए टिकट को कैंसिल कराने के बाद नए सिरे से ही बुकिंग करानी होगी। हालांकि आनलाइन टिकट पर किसी करीबी रिश्तेदार को यात्रा कराई जा सकती है, लेकिन इसके लिए भी रेलवे के आरक्षण काउंटर पर ही जाना होगा। आनलाइन बुकिंग में कई तरह के अतिरिक्त चार्ज भी लगते हैं।

### कैसे मिलता है इन सुविधाओं का लाभ

यदि यात्रा की तारीख में परिवर्तन कराना है, तो आरक्षण फार्म के ऊपर डेट चेंज लिखना होगा। इसके बाद काउंटर पर पुराने टिकट के साथ फार्म देना होता है। यदि स्लीपर श्रेणी का टिकट है, तो 20 रुपए और यदि थर्ड एसी का टिकट है तो 45 रुपए का क्लर्क चार्ज चुकाकर तारीख में बदलाव कराया जा सकता है। अगर आप किसी कारण से यात्रा नहीं कर पा रहे हैं, तो अपना कन्फर्म टिकट किसी और के नाम भी ट्रांसफर कर सकते हैं। ये टिकट आपके ब्लड रिलेशन यानी माता-पिता, भाई-बहन, बेटा-बेटी या पति-पत्नी के नाम ही ट्रांसफर हो सकता है। नाम बदलने के लिए यात्रा से 24 से 48 घंटे पहले टिकट लेकर काउंटर पर जाना पड़ता है। इसमें जिस यात्री के नाम पर ट्रांसफर कराना है, उसका परिचय पत्र और रिश्ते का कोई दस्तावेज साथ लेकर जाना पड़ता है। ये सुविधा कन्फर्म टिकट पर ही मिलती है। ट्रेन के हर आरक्षण श्रेणी के कोच में छह लोअर बर्थ सीनियर सिटीजन और 45 वर्ष की आयु से अधिक महिला के लिए आरक्षित रहते हैं। उन्हें टिकट बुकिंग में प्राथमिकता मिलती है।

### 40 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम देने वाले प्राचार्यों को कारण बताओ नोटिस

# जबलपुर जिले के हाई स्कूल और हायर सेकेण्ड्री का परीक्षाफल सम्मानजनक नहीं

## संभागीय कमिश्नर ने की ज्वलंत विषयों की समीक्षा

हरिभूमि जबलपुर।



संभागीय कमिश्नर अभय वर्मा ने विभिन्न ज्वलंत विषयों को लेकर संभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान संभाग के सभी जिलो में सभी प्रकार की छात्र वृत्तियों की स्वीकृतियां व भुगतान की समीक्षा की गई। जिसमें नरसिंहपुर में इस दिशा में कम प्रगति पर असंतोष जाहिर किया गया। हाई स्कूल और हायर सेकेण्ड्री की परीक्षाफल के समीक्षा के दौरान जबलपुर जिले का हाई स्कूल परीक्षाफल 55 प्रतिशत होने पर कहा कि यह सबसे बुरी स्थिति है, अतः 40 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम देने वाले प्राचार्यों को कारण बताओ नोटिस दें। साथ ही हाई स्कूल और हायर सेकेण्ड्री में गणित और अंग्रेजी में फेल हुये बच्चों पर संबंधित शिक्षक को भी कारण बताओ सूचना पत्र जारी करें। उन्होंने कहा कि जबलपुर में जहां शिक्षा के सभी संसाधन उपलब्ध है फिर आखिर क्या कारण है कि संभाग मुख्यालय का रिजल्ट सम्मानजनक स्थाीति में नहीं है।

कमिश्नर वर्मा ने पीआईयू, लोक निर्माण और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा किये जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा कर उनके नवीन, नवीनीकरण, पूर्ण, अपूर्ण और अप्रारंभ कार्यों की समीक्षा कर कहा कि समय सीमा मे गुणवत्ता के साथ कार्य को पूर्ण करें। अप्रारंभ कार्यों के कार्य प्रारंभ न होने के कारण की जानकारी भी ली गई। इसी प्रकार आरईएस के तथा सांसद व विधायक मद से बनने वाले विभिन्न कार्य जो अभी तक लंबित है उन पर असंतुष्टि जाहिर करते हुये कहा कि संबंधित एजेन्सी या ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस दिया जाये और एक माह में वे उक्त कार्य को पूर्ण करायें। सीएम राईज स्कूल निर्माण की समीक्षा के साथ कहा कि स्कूलों में बच्चों की उम्र के आधार पर फर्नीचर की व्यवस्था की जाये ताकि बच्चों को असुविधा न हो। बैठक में सड़कों की स्थिति की समीक्षा करते हुये एमपीआरडीसी और पीएमजीएसवाय के अधिकारियों से सड़कों के निर्माण की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान महिला बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा भी की गई। जिसमें उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के जहां रिक्त पद हैं उनके लिये आचार संहिता के बाद विज्ञापन जारी कराकर पदपूर्ति करें। संभाग के कटनी, मंडला, पाण्डुणा और सिवनी में पोषण पुनर्वास केन्द्रों में भर्ती बच्चों के संबंध में प्रगति मूलक कार्य नहीं होने पर संबंधित जिलों के जिला परियोजना अधिकारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही कहा कि आंगनवाड़ियों में पानी और बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित हो जाये। यदि इस दिशा में कहीं कोई कमी रहती है तो पंचायत आगे आकर कार्य कराये। बैठक में नगरीय विकास विभाग की समीक्षा में कहा कि पानी की सप्लाई, जल संरचना, ग्रीन स्पेस और सीवरेज की दिशा में प्रभावी कार्य किया जाये। कमिश्नर वर्मा ने जल संसाधन विभाग के कार्ये की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि इस दिशा में वे प्रगतिमूलक कार्य करें।



### गत वर्ष की तुलना में प्रतिभागियों की संख्या बढ़ी

# वालीबाल प्रशिक्षण शिविर ने विद्यार्थियों को किया आकर्षित

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद का मशाल परिसर स्थित वालीबाल कोर्ट नयी संभावनाओं के रूप में उभर रहा है। ग्रीष्मकालीन प्रशक्षिण शिविर में स्कूल के साथ कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी वालीबाल में गहरी रूचि दिखायी है। उल्लेखनीय है कि एक समय राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विद्युत मण्डल की वालीबाल टीम और इसके खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल से एक विशिष्ट पहचान बनायी थी। लम्बे अर्से के पश्चात विद्युत परिवार में एक बार फिर वालीबाल खेल पुनर्संगठित होते दिख रहा है।

केन्द्राrय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता व अन्य पदाधिकारियों ने वालीबाल प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण करने के पश्चात संभावना व्यक्त की कि परिषद के तत्वावधान में लगातार ग्यारहवीं बार आयोजित वालीबाल प्रशिक्षण शिविर में 19 लड़के, लड़कियों के शामिल होने से सभी लोग उत्साहित हैं। पिछले वर्षों की तुलना में शिविर में प्रतिभागियों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। शिविर में शामिल हुईं 14 लड़कियों ने वालीबाल खेलने के प्रति उत्साह दिखाया है, जो कि इस खेल के प्रति शुभ संकेत है। परिषद के महासचिव ने कहा कि निश्चित रूप से इस प्रशिक्षण शिविर से कुछ ऐसे खिलाड़ी उभरेंगे जो राष्ट्रीय स्तर पर विद्युत परिवार का नाम गौरवान्वित करेंगे।

केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के वालीबाल प्रभारी अजय उसकवार, वरिष्ठ खिलाड़ी रवि पणिकर, अवधेश पटेल व प्रतीक शर्मा प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षक की भूमिका निभा रहे हैं और अपने अनुभव से नवोदित खिलाड़ियों को मांज रहे हैं। प्रशिक्षक प्रतिदिन नवोदित खिलाड़ियों को फिजिकल फिटनेस से शुरुआत करवाते हैं। शिविर में स्टेमिना व फिटनेस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। फिजिकल फिटनेस के पश्चात खिलाड़ियों को कोर्ट में सर्विस, अंडर हेंड, फिंगर, प्लेसिंग, बूस्टिंग, स्मेशिंग का गहन प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण शिविर के दौरान खिलाड़ियों के मध्य मैच का आयोजन कर उनका आत्मविश्वास बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नवोदित खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण शिfविर को उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से उनके खेल में पूर्व की तुलना में ज्यादा सुधार व आत्मविश्वास आया है।

## महोबिया समाज ने किया मेधावी बच्चों का सम्मान

**सिहोरा।** महोबिया समाज के पठार परगना का सम्मेलन भटिया (घुघरा) में गिरजा प्रसाद महोबिया की अध्यक्षता एवं म प्र महोबिया विकास परिषद के अध्यक्ष पुरुषोत्तम लाल महोबिया,राधेलाल महोबिया के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। जिसमें बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 22 प्रतिभावान बच्चों के साथ विभिन्न जिलों से पधारे प्रतिनिधियों को म प्र महोबिया विकास परिषद द्वारा सम्मानित किया गया। वक्ताओं द्वारा समाज में जागरूकता लाने के लिए बच्चों को अधिक शिक्षित करने एंव कुरीतियों को दूर करने का संकल्प लिया गया। बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में इस परगना अध्यक्ष कैलाश महोबिया फूलचंद महोबिया, संतोष कुमार महोबिया,अशोक कुमार महोबिया, राजेंद्र महोबिया, संतोष महोबिया, सुखचैन महोबिया, फकीरा महोबिया, संजू महोबिया का सहयोग रहा। इस अवसर पर जयभान महोबिया, हर प्रसाद,पंचम लाल, गोपाल प्रसाद,श्रीचंद महोबिया, पुरुषोत्तम लाल, पुना राम, जुगलकिशोर, डा भल्लू महोबिया, रामकिशोर, रामसुजान महोबिया आदि उपस्थित रहे।

## गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर के जन्मदिन समारोह में हजारों भक्त शामिल हुए



**जबलपुर।** गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के जन्मदिन समारोह में हजारों भक्तों ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। समारोह की शुरुआत सुबह 6:30 बजे सैकड़ों भक्तों द्वारा सुदर्शन क्रिया अभ्यास के साथ हुई, जिसके बाद गुरु पूजा का आयोजन किया गया। इसके बाद, थैलेसीमिया रोगियों के लिए भक्तों द्वारा एक विशेष रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 80 से अधिक यूनिट रक्तदान किया गया। शाम को जबलपुर की प्रसिद्ध कथक प्रशिक्षक डॉ उपासना उपाध्याय और साथियों ने गणेश स्तुति में प्रस्तुति दी। इसके बाद भक्ति संगीत संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें आर्ट ऑफ लिविंग बैंगलोर की गायिका दीपाली शर्मा ने प्रस्तुति दी और भक्तों ने अपने प्रिय गुरुदेव की भक्ति में नृत्य किया। सत्संग का आयोजन मदन महल पहाड़ियों पर स्तिथ श्री श्री ज्ञान क्षेत्र में किया गया था जहां प्रस्तावित आर्ट ऑफ लिविंग ज्ञान का मंदिर बनाया जा रहा है। शाम के सत्संग में हजारों भक्त उपस्थित थे। आर्ट ऑफ लिविंग के सभी शिक्षक प्रभा खंडेलवाल, ललित बक्शी, अरुणा सारिन, रीना उपाध्याय, मनीषा लुंबा, रितु राज असाटी, नवीन बरसाइयां, शरद बडगैयां, अमन लुंबा, सुनील पवार आदि उपस्थित थे।



## व्यक्तित्व संस्कार निर्माण शिविर का समापन

**सिहोरा।** जैन मंदिर में श्रमण संस्कृति संस्थान,सांगानेर के तत्वाधान एंव सकल जैन समाज,महिला परिषद व महिला मंडल के सहयोग से सिहोरा नगर में चल रहे 9 दिवसीय श्रमण संस्कृति सम्यक ज्ञान शिक्षण शिविर का समापन हो गया। जिसमें अंतिम दिन समाज ने प्रियांशु भैया और सर्वज्ञ भैया को श्रीफल प्रतीक चिन्ह एंव महिला परिषद की अध्यक्ष श्रीमती जयश्री जैन के द्वारा वस्त्र भेंट करते हुए एवं सम्मानित किया गया।भैया जी के द्वारा भी समाज के अध्यक्ष सुधीर जैन सहित कमेटी के सभी लोगो को सम्मानित किया गया तथा बच्चों एंव महिला व पुरुष वर्ग को परीक्षा के परिणामों के लिए पुरस्कृत किया गया।

## शराबी युवक ने फांसी लगाई

**जबलपुर।** शहपुरा थाना अतंर्गत नया मोहल्ला बिजना में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया है कि युवक का 10 वर्ष पूर्व तलाक हो चुका था और वह शराब पीने का आदि था। शहपुरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नया मोहल्ला बिजना शहपुरा निवासी 32 वर्षीय कमल बर्मन मजदूरी करता था। कमल का 10 वर्ष पूर्व तलाक हो गया था और वह शराब पीने का आदि था। देर रात लगभग 2 बजे कमल खा पीकर अपने कमरे में सोने चला गया था। सुबह लगभग 5.30 बजे माँ भग्गो बाई, कमल बर्मन को उठाने के लिए आवाज लगाई। आवाज लगाने पर अंदर से कोई जवाब नहीं आया तो उसके कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर देखा जहां कमल ने छप्पर में लगी बल्ली से गमछे से फांसी लगाकर आत्हत्या कर ली है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# दो सड़क हादसे में 4 घायल



**जबलपुर।** खमरिया और मझौली थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना के दो हादसे सामने आए है। इस सड़क दुर्घटना के मामलें में चार युवक घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

खमरिया पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार डुमना रोड ग्राम गधेरी निवासी 32 वर्षीय दूध व्यापारी संदीप यादव गत दिवस दूध बांटने के लिए अपनी बाईक क्रमांक एमपी 20 एनआर 8697 से एस टाईप जा रहा था, जैसे ही रात लगभग 9 बजे खमरिया गेट नंबर 3 के पहले पहुंचा तभी पीछे से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 सीएम 4454 के चालक ने उसकी बाईक में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह बाईक सहित नीचे गिरकर घायल हो गया और उसकी पसली में चोटें आ गई। इसी प्रकार मझौली ग्राम दौरा पुल के पास गत शाम 6 बजे त्रिमूर्तिनगर गोहलपुर निवासी 30 वर्षीय अनिल पटेल और प्रवीण पटेल, ललिता बाई एवं सजीत राजपूत चारों दो अलग-अलग बाईक से मजदूरी करने बचैया गये थे जहां से मजदूरी कर जबलपुर अपने घर आ रहे थे। शाम लगभग 6 बजे अनिल की बाईक में हवा कम होने से वह अपनी बाईक में अकेला आ रहा था और दूसरी बाईक में प्रवीण पटेल, ललिता बाई और सजीत राजपूत तीनों उससे आगे चल रहे थे। जैसे ही ग्राम दौरा पुल के पास पहुंचे तभी बचैया तरफ से आ रही एक कार क्रमांक एमपी 17 सीए 8661 के चालक ने अनिल की बाईक को ओवरटेक करते हुए प्रवीण की बाईक में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे तीनों बाईक सहित नीचे गिरकर घायल हो गए। अनिल ने तीनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने दोनों कार चालक आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

### रंगदारी वसूली को लेकर युवक को चाकू मारा

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अतंर्गत व्रेशर बस्ती में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर एक बदमाश ने एक युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। तिलवारा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार व्रेशर बस्ती निवासी 32 वर्षीय राम गोटिया गत रात लगभग 7.45 बजे मोहल्ले के सूरज के घर के सामने खड़ा था। तभी पड़ोसी अजय कोल उससे शराब पीने के लिए 500 रुपए की मांग करते हुए गालियां देने लगा, गालियां देने से मना करने पर अजय कोल ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। चंद्रकुमार कोल और गणेश ने बीच बचाव किया तो अजय कोल ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 324, 327, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।



## सड़कों पर बह रहा गंदा पानी बढ़ रहा बीमारियों का खतरा

**मझौली।** नगर परिषद के विभिन्न वार्डों में कई जगह नाली चौक है जिस कारण से गंदा पनी रोड के ऊपर से बह रहा है। नाली में पानी रुकने एवं गंदगी फैलने से पूरे नगर में मच्छर बढ़ गए हैं शासन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा, न हीं दवाई का छिड़काव किया जा रहा है। नगर वासियों ने प्रशासन से मांग कि है कि सभी वार्डों की नालियों की सफाई की जाए एवं हफ्ते में एक बार दवाई का छिड़काव किया जाए जिस कारण से मच्छरों की संख्या में कमी हो बीमारियों का खतरा ना रहे।

### उर्वरकों के उपयोग से धान में बदरा रहित खेती संभव

# जिले में बढ़ रहा नैनो उर्वरक का इस्तेमाल

**जबलपुर।** किसानों द्वारा नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी उर्वरक का उपयोग बढ़ता जा रहा है। कृषि अधिकारियों के मुताबिक मूंग एवं उड़द फसलों के फूल एवं फल्लियां बनने की वर्तमान अवस्था में यदि किसानों द्वारा नैनो डीएपी का एक स्प्रे किया जाये तो उनके उत्पादन में 10 प्रतिशत वृद्धि की संभावना है।

उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास रवि आम्रवंशी ने बताया कि नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी नैनो तकनीक पर आधारित उर्वरक हैं। इसमें नाईट्रोजन एवं फास्फोरस नैनो यानी सूक्ष्म कणों के रूप में उपस्थित होते हैं। यह कण इतने सूक्ष्म होते हैं कि फसलों में स्प्रे करने पर पौधों की पत्तियों में पाये जाने वाले स्टोमेटा से पौधे के अंदर प्रवेश कर जाते है तथा 20 से 25 दिनों तक पौधे के सिस्टम में रहते है। पौधे आवश्यकता पड़ने पर इसका उपयोग करते हैं।

आम्रवंशी के अनुसार नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी किसानों को सीधे तौर पर लाभान्वित करते हैं। इन उर्वरकों के उपयोग से धान में बदरा रहित खेती संभव है। साथ ही फसलों के अविकसित दानों में इन उर्वरकों के प्रयोग से दानों के आकार, वजन, चमक एवं उनकी गुणवत्ता में भी सुधार होता है। नैनो डी.ए.पी. से बीज उपचार करने से लगभग 25 प्रतिशत फास्फोरस की पूर्ती की जा सकती है। खड़ी फसल में भी किसान नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी उर्वरक का प्रयोग कर किसान दानेदार उर्वरकों की लगभग 50 प्रतिशत मात्रा की बचत कर सकते हैं। किसानों द्वारा इन उर्वरकों में कीटनाशक एवं फफूंद नाशक दवा को आवश्यकता अनुसार मिलाकर भी प्रयोग किया जा सकता है।

आम्रवंशी ने बताया कि नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का उपयोग फसलों में प्रे के माध्यम से किया जाता है। जिसे फसलों की पत्तियों द्वारा अवशोषित कर लिया जाता है। नैनो डीएपी का उपयोग बीजोपचार के लिये भी किया जाता है। इसलिए नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी की अधिकतम उपयोग क्षमता 90 प्रतिशत हो जाती है। आम्रवंशी के अनुसार दानेदार यूरिया एवं दानेदार डीएपी का उपयोग भूमि में किया जाता है। जो फसलों की जड़ों द्वारा अवशोषित कर पौधों को प्रदाय किया जाता है। इससे अधिकतर नाईट्रोजन भूमि में लीचिंग से निचली सतह में चला जाता है या वायुमंडल में वाष्पीकृत हो जाती है। फस्फोरस भी जमीन में मिट्टी के कणों के साथ फिक्स हो जाता है। दानेदार उर्वरकों की अधिकतम उपयोग क्षमता 25 से 30 प्रतिशत तक ही होती है।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 500 मिलीलीटर की मात्रा के साथ नैनो यूरिया की एक बोतल की कीमत 2 सौ 25 रुपए है। इसमें नाईट्रोजन की मात्रा 20 प्रतिशत होती है। नैनो डी.ए.पी की 500 मिलीलीटर की बोतल में नाईट्रोजन 8 एवं फास्फोरस की 16 प्रतिशत मात्रा होती है। इसकी कीमत 600 रुपए है। यह दानेदार यूरिया, डी.ए.पी. की एक बोरी के बराबर फसलों में लाभदायक होती है। प्रति बोरी दानेदार यूरिया, डी.ए.पी. के स्थान पर फसलों में नैनो यूरिया, नैनो डी.ए.पी. का प्रे करने पर कृषकों को यूरिया में लगभग 41 रुपए तथा डी.ए.पी. में 7 सौ 50 रुपए प्रति बोरी की बचत होती है।

आम्रवंशी के अनुसार आगामी समय में खरीफ फसलों के अंतर्गत मक्का एवं धान की बोनी से पहले 5 मिलीलीटर नैनो डी.ए.पी. से प्रति किलोग्राम बीज की दर से बीज उपचार किया जाये तो फसलों का अंकुरण अधिक एवं पौधे की बढ़वार सामान्य से अच्छी होगी तथा फसलों में दानेदार डीएपी की 25 प्रतिशत मात्रा का उपयोग करने पर भी उत्पादन अधिक प्राप्त किया जा सकता है।

## नर्मदा के पानी में डूबने से युवक की मौत

**जबलपुर।** गौरीघाट थाना अतंर्गत गौरीघाट काली घाट में पानी से डूबने पर एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। गौरीघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुराना कंचनपुर भट्टा मोहल्ला अधारताल निवासी 33 वर्षीय राजेश पटेल गत दोपहर 12.45 बजे गौरीघाट काली घाट में पानी से डूबने के कारण सुनील कुमार पटेल द्वारा मेडीकल कॉलेज पुजुअलटी में ले जाया गया जहां डॉक्टर ने चैक कर राजेश पटेल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।



**निशि परोहा-** नव निवेश कॉलोनी गंगानगर निवासी निशि परोहा का 27 वर्ष की आयु में सोमवार को निधन हो गया। वे शुभम परोहा की पत्नी और निशांत चौबे की बहन थीं। अंतिम संस्कार तिलवारा मुक्तिधाम में संपन्न किया गया।

**श्री रामनाथ पटेल-** गोरखपुर निवासी श्री रामनाथ पटेल (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री निहाल सिंह ठाकुर-** शीतलामाई भटनागर अस्पताल के पीछे निवासी श्री निहाल सिंह ठाकुर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री देव लाल झारिया-** लाल कुआं पोलीपाथर निवासी श्री देव लाल झारिया (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती हरिभुवन गौर-** आलोक नगर अधारताल निवासी श्री उदयराज सिंह गौर की धर्मपत्नी




श्रीमती हरिभुवन गौर (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**सुश्री उमा दिवाकर-** प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री हरिराम दिवाकर की पुत्री सुश्री उमा दिवाकर (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री महंत लाल जायसवाल-** कृष्णा कॉलोनी धोबीघाट गोरा बाजार रोड निवासी श्री महंत लाल जायसवाल (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री सुरेंद्र श्रीवास्तव-** विवेक कॉलोनी अधारताल निवासी श्री सुरेंद्र श्रीवास्तव (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रहलाद कुमार गुप्ता-** गढ़ाफाटक लोहिया पुल के पास निवासी श्री प्रहलाद कुमार गुप्ता (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**कु. शिवानी पासी-** तिलहरी मंडला रोड निवासी श्री विनोद पासी की पुत्री कु. शिवानी पासी (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## खबर संक्षेप

### हुंडई ने लक्ष्मी समूह के साथ की साझेदारी




**नई दिल्ली।** हुंडई मोटर इंडिया ने लक्ष्मी समूह के सहयोग से नेपाल में अपनी कॉम्पैक्ट एसयूवी वेन्यू को स्थानीय स्तर 'असेंबल' करना शुरू कर दिया है। 'असेंबल' से तात्पर्य वाहन के निर्मित कलपुर्जों को जोड़ने से है। यह संयंत्र नेपाल में पहली मोटर वाहन 'असेंबली' सुविधा है। इसकी वार्षिक स्थापित क्षमता 5,000 इकाई है।

### एमिरेट्स को 2023 में 4.7 अरब डॉलर का लाभ



**दुबई।** विमानन कंपनी एमिरेट्स ने 2023 में 4.7 अरब अमेरिकी डॉलर का रिकॉर्ड मुनाफा दर्ज किया। दुबई सरकार के स्वामित्व वाली एमिरेट्स ने सोमवार को बताया, '2023 में 33 अरब अमेरिकी डॉलर का राजस्व दर्ज किया। 2022 में राजस्व 29.3 अरब अमेरिकी डॉलर और लाभ 2.9 अरब अमेरिकी डॉलर था।'

### टाटा मोटर्स का शेयर आठ प्रतिशत टूटा



**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स का शेयर सोमवार को आठ प्रतिशत से अधिक टूट गया। कंपनी के जनवरी-मार्च तिमाही के नतीजे के निवेशकों के उम्मीद के अनुरूप न होने पर इसके शेयर में गिरावट आई है। बीएसई पर कंपनी का शेयर 8.32 प्रतिशत गिरकर 959.80 रुपये पर बंद हुआ। दिन में यह 9.44 प्रतिशत गिरकर 948 रुपये पर आ गया था।

### जोमैटो ने 175 करोड़ रुपए का लाभ कमाया




**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ऑर्डर लेकर खाना पहुंचाने वाली कंपनी जोमैटो लिमिटेड ने बीते वित्त वर्ष की मार्च में समाप्त चौथी तिमाही 175 करोड़ रुपए का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया है। जोमैटो लिमिटेड ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 188 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ था।

### वेइरा करेगी 450 करोड़ रुपए का निवेश



**नई दिल्ली।** उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स एवं उपकरण विनिर्माता वेइरा ग्रेटर नोएडा में एक नई विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए 450 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी का मकसद उत्पादन क्षमता बढ़ाना है। इस निवेश से वॉशिंग मशीन और एयर कूलर की मौजूदा उत्पादन क्षमता सालाना एक लाख से बढ़कर पांच लाख इकाई हो जाएगी।

### रुलका इलेक्ट्रिकल्स का आईपीओ 16 को




**नई दिल्ली।** रूलका इलेक्ट्रिकल्स आईपीओ के जरिये 26 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने के लिए बृहस्पतिवार को बाजार में उतरेगी। मुंबई स्थति एकीकृत इलेक्ट्रिकल सेवा कंपनी ने सोमवार को बताया कि आईपीओ के लिए मूल्य-दायरा 223-235 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। आईपीओ 16 मई को खुलेगा और 21 मई को बंद होगा। कंपनी के शेयर एनएसई के एसएमई मंच इमर्ज पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। आईपीओ में 8.42 लाख के नए शेयर जारी किए जाएंगे। इसमें 2.8 लाख शेयरों की बिक्री पेशकश भी शामिल है।

# मोदी सरकार के कार्यकाल में कुल 51.40 करोड़ को मिला रोजगार : स्कॉच रिपोर्ट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

घरेलू शोध संस्थान स्कॉच की एक रिपोर्ट में सोमवार को दावा किया गया कि नरेन्द्र मोदी सरकार के 10 वर्षों के शासनकाल में 51.40 करोड़ व्यक्ति-वर्ष रोजगार पैदा हुए हैं।मानव-वर्ष या व्यक्ति-वर्ष एक साल में किसी व्यक्ति द्वारा किए गए कार्य की मात्रा को घंटों में आंकने वाली एक इकाई है।

'मोदीनॉमिक्स का रोजगार सृजनात्मक प्रभावः प्रतिमान में बदलाव' शीर्षक से जारी यह रिपोर्ट 80 केस अध्ययन पर आधारित है। इसमें कर्ज लेने वाले उधारकर्ताओं और विभिन्न सरकारी योजनाओं के आंकड़ों को शामिल किया गया है।

## 'मोदीनॉमिक्स का रोजगार सृजनात्मक प्रभावः प्रतिमान में बदलाव' नाम से रिपोर्ट जारी

### जुटाए 80 केस अध्ययन के दस्तावेज



बयान के मुताबिक, वर्तमान अध्ययन से यह भी पता चलता है कि सूक्ष्म कर्ज का इस्तेमाल स्थिर और टिकाऊ रोजगार सृजन के लिए किया जा रहा है। स्कॉच ग्रुप के चेयरमैन और इस रिपोर्ट के लेखक समीर कोचर ने कहा, 'हमने अपने दौरों में 80 केस अध्ययन के दस्तावेज जुटाए हैं। इसमें कर्ज लेने वाले कई उधारकर्ताओं को शामिल किया गया है और एक कर्ज राशि पर औसतन 6.6 प्रत्यक्ष रोजगार पैदा हुए हैं।'




### अध्ययन में 12 केंद्रीय योजनाएं शामिल

इस अध्ययन में 12 केंद्रीय योजनाओं को शामिल किया गया है। इनमें मनरेगा, पीएमजीएसवाई, पीएमए-जी, पीएमएवाई-यू, आरएसईटीआई, एबीआरवाई, पीएमईजीपी, एसबीएम-जी, पीएलआई और पीएम स्वनिधि जैसी योजनाएं शामिल हैं।

### ऋण अंतराल में गिरावट

अध्ययनों से पता चला है कि पिछले नौ वर्षों में ऋण अंतराल (जीडीपी के अनुपात में कर्ज का अंतर) में 12.1 प्रतिशत की गिरावट आई है। इसने ऋण अंतराल में कटौती, बहुआयामी गरीबी में कमी और एनएसडीपी में वृद्धि के बीच एक सकारात्मक संबंध भी दिखाया है।

### 19.79 करोड़ रोजगार शासन-आधारित

स्कॉच ग्रुप ने एक बयान में कहा, 'वर्ष 2014-24 के दौरान कुल 51.40 करोड़ रोजगार पैदा हुए हैं। इनमें 19.79 करोड़ रोजगार शासन-आधारित हस्तक्षेपों की वजह से सृजित हुए हैं। बाकी 31.61 करोड़ रोजगार में ऋण-आधारित हस्तक्षेपों का योगदान रहा है।' स्कॉच ग्रुप सामाजिक-आर्थिक मुद्दों पर काम करने वाला एक घरेलू शोध संस्थान है। यह 1997 से ही समावेशी विकास पर काम कर रहा है।

### ऋण-आधारित रोजगार

कोचर ने कहा, ''हमने 2014-24 की अवधि में ऋण-आधारित हस्तक्षेपों और सरकार-आधारित हस्तक्षेपों का अध्ययन किया है। जहां ऋण-आधारित हस्तक्षेपों ने प्रति वर्ष औसतन 3.16 करोड़ रोजगार जोड़े हैं, वहीं सरकार-आधारित हस्तक्षेपों से 1.98 करोड़ रोजगार पैदा हुए हैं।'

## निफ्टी 48.85 अंक के साथ 22,104.05 अंक पर बंद हुआ

# शेयर बाजार में भारी उठापटक, अंतिम घंटे की लिवाली से सेंसेक्स 112 अंक चढ़ा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

*स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को भारी उतार-चढ़ाव के बीच बीएसई सेंसक्स 111 अंक से अधिक की बढ़त में रहा। एनएसई निफ्टी में भी तेजी रही। मुख्य रूप से एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में अंतिम दौर की लिवाली आने से बाजार लाभ में रहा।*

शुरुआती गिरावट से उबरते हुए तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 111.66 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72,776.13 अंक पर बंद हुआ। कमजोरी के साथ खुला सूचकांक कारोबार के दौरान एक समय 798.46 अंक यानी 1.09 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 71,866.01 अंक पर आ गया था। लेकिन बाद में निचले स्तर पर लिवाली आने से यह नुकसान से उबरने में सफल रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी भी 48.85 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,104.05 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक एक समय 21,821.05 अंक के निचले स्तर तक आ गया था।

### लाभ और हानि में रही कंपनियां

सेंसेक्स के शेयरों में एशियन पेंट्स, सन फार्मा, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एक्सिस बैंक, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, आईसीआईसीआई बैंक और पावरग्रिड प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ टाटा मोटर्स में सबसे ज्यादा आठ प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। कंपनी का 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ तीन गुना उछलकर 17,528.59 करोड़ रुपये होने की सूचना के बाद भी इसका शेयर नुकसान में रहा। इसके अलावा एनटीपीसी, भारती एयरटेल, टाइटन, भारतीय स्टेट बैंक और नेस्ले में प्रमुख रूप से गिरावट रही।

### अन्य बाजारों में नुकसान

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में जबकि हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में ज्यादातर में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट शुक्रवार को बढ़त में रहा था।



### चुनाव की वजह से निवेशक फिक्रमंद

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'भले ही बाजार दिन के निचले स्तर से उबरा और हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ लेकिन निवेशक लोकसभा चुनावों से जुड़ी आशंकाओं और ऊंचे मूल्यांकन की वजह से फिक्रमंद हैं। नायर ने कहा कि किसी बड़े सकारात्मक कारक के अभाव और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने से घरेलू बाजार अल्पावधि में कमजोर बना रह सकता है।

### 2,117.50 करोड़ के शेयर बेचे

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 2,117.50 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83.02 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को 260.30 अंक लाभ में जबकि निफ्टी 97.70 अंक की बढ़त में रहा था।

### हल्की बढ़त लेने में सफल

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा, 'कारोबारी सप्ताह की शुरुआत उतार-चढ़ाव के साथ हुई लेकिन अंत में यह हल्की बढ़त लेने में सफल रहा। खासकर दिग्गज कंपनियों में खरीदारी ने सूचकांकों को दिन के ऊपरी स्तर के करीब बंद होने में मदद की।'

### मिडकैप सूचकांक में बढ़त

*व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.36 प्रतिशत की बढ़त में रहा जबकि स्मॉलकैप में 0.23 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। विशेषज्ञों का मानना है कि बाजार में इस अनिश्चितता का संबंध लोकसभा चुनावों के चौथे चरण में हुए मतदान से भी है। क्षेत्रवार सूचकांकों में सेवा खंड में सर्वाधिक 1.41 प्रतिशत और रियल्टी खंड में 1.32 प्रतिशत की बढ़त देखी गई जबकि टिकाऊ उपभोक्ता और दूरसंचार खंड में गिरावट रही।*

# सरकारी बैंकों को रिकॉर्ड 1.42 लाख करोड़ मुनाफा एनपीए 1.70% से नीचे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सरकारी बैंकों ने वित्त वर्ष 2023-24 में अब तक का रिकॉर्ड मुनाफा कमाया है। इस अवधि में कुल 12 बैंकों का फायदा बढ़कर 1,42,129 करोड़ रुपए पहुंच गया। इन बैंकों ने 2022-23 में रिकॉर्ड 1.05 लाख करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया था। 2021-22 में यह आंकड़ा 66,540 करोड़ रुपये था। इस दौरान सिर्फ तीन बैंकों यूको, इंडियन ओवरसीज और पंजाब एंड सिंध बैंक के मुनाफे में गिरावट रही।

बैंकों का मुनाफा सरकार की 'चार आर' की रणनीति की वजह से बढ़ा है। इसमें एनपीए को पारदर्शी रूप से पहचानना, समाधान व वसूली, पुनर्पूंजीकरण और वित्तीय तंत्र में सुधार करना शामिल है। इस रणनीति के तहत सरकार ने 2016-17 से 2020-21 के बीच कुल 3.11 लाख करोड़ रुपये की पूंजी बैंकों में डाली है।



■ तीन बैंकों यूको, इंडियन ओवरसीज और पंजाब एंड सिंध बैंक के मुनाफे में रही गिरावट

इससे बैंकों को मदद मिली है। दूसरी वजह है...लगातार वसूली और बुरे फंसे कर्ज यानी एनपीए में कमी करना है। इसका असर यह हुआ कि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान सभी बैंकों का शुद्ध एनपीए घटकर 1.70 फीसदी के स्तर से नीचे आ गया।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र का एनपीए सबसे 0.20 फीसदी रहा, जबकि पंजाब एंड सिंध बैंक का एनपीए सर्वाधिक 1.63 फीसदी रहा।

### मार्च तिमाही में 43,091 करोड़ रुपये का मुनाफा

मार्च तिमाही में कुल 12 सरकारी बैंकों का मुनाफा 43,091 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। मार्च, 2023 में यह 34,483 करोड़ रुपये रहा था। सबसे अधिक फायदा एसबीआई का 20,698 करोड़ रहा। इसमें 24 फीसदी की तेजी रही। बैंक ऑफ महाराष्ट्र का लाभ 45 फीसदी, सेंट्रल बैंक का 41 फीसदी, इंडियन बैंक का 55 फीसदी और पीएनबी का फायदा तीन गुना बढ़ा। बैंक ऑफ बड़ौदा को 5,132 करोड़ व केनरा बैंक को 3,757 करोड़ लाभ।

# विदेशी निवेशकों ने 10 दिन में निकाले 17,083 करोड़

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मई के पहले 10 दिन में घरेलू शेयर बाजारों से 17,083 करोड़ रुपए की निकासी की है। चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता के बीच ऊंचे मूल्यांकन और मुनाफा वसूली के लिए विदेशी निवेशक घरेलू बाजारों से निकासी कर रहे हैं।

इससे पहले अप्रैल में मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिका में बॉन्ड पर रिटर्न बढ़ने से एफपीआई ने 8,700 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। इस तरह, एफपीआई मई के पहले 10 दिन में ही अप्रैल से अधिक की निकासी कर चुके हैं। एफपीआई ने मार्च में 35,098 करोड़ और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। माना जा रहा



■ चुनावी माहौल से एफपीआई में अनिश्चितता

है कि चुनाव के बाद घरेलू कंपनियों के मजबूत वित्तीय नतीजों की वजह से एफपीआई भारतीय बाजार में निवेश बढ़ाएंगे।

### बॉन्ड बाजार से 1,602 करोड़ रुपए की निकासी

एफपीआई ने शेयरों के अलावा ऋण या बॉन्ड बाजार से भी 1,602 करोड़ रुपये निकाले हैं। इससे पहले मार्च में बॉन्ड बाजार में 13,602 करोड़ रुपये, फरवरी में 22,419 करोड़ रुपये और जनवरी में 19,836 करोड़ रुपये का निवेश किया था।

### गोल्ड ईटीएफ से निकले 396 करोड़

गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) से अप्रैल में 396 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी हुई है। निवेशकों के मुनाफा काटने की वजह से यह निकासी हुई है। हालांकि, मार्च में इसमें 373 करोड़ रुपये का प्रवाह हुआ था। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के मुताबिक, इस निकासी के बावजूद अप्रैल के अंत में गोल्ड ईटीएफ के प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) पांच फीसदी बढ़कर 32,789 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गई। मार्च में गोल्ड ईटीएफ का एयूएम 31,224 करोड़ रुपये रहा था।

## केपीआई ग्रीन एनर्जी जुटाएगी 1000 करोड़ रुपए का कोष



**नई दिल्ली।** केपीआई ग्रीन एनर्जी ने सोमवार को कहा कि उसके निदेशक मंडल ने पात्र संस्थागत नियोजन के जरिए शेयर जारी कर 1,000 करोड़ रुपये तक की राशि जुटाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में सक्रिय कंपनी ने शेयर बाजार को इस फैसले की सूचना देते हुए कहा कि इस प्रस्ताव को अब शेयर धारकों की मंजूरी के लिए रखा जाएगा। गुजरात में स्थित केपाई ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (पूर्व में केपीआई ग्लोबल इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड) एक अग्रणी नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन कंपनी है।

# म्यूचुअल फंड में पूर्वोत्तर की हिस्सेदारी चार साल में बढ़कर 40,000 करोड़ पार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश में कुल म्यूचुअल फंड परिसंपत्तियों में पूर्वोत्तर की हिस्सेदारी पिछले चार साल में दोगुनी से अधिक होकर मार्च, 2024 में 40,324 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इक्रा एनालिटिक्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि शेयरों में निवेश करने के लिए खुदरा निवेशकों के बीच बढ़ती जागरुकता के चलते यह वृद्धि हुई।




म्यूचुअल फंड उद्योग की प्रबंधन के तहत कुल औसत संपत्तियों में अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड और त्रिपुरा की संयुक्त हिस्सेदारी मार्च, 2020 में 0.67 प्रतिशत थी।

*म्यूचुअल फंड का उद्योग 55.01 लाख करोड़ रुपए होगा*

*मार्च, 2020 में इन राज्यों का संपत्ति आधार 16,446 करोड़ रुपये था, जो इस साल मार्च में बढ़कर 40,324 करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान म्यूचुअल फंड उद्योग का कुल एएयूएम 24.71 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 55.01 लाख करोड़ रुपये हो गया।*

## अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 4.83 प्रतिशत पर



**नई दिल्ली।** रसोई में इस्तेमाल होने वाली कई वस्तुओं के दाम घटने से अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति मामूली घटकर 4.83 प्रतिशत पर आ गई। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में 4.85 प्रतिशत के स्तर पर थी जबकि अप्रैल, 2023 में यह 4.3 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में खाद्य वस्तुओं की खुदरा मुद्रास्फीति मामूली बढ़ोतरी के साथ 8.70 प्रतिशत रही। एक महीने पहले मार्च में यह 8.52 प्रतिशत के स्तर पर थी।

# भारत में एसयूवी खंड का विस्तार जारी रखेगी सुजुकी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली/टोक्यो

जापान की कार विनिर्माता सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन यात्री वाहन खंड में अपनी समग्र बाजार हिस्सेदारी फिर हासिल करने के लिए भारत में एसयूवी खंड का विस्तार जारी रखेगी।

कंपनी की वर्तमान में मारुति सुजुकी इंडिया में करीब 58 प्रतिशत हिस्सेदारी है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में उसकी शुद्ध बिक्री 15.8 प्रतिशत बढ़ी। परिचालन लाभ भी सालाना आधार पर 32.8 प्रतिशत बढ़ा।



सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन ने बयान में कहा, 'हम (भारत में) अपने एसयूवी मॉडल के विस्तार को बढ़ावा देना जारी रखेंगे और अपनी कुल यात्री कार हिस्सेदारी हासिल करने का लक्ष्य रखेंगे।' मारुति सुजुकी वर्तमान में घरेलू बाजार में ब्रेजा, जिम्नी और ग्रैंड विटारा जैसे एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन) मॉडल बेचती है।

### बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़एगी

एसयूवी खंड में सीमित विकल्पों के कारण घरेलू यात्री वाहन खंड में कंपनी की बाजार हिस्सेदारी कुछ साल पहले के 50 प्रतिशत से घटकर करीब 42 प्रतिशत रह गई है। बाजार में एसयूवी की मांग बढ़ने के साथ कंपनी इस खंड में अपनी उपस्थिति बढ़ाने और अपनी बाजार हिस्सेदारी फिर से हासिल करने की प्रक्रिया में है।

## आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव का शोध

# छह वित्त वर्ष में भारत का आयात 38 फीसदी बढ़ा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत का संयुक्त अरब अमीरात, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया जैसे मुक्त व्यापार समझौते वाले देशों से माल का आयात वित्त वर्ष 2018-19 से 2023-24 के बीच करीब 38 प्रतिशत बढ़कर 187.92 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव के अनुसार, एफटीए भागीदारों को देश का निर्यात 2018-19 में 107.20 अरब अमेरिकी डॉलर से 2023-24 में 14.48 प्रतिशत बढ़कर 122.72 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। शोध संस्थान ने कहा, 'भारत का आयात वित्त वर्ष 2018-19 से 2023-24 के बीच करीब 37.97 प्रतिशत बढ़कर

■ आयात वित्त वर्ष 2018-19 से 2023-24 के बीच करीब 38 प्रतिशत बढ़कर 187.92 अरब अमेरिकी डॉलर



187.92 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। यह वृद्धि भारत की वैश्विक व्यापार गतिशीलता पर मुक्त व्यापार समझौतों के महत्वपूर्ण तथा विविध प्रभाव को दर्शाती है। आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में संयुक्त अरब अमीरात में भारत का निर्यात 2023-24 में 18.25 प्रतिशत बढ़कर 35.63 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जबकि 2018-19 में यह 30.13 अरब अमेरिकी डॉलर था। आयात वित्त वर्ष 2018-19 में 29.79 अरब अमेरिकी डॉलर से 61.21 प्रतिशत बढ़कर 48.02 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।

### निर्यात में विश्व स्तर पर 17वें स्थान पर भारत

भारत विश्व व्यापार में 1.8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ निर्यात में विश्व स्तर पर 17वें स्थान पर है। आयात के मोर्चे पर वैश्विक व्यापार में 2.8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ देश आठवें स्थान पर है। वित्त वर्ष 2023-24 में हालांकि भारत का व्यापारिक निर्यात 3.11 प्रतिशत गिरकर 437.1 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया और आयात भी 5.4 प्रतिशत घटकर 677.2 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। अजय श्रीवास्तव जीटीआरआई के सह-संस्थापक हैं। वह एक भारतीय व्यापार सेवा अधिकारी थे। मार्च 2022 में वीआरएस लिया। उनके पास व्यापार नीति निर्माण, डब्ल्यूटीओ और एफटीए वार्ता का अनुभव है।

# एयरटेल ग्राहकों को क्लाउड समाधान प्रदान करेगा गूगल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारती एयरटेल ने अपने ग्राहकों को क्लाउड समाधान प्रदान करने के लिए गूगल क्लाउड के साथ साझेदारी की है। सोमवार को संयुक्त बयान में यह जानकारी दी गई।

बयान में कहा गया, दीर्घकालिक साझेदारी के तहत 'फास्ट-ट्रैक क्लाउड' अपनाने के लिए गूगल क्लाउड से क्लाउड समाधान की पेशकश करेगा...दोनों कंपनियां उद्योग-अग्रणी एआई/एमएल समाधान विकसित करने के लिए संपर्क तथा एआई प्रौद्योगिकी की अनूठी ताकत को एक साथ लाएंगी, जिसे एयरटेल अपने बड़े डेटा सेट पर प्रशिक्षित करेगा। भारती एयरटेल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी





अधिकारी गोपाल विट्टल ने कहा, 'हम गूगल क्लाउड के साथ साझेदारी करके खुश हैं और सरकार, उद्यमों तथा उभरते व्यवसायों के लिए सुरक्षित व 'स्केलेबल क्लाउड' समाधानों के साथ इस बाजार के अवसर का संयुक्त रूप से दोहन करेंगे।' दूरसंचार कंपनी ने पुणे में प्रबंधित सेवा केंद्र स्थापित किया है। इसमें 300 से अधिक विशेषज्ञों हैं जिन्हें वहां गूगल क्लाउड और डिजिटल सेवाओं दोनों में प्रशिक्षित किया जाएगा।

चिंतन

# चाबहार पोर्ट समझौता भारत की बड़ी उपलब्धि

चीन और ईरान के बीच बढ़ती दोस्ती के बीच भारत ने चाबहार पोर्ट के लिए दस वर्षीय दीर्घकालीन समझौता कर बड़ी कूटनीतिक सफलता पाई है। यह समझौता पाकिस्तान के लिए बड़ा झटका है। अब भारत पाकिस्तान को बायपास कर सीधे अफगानिस्तान, ईरान, मध्य एशिया व यूरोप तक पहुंच सकेगा। बीच आम चुनाव के दौरान हुए इस समझौते से भारत के लिए ईरान के चाबहार पोर्ट के महत्व को समझा जा सकता है। मुंबई पोर्ट से चाबहार पोर्ट तक जलमार्ग भारत के लिए यूरोप का द्वार खोलता है। भारत और ईरान ने चाबहार में स्थित शाहिद बेहश्ती बंदरगाह के टर्मिनल के परिचालन के लिए सोमवार को बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की उपस्थिति में अनुबंध पर हस्ताक्षर किया है। यह पहला मौका है जब भारत विदेश में स्थित किसी बंदरगाह का प्रबंधन अपने हाथ में लिया है। चाबहार बंदरगाह ईरान के दक्षिणी तट पर सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में स्थित है। इस बंदरगाह को भारत और ईरान मिलकर विकसित कर रहे हैं, लाभ अफगानिस्तान को भी होगा। चाबहार बंदरगाह 'अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा' (आईएनएसटीसी) परियोजना का एक प्रमुख लिंक है। आईएनएसटीसी परियोजना भारत, ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के बीच माल-ढुलाई के लिए 7,200 किलोमीटर लंबी एक बहुस्तरीय परिवहन परियोजना है। भारत ने वर्ष 2024-25 के लिए चाबहार बंदरगाह के लिए 100 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में, 23 मई, 2016 को चाबहार में निर्माण को लेकर रणनीतिक समझौता हुआ था। इसके बाद वर्ष 2018 में जब ईरान के तत्कालीन राष्ट्रपति हसन रुहानी नई दिल्ली आए तो चाबहार बंदरगाह पर भारत की भूमिका पर बातचीत हुई थी। जनवरी 2024 में जब विदेश मंत्री एस जयशंकर तेहरान में थे, तब भी यह मुद्दा उठा था। वर्ष 2016 से भारत चाबहार को विकसित कर रहा है, लेकिन अमेरिकी प्रतिबंध के बाद से भारत की उदासीनता के चलते चाबहार डील की गति सुस्त हो गई थी। बदलते भूराजनीतिक परिदृश्य में चीन की ईरान में बढ़ती दिलचस्पी से चाबहार पोर्ट समझौता पर भी ग्रहण लगता नजर आया, पर ईरान ने भारत के साथ अपने ऐतिहासिक व सांस्कृतिक संबंधों को अधिक तवज्जो दिया और अंततः चाबहार समझौते का मार्ग प्रशस्त हुआ। भारत ईरान का बड़ा तेल खरीदार है। भारत ने हाल में जिस तरह सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात से अपने व्यापारिक रिश्ते मजबूत किए हैं और सऊदी अरब व ईरान में नजदीकी बढ़ी है, उसे देखते हुए ईरान के साथ भारत की व्यापारिक प्रगाढ़ता से मध्य एशिया व खाड़ी क्षेत्र में नई दिल्ली की पैठ बढ़ेगी। ईरान प्राकृतिक गैस का बड़ा निर्यातक है। अरब सागर, अदन की खाड़ी व लाल सागर में भारतीय नौसैनिक बहुत मजबूत है, इसलिए इन क्षेत्र के देशों से भारत के अच्छे रिश्ते भारत के लिए अच्छा है। इस समझौते से भारत को पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह के साथ-साथ चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव को भी काउंटर करने में मदद मिलेगी। कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान जैसे संसाधन संपन्न मध्य एशियाई देश हिंद महासागर क्षेत्र और भारतीय बाजार तक पहुंचने के लिए चाबहार का उपयोग करना चाहते हैं। यह समझौता भारत की प्रगति के लिए बड़ी उपलब्धि है।



विश्लेषण
आर.के. सिन्हा

# संगठन-सरकार में रणनीति के 'शाह'

> अमित शाह ने पहले भाजपा के संगठन में रहते हुए और फिर केन्द्रीय गृह मंत्री के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। भाजपा अध्यक्ष रहते हुए उनके संगठनात्मक कौशल को सबने देखा। फिर, 2019 में, वह केंद्रीय गृह मंत्री बने, और इसके साथ ही शुरू हुआ कई बड़े फैसलों को लेने का दौर। पिछले पांच वर्षों में, अमित शाह ने आंतरिक सुरक्षा को नया रूप दिया है। गृहमंत्री बनने के तीन महीने बाद, अमित शाह संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के सरकारी कदम में सबसे आगे थे। अमित शाह की सरपरस्ती में, आंतरिक आतंकवाद का खतरा भी कम हुआ है। शाह ने नक्सलवाद को खत्म करने का वादा किया है।

आज चार चरण के मतदान पूरे हो चुके हैं। इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत राजग ने चार सौ पार का नारा दिया है। उसी अनुरूप भाजपा पूरी तैयारी के साथ चुनाव मैदान में है। ऊपर से लेकर नीचे तक भाजपा का सांगठनिक ढांचा बेहद शिद्दत से चुनाव के लक्ष्य को अंजाम देने में जुटा है। भाजपा की तैयारी में सबसे अहम भूमिका पार्टी के चाणक्य माने जाने वाले गृहमंत्री अमित शाह निभाते हैं। अमित शाह राजधानी में अपने साउथ ब्लॉक के दफ्तर में जब काम करते होंगे, तब उनके जेहन में भी देश के पहले उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री सरदार पटेल का ख्याल अवश्य आता होगा। लौह पुरुष सरदार पटेल ने भी इसी साउथ ब्लॉक में बने गृह मंत्री कार्यालय से ही से देश की आंतरिक सुरक्षा को एक नई दिशा दी थी। वे भी बोलने में कम और काम करने में अधिक यकीन करते थे। अमित शाह का एक गुण यह भी है कि वे किसी अनावश्यक विवाद को खत्म करने में देर नहीं करते। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शायद सोचा होगा कि वे अमित शाह को देश का भावी प्रधानमंत्री बताकर एक विवाद खड़ा कर देंगे, पर उनकी यह मंशा सफल नहीं हुई, क्योंकि अमित शाह ने साफ कर दिया कि नरेन्द्र मोदी ही 2029 तक देश के प्रधानमंत्री बने रहेंगे।

अमित शाह ने पहले भाजपा के संगठन में रहते हुए और फिर केन्द्रीय गृह मंत्री के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। भाजपा अध्यक्ष रहते हुए उनके संगठनात्मक कौशल को सबने देखा, लेकिन जो लोग उन्हें गुजरात के दिनों से जानते थे, वे बहुत हैरान नहीं हुए। फिर, 2019 में, वह केंद्रीय गृह मंत्री बने, और इसके साथ ही शुरू हुआ कई बड़े फैसलों को लेने का दौर। पिछले पांच वर्षों में, अमित शाह ने आंतरिक सुरक्षा को नया रूप दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देखरेख में भारतीय दंड विधान (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और साक्ष्य अधिनियम को बदला गया। अमित शाह मानते हैं कि कोई भी कानून 50 साल के बाद पुराना हो जाता है। 1860 से 2023 तक आईपीसी, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम में कोई परिवर्तन नहीं हुआ था।

आपको याद होगा जब जब भारत अपना 75वां स्वाधीनता दिवस मना रहा था, तब प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर से पांच संकल्प किए थे। नए आपराधिक कानून उनमें से एक को पूरा करते हैं। सरकार ने नए कानूनों को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम नाम दिया है। गृह मंत्री के रूप में अमित शाह को प्रधानमंत्री का विश्वास और पूरा भरोसा प्राप्त है। वास्तव में, जब कोई राजनीतिक या सरकारी मुद्दा प्रधानमंत्री मोदी के समक्ष लाया जाता है, तो कहा जाता है कि वह उस व्यक्ति से अमित शाह से भी सलाह लेने के लिए कहते हैं। 2019 में, गृहमंत्री बनने के तीन महीने बाद, अमित शाह संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के सरकारी कदम में सबसे आगे थे। इसके लिए कुशल राजनीतिक सूझबूझ की आवश्यकता थी। उन्हें प्रधानमंत्री मोदी का पूरा समर्थन हासिल था। चार साल बाद, सुप्रीम कोर्ट ने फैसले की वैधता को बरकरार रखा,



जो कि भाजपा ने भारत के अंतिम एकीकरण में सबसे बड़ी बाधा के रूप में देखा था।

अमित शाह 2019 के नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) की पीछे प्रेरक शक्ति भी रहे हैं, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के उत्पीड़ित हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई - जो 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश कर चुके हैं - उन्हें भारतीय नागरिकता दी जाए। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद आशंका थी कि सीएए को विपक्ष मुद्दा बनाएगा। पर यह नहीं हुआ। इसकी बेशक एक बड़ी वजह यह रही कि अमित शाह देश के मुसलमानों को भरोसा देते रहे कि सीएए कानून का उनसे कोई लेना-देना नहीं है। याद करें कि राजधानी के शाहीन बाग में सीएए के खिलाफ महिलाओं ने लंबा धरना दिया था। धरने देने वाली महिलाएं कह रही थीं कि सीएए के बहाने मुसलमानों को प्रताड़ित किया जाएगा। धरना कोविड के फैलने के कारण सरकार ने सख्ती से बंद करवा दिया था। उस समय धमकी दी जा रही थी कि सीएए के खिलाफ धरना फिर शुरू होगा। पर यह नहीं हुआ। गृह मंत्री अमित शाह बार-बार मुसलमानों को भरोसा देते रहे कि सीएए से उन्हें घबराने की कोई वजह नहीं है। इसका सकारात्मक असर हुआ। जब केन्द्र सरकार ने सीएए की पिछली 11 मार्च को अधिसूचना जारी की तो एक बार लगा कि इसका विरोध होगा, पर कहीं कुछ नहीं हुआ। लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले सीएए की अधिसूचना के बाद उम्मीद थी कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल सीएए को लागू करने के मसले को लोकसभा चुनाव में उठाएंगे। सीएए, एनआरसी और धारा 370 जैसे मुद्दे कॉंग्रेस के घोषणापत्र से ही गायब हैं। सीएए पर दिल्ली से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन देश के अन्य हिस्सों में फैल गया था और जल्दी ही यह हिंदू- मुस्लिम विवाद में बदला था। दिल्ली में सार्वजनिक संपत्ति को खूब नुकसान पहुंचाया गया और विरोध प्रदर्शन हिंसक भी हुए थे। एक लोकतांत्रिक देश में हर मुद्दे पर विरोध का अधिकार है, लेकिन क्या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का भी हक है। जबकि विधेयक में पहले दिन से कहा गया था कि यह पाक, अफगानिस्तान व बांग्लादेश से आए केवल उन शरणार्थियों पर लागू किया जाएगा जो धर्म के आधार पर उत्पीड़न के कारण भारत में शरण के लिए मजबूर थे।

खैर, अमित शाह की सरपरस्ती में, आंतरिक आतंकवाद का खतरा भी कम हुआ है। इस्लामिक स्टेट का उदय, पहले सीरिया और बाद में अफगानिस्तान में, चरमपंथी प्रवृत्ति वाले कई युवाओं को विदेशी जमीन में युद्ध लड़ने के लिए देश से बाहर जाते हुए देखा गया। इससे 2014 में कट्टरपंथ और ऑनलाइन ब्रेनवॉशिंग के नए खतरों के बारे में चिंता पैदा हुई थी, लेकिन गृह मंत्रालय और खुफिया एजेंसियां आज इनसे निपटने के लिए बेहतर तरीके से तैयार हैं। छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड के नक्सल प्रभावित राज्यों में, सुरक्षा बल धीरे-धीरे उन क्षेत्रों में वापस आ रहे हैं जिन्हें कभी रेड जोन माना जाता था। लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नक्सलवाद के खिलाफ हमारी जंग जारी रहेगी। लोकसभा चुनावों से ठीक पहले नक्सलियों पर एक बहुत बड़ा ऑपरेशन हुआ, ऐसा पिछले साल दिसंबर महीने में भी देखने को मिला था। अमित शाह कह रहे हैं कि भाजपा के कमिटमेंट में कोई बदलाव नहीं आया है। फिर वो चाहे, नक्सलवाद के खिलाफ हो या आतंकवाद के खिलाफ। आतंकवाद और नक्सलवाद लोकतांत्रिक तरीके नहीं हैं और इन्हें समाप्ति कर देना चाहिए। केंद्र में भाजपा नीत राजग के तीसरी बार सत्ता में आने में अमित शाह की रणनीति की अहम भूमिका होगी।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार व पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

टेक अलर्ट
शिशिर शुक्ला



# बिंजवाचिंग की बढ़ती लत लोगों बना रही बीमार


तकनीकी के इस दौर में लगभग प्रत्येक व्यवस्था का डिजिटल रूप भी अस्तित्व में आ चुका है। उदाहरण के तौर पर पढ़ाई से संबंधित तमाम कंटेंट ऑफलाइन तो उपलब्ध है ही, साथ ही वह डिजिटल रूप में ऑनलाइन भी विभिन्न प्लेटफॉर्मों के माध्यम से हमारे लिए सुलभ है। हम में से हर कोई यह भली-भांति जानता है कि ड्रग्स का सेवन हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है किंतु फिर भी एक बड़ा वर्ग और विशेषकर युवा वर्ग ड्रग्स की गिरफ्त में बुरी तरह जकड़ा हुआ है। अचंभे की बात तो यह है कि डिजिटलीकरण ने ड्रग्स को भी नहीं छोड़ा और उनके डिजिटल स्वरूप को जन्म दे दिया। जी हां, मेरा आशय है डिजिटल ड्रग से। सुनकर बड़ा अटपटा लगता है और दिमाग में यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से कौंधने लगता है कि आखिरकार यह क्या बला है। लेकिन यह एक कटुसत्य है कि युवाओं का एक बड़ा वर्ग डिजिटल ड्रग का आदी हो चुका है।

मामले को पूर्णतया समझने के लिए हमें यह जानना होगा कि डिजिटल ड्रग आखिरकार क्या है। जिस प्रकार ड्रग का इस्तेमाल लोग अपने मस्तिष्क को अल्पकालिक शांति अथवा प्रसन्नता का अनुभव कराने के लिए करते हैं, ठीक उसी तरह डिजिटल ड्रग का अर्थ है– ऐसे डिजिटल कंटेंट को देखने की लत लग जाना जो दिमाग को सुकून एवं खुशी का एहसास कराते हैं। इनमें कोई संगीत हो सकता है, कोई मूवी अथवा कोई वेब सीरीज भी हो सकती है। बहुत से ऐसे लोग हैं जो अगर एक बार वेबसीरीज देखना शुरू कर दें तो उनकी प्रवृत्ति कुछ यूं बन जाती है कि मानो सारे के सारे एपिसोड खत्म करके ही उनको चैन मिलेगा। आजकल ओटीटी प्लेटफार्मों पर वेबसीरीज की भरमार है। मूवी तो फिर भी दो से ढाई घंटे में खत्म हो जाती है लेकिन वेबसीरीज में अमूमन दस से लेकर बारह तक एपिसोड रहते हैं और प्रत्येक एपिसोड लगभग एक घंटे का होता है। इस हिसाब से एक वेबसीरीज को पूरी तरह से देखने के लिए लगभग दस घंटे चाहिए। अब अगर किसी के अंदर लगातार दस घंटे तक मोबाइल अथवा लैपटॉप में आंखें गड़ाकर पूरी वेबसीरीज को खत्म करने की लगन है, तो कहीं न कहीं उसे सचेत होने की जरूरत है, क्योंकि ये लक्षण एक विशेष तरह के एडिक्शन की तरफ इशारा करते हैं। जाहिर सी बात है कि लगातार दस घंटे तक मोबाइल फोन का प्रयोग करना स्वास्थ्य के लिए पूर्णतया घातक है।

लगातार कई घंटे तक टेलीविजन अथवा मोबाइल को देखते रहना तकनीकी शब्दकोश में बिंजवाचिंग कहलाता है। प्रायः हम सब ऐसा महसूस करते हैं कि अपने पसंदीदा संगीत को सुनने अथवा पसंदीदा मूवी एवं वेबसीरीज को देखने से हमें एक विशेष प्रकार की खुशी मिलती है। किंतु यह भी सत्य है कि इस प्रकार की खुशी सदैव क्षणिक अथवा अल्पकालिक होती है। ज्यों ही हम उस माहौल से बाहर निकलकर पुनः वास्तविकता के घेरे में प्रवेश करते हैं, हमारी मनःस्थिति पुनः परिवर्तित होने लगती है। दरअसल ऐसा इसलिए होता है कि जब हम पसंदीदा संगीत अथवा मूवी आदि पर अपना ध्यान पूर्णतया केंद्रित कर लेते हैं तो हमारे मस्तिष्क में डोपामाइन नामक रसायन स्त्रावित होता है। यह रसायन ही उस क्षणिक प्रसन्नता के लिए जिम्मेदार होता है। जैसे ही डोपामाइन का प्रभाव शांत होता है, हम पुनः उसी अवस्था में वापसी कर जाते हैं। यह क्रियाविधि हूबहू वैसी ही है जैसे कि नशे की दवाइयां अथवा इंजेक्शन की होती है। खास बात यह है कि डिजिटल ड्रग की लत के दुष्प्रभाव भी वैसे ही हैं जैसे कि नशे की दवाओं के। पहली बात तो यह कि घंटों मोबाइल फोन अथवा लैपटॉप का इस्तेमाल करते रहने से विकिरण की एक बड़ी मात्रा हमारे मस्तिष्क एवं आंखों के संपर्क में आती है। पूर्वी फिनलैंड विश्वविद्यालय में हुए एक शोध के अनुसार टीवी एवं मोबाइल पर एक सीमा से अधिक समय बिताना हृदय रोग, मोटापा, मधुमेह एवं रक्तचाप जैसी बीमारियों का कारण बनता है। इसके अतिरिक्त डिजिटल ड्रग एवं बिंजवाचिंग की लत के अनेक अन्य गंभीर दुष्परिणाम भी सामने आए हैं ,जैसे डिप्रेशन की समस्या, एंग्जायटी की समस्या, मूड स्विंग की समस्या इत्यादि। इसके अलावा जो लोग लगातार लंबे समय तक स्क्रीन से संपर्क बनाए रहते हैं उनके लिए अनिद्रा भी एक बेहद गंभीर समस्या बन जाती है। ये सारी समस्याएं ऐसी हैं जो अगर एक बार किसी के साथ लग गईं तो फिर इनसे पीछा छुड़ा पाना एक नितांत मुश्किल कार्य हो जाता है। कुल मिलाकर निष्कर्ष यह है कि डिजिटल ड्रग की लत आज के समय में एक बेहद गंभीर मुद्दा बन चुका है। यदि समय रहते इसका निवारण न किया गया तो एक वक्त ऐसा भी आएगा जब यह जानलेवा बीमारियों का कारण बन जाएगा।

(लेखक विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग, स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय, मुमुक्षु आश्रम, शाहजहांपुर हैं।)


# मन की एकाग्रता जरूरी, चंचलता से भटकाव



संकलित
दर्शन

जिसने भी अपने मन को साध लिया उसके लिए हर लक्ष्य आसान हो जाता है। मन की एकाग्रता हमें हमारी आत्मा से साक्षात्कार कराकर हमारी सफलता के नए द्वार खोलती है। इसलिए आज से ही मन को साधने में जुट जाइए। मनुष्य के मन का स्वाभाविक गुण है चंचल होना यानी एकाग्र न होना। इसका चंचल गुण बार-बार हमें हमारे लक्ष्यों से विमुख करता रहता है। मनुष्य का मन उसको भावनाओं और कामनाओं के जाल में बांधकर भांति-भांति के कार्य करवाता है। हमारा मन हमारे शरीर रूपी रथ का सारथी होता है। इसका जिस ओर मन करता है वह उधर ही इसको ले जाता है। इसमें प्रायः गलत राह भी पकड़ ली जाती है। मन का अधिक झुकाव विषयों एवं विकारों की तरफ रहता है। वहां पर हमें इसको बांधने और रोकने की जरूरत महसूस होती है। इसके लिए गीता में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को उपदेश देते हुए कहते हैं, 'हे अर्जुन यदि तुम धीर मति वाले और दृढ़ निश्चयी व्यक्ति हो तो मन की चंचलता पर काबू पाया जा सकता है। मन का मुंहजोर घोड़ा आरंभ में सवार को अपनी पीठ पर आसीन नहीं होने देता है, लेकिन अगर बार-बार कोशिश की जाए तो वह उसे सवार भी होने देगा, उसकी बात मानेगा और उसकी इच्छा के अनुसार चलेगा भी, पर सबसे कठिन होता है मन को किसी एक लक्ष्य पर टिका कर रखना। मन के दृढ़ निश्चयी होने पर ही इस पर नियंत्रण पाया जा सकता है। इसी को कहते हैं अभ्यास की तलवार चलाना।

# योग का अर्थ अपने कार्यों में दक्षता लाना



संकलित
प्रेरणा

'योग का अर्थ अपने कार्यों में दक्षता लाना है।' योग सिर्फ कसरत नहीं है, बल्कि किसी विशेष परिस्थिति में दक्षता के साथ यदि आप कार्य कर रहे हैं, तो वह भी योग ही है। नवीनता, पूर्वाभास, कौशल और बेहतर संवाद, ये सभी योग के ही प्रतिफल हैं। यह शरीर, मन और भावनाओं को सार्वभौमिक ऊर्जा के साथ जोड़ता है। योग का अर्थ है- जोड़ना। जीवन के समस्त तत्वों को विधिवत जोड़ना। धन से हमें खुशी और आराम मिलता है। योग एक ऐसा धन है, जिससे हमें संपूर्ण आराम मिलता है। योग से न सिर्फ हमारा शरीर रोगमुक्त होता है, बल्कि समाज भी हिंसा रहित होता है। संशय से मुक्त मन, बुद्धि की स्पष्टता, आघात मुक्त स्मृति और दुख से मुक्त आत्मा तो प्रत्येक मानव जीवन का अधिकार है। सभी लोग इस मकसद को पाने के लिए तड़प रहे हैं। योग इसका आसान-सा उत्तर है। लोग सोचते हैं कि योग महज कसरत भर है। ऐसा नहीं है। आज यह जानकर प्रसन्नता होती है कि योग के महत्व को पहचानकर उसे मुख्य धारा में लाया जा रहा है। विश्व भर में योग आराम, खुश रहने और रचनात्मकता का पर्याय माना जाने लगा है। योग तो व्यक्ति का व्यवहार बदल देता है। व्यवहार व्यक्ति के तनाव के स्तर से सीधे संबंध रखता है। यह उस व्यक्ति में मित्रता के भाव जाग्रत करता है। योग हमारे वाइब्रेशन में फर्क लाता है। हम अपनी उपस्थिति से कई बार बहुत कुछ अभिव्यक्त कर देते हैं, जितना कि हम बोलकर नहीं कर सकते।

## सटाका




## आज की पाती


### भीषण गर्मी में पेयजल की किल्लत

भीषण गर्मी के चलते प्रदेश के अधिकतर जलाशयों और बांधों का जलस्तर काफी गिर गया है। कई तालाब सूख गए हैं। वहीं, पेयजल की किल्लत विकराल हो रही है। मई के प्रारंभ में ही गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। जहां लोगों का हाल बेहाल हो गया है, वहीं पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। पेयजल को लेकर राजधानी रायपुर के कुछ इलाकों में हाहाकार मचा हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के लिए भटकना लोगों की मजबूरी बन गई है। पेयजल की आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है। जल आवर्धन योजनाएं अधूरी होने का खामियाजा प्रदेशवासियों को भुगतना पड़ रहा है।

*– राकेश चौहान, रायपुर*

## करंट अफेयर


# इजराइली सेना ने रफह को बताया हमास का आखिरी गढ़



इजराइली सेना ने रविवार को गाजा पट्टी में फलस्तीनी उग्रवादियों के खिलाफ लड़ाई तेज करने के साथ ही युद्ध के दौरान लगभग तबाह हो चुके उत्तर के कुछ हिस्सों में भी कार्रवाई की। हालांकि, सेना ने कहा कि उसने महीनों पहले ही उत्तर के इलाकों को हमास के नियंत्रण से मुक्त करा लिया था, लेकिन सुरक्षा बलों के हटने के बाद समूह एक बार फिर इन इलाकों में एकत्र होने का प्रयास कर रहा है। इजराइल ने दक्षिणी गाजा के रफह शहर को हमास का आखिरी गढ़ करार दिया है। सेना का कहना है कि हमास को समाप्त करने और बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए उसे कार्रवाई जारी रखनी होगी। इजराइल की तरफ से हाल के दिनों में कार्रवाई तेज करने की बात कहे जाने के बाद 3,00,000 लोगों को क्षेत्र छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है। फलस्तीनियों ने बताया कि जबालिया शरणार्थी शिविर और उत्तरी गाजा पट्टी के अन्य क्षेत्रों में इजराइल की ओर से रात भर भारी बमबारी की गई, जिससे व्यापक तबाही हुई है। स्थानीय निवासियों ने कहा कि इजराइली युद्धक विमानों ने शरणार्थी शिविर और गाजा शहर के पूर्व में जिटौन क्षेत्र पर हमला किया, जहां सैनिक एक सप्ताह से अधिक समय से फलस्तीनी उग्रवादियों से लड़ रहे हैं।

## ऑफ बीट

# शिव जी का इकलौता मंदिर जहां नहीं है नंदी की प्रतिमा



शिवालयों में नंदी की पूजा किए बिना शिव जी की पूजा अधूरी मानी जाती है। हर शिवालय में शिवलिंग के सामने नंदी जरूर होते हैं लेकिन देश का एकलौत शिव मंदिर है जहां नंदी की प्रतिमा नहीं है। महाराष्ट्र के नासिक के गोदावरी तट के पास कपालेश्वर महादेव मंदिर स्थित है। यहां भगवान शिव की प्रतिमा तो है लेकिन उनके वाहन नंदी स्थापित नहीं है। पौराणिक कथा के अनुसार ब्रह्मदेव के 5 मुख थे। चार मुख वेदोच्चारण करते थे और पांचवां मुख हमेशा लोगों की बुराई करता था। एक बार इंद्रसभा की सभा में ब्रह्मदेव का पांचवा मुख भगवान शिव की निंदा करने लगा जिससे क्रोधित होकर उस मुख को ब्रह्मदेव के धड़ से अलग कर दिया। भोलेनाथ पर ब्रह्म हत्या का पाप लग गया। इस पाप से मुक्ति पाने के लिए सोमेश्वर में एक बछड़े ने शिवजी को उपाय बताया। इस बछड़े पर भी अपने मालिक जो ब्रह्मण था उसकी हत्या का पाप लगा था। ब्रह्म हत्या के पाप से मुक्ति पाने के लिए बछड़े ने शिव जी को वही उपाय बताया जो उसने स्वयं किया था। बछड़े ने शिव जी को नासिक के पास स्थित रामकुंड में स्नान करने को कहा। इसके बाद भोलेनाथ ने बछड़ा यानी कि नंदी को अपना गुरु मान लिया।

## ट्रेंड

### आम आदमी को लाभ मिला



चुनाव प्रचार के मेरे आखिरी दिन हमारी टीम ने लद्दाख के ज़ांस्कर में ऐतिहासिक नई निम्मू-पदुम-दारचा सड़क पर टेस्ट ड्राइव किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वास्तव में 10 वर्षों के भीतर हमारे देश के सुदूर सीमावर्ती क्षेत्रों को बदल दिया है। इसका सीधा लाभ आम आदमी को मिला है।

-किरण रिजिजू, केंद्रीय मंत्री

### आ चुके होंगे रुपये



एक जुलाई 2024 को सुबह सुबह गरीब परिवार की महिलाएं जब अपना अकाउंट चेक करेंगी तो उसमें 8500 रुपए आ चुके होंगे और इंडिया की सरकार में ऐसा हर महीने की पहली तारीख को होगा। ये है आपके एक वोट की ताकत।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### बाहर आ जाऊंगा



अगले 21 दिनों में जहां-जहां संभव होगा, वहां जाऊंगा और बीजेपी को हराने के लिए प्रचार करूंगा। आप लोग अब जमकर मेहनत कीजिए। मुझे 2 जून को वापस जेल जाना होगा लेकिन अगर आप लोग 4 जून को इंडिया की सरकार बनवाएंगे तो मैं 5 को ही बाहर आ जाऊंगा।

-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली

### मां को खुश रखो



जब से पैदा हुआ हूं, तबसे मां का धन्यवाद करते हुए मां दिवस मना रहा हूं। आजकल हर बात का एक दिन बन गया तो हैप्पी मदर डे आप सबको, जीवन में खुश रहना चाहते हो तो पूरा जीवन मां को खुश रखो। जय माता की।


-अनुपम खेर, अभिनेता


हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com


## लोकसभा चुनावः चौथे चरण का मतदान

# वो हॉट सीट जहां हर एक नेता और दल की टिकी हैं नजरें : सियासी भंवर में फंसी 9 लोकसभा सीटों पर है कांटे का मुकाबला, जो जीता वही होगा सिकंदर


### दिग्गजों ने किया मतदान


चंद्रबाबू नायडू


फारुख अब्दुल्ला


असदुद्दीन ओवैसी


साक्षी महाराज


उमर अब्दुल्ला

दस राज्यों की 96 सीटों पर 1717 उम्मीदवारों का भविष्य ईवीएम में हुआ बंद। 4 जून को पता चलेगा कौन जीता कौन हारा।

| कुल दस राज्यों की | कुल बूथ | कुल मतदाता | कुल उम्मीदवार |
|---|---|---|---|
| 96 सीटों पर हुआ मतदान | 19 लाख से भी ज्यादा | 17.70 करोड़ वोटर | 1717 |

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के चौथे फेज में सोमवार को 9 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की 96 सीटों पर वोटिंग खत्म हो गई है। इस चौथे चरण में 9 लोकसभा सीटें ऐसी हैं जहां पूरे देश की नजरें हैं। वजह ये है कि सियासी भंवर जाल में फंसी इन सीटों पर कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश की 175 और ओडिशा की 28 विधानसभा सीटों पर भी मतदान हुआ है। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव, पूर्व क्रिकेटर यूसुफ़ पठान, अभिनेता और नेता शत्रुघ्न सिन्हा समेत कुल 17 सौ 17 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। इस चरण में 19 लाख से ज़्यादा पोलिंग स्टेशन पर कुल 17.70 करोड़ वोटर हैं, इनमें से 8.97 करोड़ वोटर पुरुष और 8.73 करोड़ महिला वोटर हैं।


बिहार के मुंगेर में मतदाताओं की लगी कतार।

## कहीं पथराव तो कहीं हुई झड़प, मुंगेर में पोलिंग एजेंट की हार्ट अटैक से हुई मौत



बिहार के मुंगेर में वोटिंग से पहले एक पोलिंग एजेंट की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मुंगेर में ही वोटिंग के दौरान पर्ची नहीं देने के आरोप में कुछ लोगों ने सुरक्षाकर्मियों पर पथराव किया। पुलिस ने लाठीचार्ज किया और 2 युवकों को हिरासत में ले लिया। आंध्र प्रदेश के गुंटूर से वायएसआर कांग्रेस के एमएलए अन्नाबाथुनी शिवकुमार ने एक बूथ पर वोटर को थप्पड़ जड़ दिया। जवाब में वोटर ने भी उन्हें थप्पड़ मारा। इसके बाद विधायक समर्थकों ने शख्स की पिटाई कर दी। शख्स ने विधायक को कतार में नहीं आने पर टोका, जिस पर विवाद हुआ। जहीराबाद के कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश शेतकर के भाई नागेश शेतकर ने एक वोटर को लात मारी। किसी बात को लेकर दोनों के बीच बहस हुई। इसके बाद वोटर की बाइक गिरा दी गई।

## मोदी ने पूछा- डरपोक पीएम देश चला सकता है क्या?

पटना। बिहार दौरे के दूसरे दिन सोमवार को पीएम मोदी ने हाजीपुर, मुजफ्फरपुर और छपरा के सारण में सभा की। हाजीपुर में पीएम ने कहा कि जब केंद्र में कांग्रेस और राजद वाले सरकार चलाते थे तब ईडी ने 10 साल में 35 लाख जब्त किए थे। हमने हमारी सरकार में 2 हजार 2 सौ करोड़ रुपए जब्त किए हैं। जिसे ले जाने में 70 ट्रक लगेंगे। हाजीपुर में पीएम मोदी ने कहा कि मैं यहां चिराग के लिए वोट मांगने नहीं आया हूं। वो तो जीतने ही वाला है। रामविलास जी की आत्म को शांति मिलेगी। पीएम ने कहा कि राजद के राज में सिर्फ अपहरण उद्योग ही फल-फूल रहा था। कांग्रेस और इन लोगों ने बिहार को सिर्फ पलायन और तबाही दी। पीएम ने कहा कि लालटेन वालों ने बिहार में अंधेरगर्दी फैलाई है। जंगलराज दिया है। राजद हो या कांग्रेस दोनों पार्टियों ने तुष्टिकरण को अपना सबसे बड़ा राजनीतिक हथियार बनाया है। हाजीपुर के बाद पीएम ने मुजफ्फरपुर में सभा की। उन्होंने कहा कि आप अपने मोहल्ले में भी ढीला पुलिस वाला पसंद करते हैं क्या, ढीला टीचर पसंद करते हैं क्या। फिर देश का प्रधानमंत्री मजबूत होना चाहिए या नहीं। डरपोक पीएम देश चला सकता है क्या। देश कांग्रेस जैसी डरपोक और कमजोर सरकार नहीं चाहता है।



### मोदी जिंदा है तब तक संविधान आरक्षण किसी को नहीं दूंगा

पीएम ने कहा कि बिहार के चारा वाले कहते हैं दलित, महादलित, पिछड़े, आदिवासियों को जो आरक्षण मिलता है वो उनसे लेकर पूरा का पूरा मुसलमानों को देना चाहते हैं। ये देश ऐसी कोई भी हरकत नहीं चला लेगा। मैं मर जाऊंगा, लेकिन किसी को संविधान और आरक्षण किसी को देने नहीं दूंगा। मोदी ने कहा, मोदी ने एक नई योजना बनाई है जिससे आपकी बिजली का बिल जीरो हो जाएगा। इतना ही नहीं आप घर में बिजली पैदा करके हीरो बन जाएंगी। इस योजना का नाम है 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना'।पीएम ने छपरा के सारण में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजद को अपने कामों पर वोट मांगना चाहिए।

## कन्नौज से अखिलेश और खीरी से टैनी हैं मैदान में

तीसरे चरण में उत्तर प्रदेश के कन्नौज में वोटिंग है। यहां से राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव मैदान में हैं। अखिलेश का मुकाबला भाजपा के सुब्रत पाठक से है। साल 2019 में यहां भाजपा के सुब्रत पाठक ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को नजदीकी मुकाबले में हरा दिया था। इससे पहले साल 2014 के लोकसभा चुनाव में यहां से डिंपल यादव और 2009 में अखिलेश यादव ने चुनाव जीता था। खीरी लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्र तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। उनका मुकाबला समाजवादी पार्टी के उत्कर्ष वर्मा से है। साल 2014 से इस सीट से अजय कुमार मिश्र जीतते आए हैं।



## महुआ मोइत्रा और युसुफ पठान मैदान में

पश्चिम बंगाल में चौथे चरण में नदिया जिले की कृष्णनगर सीट पर भी मतदान हो रहा है। यहां से तृणमूल कांग्रेस की कद्दावर नेता महुआ मोइत्रा मैदान में हैं, उनका मुकाबला भाजपा की अमृता राय से है। पिछले लोकसभा चुनाव में यहां से मोइत्रा ने भाजपा के कल्याण चौबे को हराया था। इस सीट पर साल 2009 से ही तृणमूल कांग्रेस जीतती आई है। भाजपा यहां 25 साल पुराने इतिहास को दोहराने का दावा कर रही है। साल 1999 में भाजपा के सत्यब्रत मुखर्जी यहां से चुनाव जीत चुके हैं। मुर्शिदाबाद जिले के बहरमपुर से पूर्व क्रिकेटर और टीएमसी नेता यूसुफ़ पठान मैदान में हैं। टीएमसी ने उन्हें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी के ख़िलाफ़ उतारा है। साल 1999 से ही अधीर रंजन चौधरी इस सीट से जीतते आ रहे हैं। 2014 और 2019 के चुनाव में टीएमसी यहां दूसरे नंबर पर रही। 2014 में अधीर ने टीएमसी उम्मीदवार को ढाई लाख से ज़्यादा वोटों से हराया था, वहीं 2019 में ये आंकड़ा घटकर क़रीब 80 हज़ार रह गया। पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट से शत्रुघ्न सिन्हा मैदान में हैं। वो यहां से साल 2022 में उपचुनाव जीत चुके हैं। उन्होंने भाजपा की अग्निमित्रा पॉल को हराया था। इस बार उनका मुक़ाबला भाजपा उम्मीदवार एसएस अहलूवालिया से है। साल 2019 में यहां से बीजेपी के बाबुल सुप्रियो जीते थे। लेकिन बाद में वो इस्तीफ़ा देकर तृणमूल कांग्रेस में चले गए, जिसकी वजह से यहां उपचुनाव हुए थे।





## बेगूसराय से गिरिराज तो खूंटी से मुंडा आजमा रहे हैं भाग्य

भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह बिहार की बेगूसराय सीट से मैदान में हैं। चुनाव में बेगूसराय में मुख्य मुकाबला भाजपा के गिरिराज सिंह और सीपीआई उम्मीदवार अवधेश राय के बीच है। 2019 लोकसभा चुनाव में बिहार में बेगूसराय की लड़ाई राष्ट्रीय स्तर पर सुर्ख़ियों में थी। उस समय यहां मुख्य लड़ाई गिरिराज सिंह और कन्हैया कुमार के बीच थी। कन्हैया कुमार उस समय भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) में थे। गिरिराज सिंह ने उस वक्त कन्हैया कुमार को 4 लाख से ज़्यादा वोटों से हराया था। साल 2014 में यहां से भाजपा के भोला सिंह ने जीत दर्ज की थी। केंद्रीय मंत्री और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, झारखंड की खूंटी सीट से मैदान में हैं। साल 2004 के लोकसभा चुनाव को छोड़कर इस सीट पर भाजपा पिछले क़रीब 3 दशक से चुनाव जीतती आ रही है। साल 2019 के चुनाव में बेहद क़रीबी मुक़ाबले में अर्जुन मुंडा को जीत मिली थी। उन्होंने कांग्रेस के कालीचरण मुंडा को हराया था। इस बार भी अर्जुन मुंडा का मुक़ाबला कालीचरण मुंडा से ही है।



## अनुराग सिंह ठाकुर ने हमीरपुर से पांचवीं बार नामांकन किया दाखिल, पिता भी रहे साथ

शिमला। हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी है। आज (सोमवार) को हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने पांववीं भार नामांकन दाखिल किया। भाजपा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर अपने पिता और हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के साथ अपना नामांकन दाखिल करने पहुंचे। अनुराग सिंह ने कहा कि हिमाचल मोदी जी का दूसर घर है, हिमाचल ने जो मांगा वो दिया है।



## माधवी लता और असदुद्दीन ओवैसी में कांटे की टक्कर



हैदराबाद सीट इस बार सुर्ख़ियों में है। यहां चौथे चरण में वोटिंग हो रही है. ये सीट क़रीब चार दशक से ओवैसी परिवार के पास है। फ़िलहाल, इस सीट से एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी चार बार से सांसद हैं। इस बार उनका मुक़ाबला बीजेपी की माधवी लता से है, जो लगातार सुर्ख़ियों में बनी हुई हैं। माधवी इससे पहले कभी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ी हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में ओवैसी ने भाजपा के भगवंत राव को हराया था।

## वाईएस शर्मिला भी आजमा रहीं भाग्य



आंध्र प्रदेश की कडप्पा सीट से मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की बहन वाईएस शर्मिला कांग्रेस की उम्मीदवार हैं। यहां पर उनका मुक़ाबला अपने भाई जगन मोहन रेड्डी के द्वारा उतारे गए वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार अविनाश रेड्डी से है। अविनाश रेड्डी 2014 और 2019 लोकसभा चुनाव में यहां से जीतते आ रहे हैं।

### मेरे नाम पर पहले ही वोट डल गया

पुणे शहर कांग्रेस प्रमुख अरविंद शिंदे ने आरोप लगाया है कि उनका वोट किसी और ने डाल दिया। उन्होंने शिकायत की है कि जब वह सोमवार को रास्ता पेठ के सेंट मीरा इंग्लिश मीडियम स्कूल में मतदान केंद्र पर पहुंचे तो उनका नाम मतदाता सूची में तो था, लेकिन किसी ने पहले ही वोट डाल दिया था। शिंदे ने कहा कि पता चलने के बाद उन्होंने इस पर आपत्ति जताई और बाद में उन्हें 'टेंडर वोट' प्रक्रिया का उपयोग करके मतदान करने की अनुमति दी गई।



### पीएम को देख खुशी से छलके आंसू



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक बेहद खास वीडियो सामने आया है। दरअसल, पीएम मोदी जब बिहार के सारण में रैली करने के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद उनका खास अंदाज में स्वागत किया गया। उनके सामने वंदे-मातरम और जय श्रीराम के नारे लगाए गए। इतना ही नहीं पीएम मोदी के स्वागत में खड़ी भाजपा की एक महिला कार्यकर्ता उन्हें देखकर भावुक हो जाती हैं और खुशी में महिला कार्यकर्ता के आंखों से आंसू निकल पड़ते हैं।

### शाह ने उद्धव से पूछा- आप प्राण प्रतिष्ठा में क्यों नहीं गए

भाजपा नेता, प्रमुख स्टार प्रचारक और केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने सोमवार को महाराष्ट्र में धुले में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में अपने सम्बोधन के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, "मैं कांग्रेस पार्टी के नेताओं से और विशेषकर उद्धव ठाकरे जी से पूछना चाहता हूं कि जब प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण आपको मिला, तो आप प्राण प्रतिष्ठा में क्यों नहीं गए। क्योंकि इन्हें वोट बैंक का डर था, लेकिन हमें कोई डर नहीं है।" अमित शाह ने कहा कि केंद्र में सोनिया-मनमोहन की सरकार थी, आए दिन बम धमाके होते थे। मुंबई को भी दहला कर चले गए थे। मोदी जी आए, फिर से उन्होंने गलती की, उरी और पुलवामा में हमला किया। 10 ही दिन में सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक कर पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकियों का सफाया किया।



### जिसके पीछे ईडी है उसे वोट न दें: अन्ना

सीएम अरविंद केजरीवाल के गुरु और समाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने आज अपने शिष्य पर ही निशाना साधा है। कभी साथ मिलकर भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले अन्ना हजारे ने केजरीवाल पर ही शराब घोटाले को लेकर कटाक्ष किया है। अन्ना हजारे ने आज अपना वोट डालने के बाद लोगों से एक खास अपील की। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को सही उम्मीदवार चुनना चाहिए क्योंकि देश की चाबी गलत हाथों में नहीं जानी चाहिए।



### जज रहे गंगोपाध्याय कोर्ट की शरण में

बंगाल में तमलुक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार अभिजीत गंगोपाध्याय ने इस महीने की शुरुआत में अपने खिलाफ दायर एक एफआइआर को चुनौती देते हुए सोमवार को उसी अदालत की एकल-न्यायाधीश पीठ का दरवाजा खटखटाया जहां वो पहले कभी जज थे। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की एकल-न्यायाधीश पीठ ने याचिका स्वीकार कर ली है। मामले की मंगलवार को सुनवाई होगी।



## आंधी के बाद बदला मौसम, शहर में सीजन की पहली बारिश

अस्तव्यस्त हुई मुंबई में व्यावसायिक गतिविधियां प्रभावित

# धूल धूल हुई मुंबईः देश की आर्थिक राजधानी में धूल इतनी कि अंधेरा छा गया, आधा घंटे तक फ्लाइट भी नहीं उड़ पाई

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में सोमवार को अचानक मौसम ने करवट ली। यहां धूल भरी आंधी के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। तेज हवा और आंधी से दिन में ही रात सा नजारा दिखने लगा।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में सोमवार को अचानक मौसम ने करवट ली। यहां धूल भरी आंधी के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। तेज हवा और आंधी से दिन में ही रात सा नजारा दिखने लगा। हर तरफ अंधेरा छा गया। तेज हवा के चलते चारों तरफ धूल का गुबार नजर आने लगा। तेज आंधी और बारिश के कारण हवाई सेवाएं भी आधा घंटे के लिए ठप पड़ गईं। उड़ानों के परिचालन पर रोक लगा दी गई।

**50-60** किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली आंधी

फ्लाइट नहीं उड़ने से यात्री हुए परेशान



**मौसम ने जारी की चेतावनी**

मौसम ने भी चेतावनी जारी की है कि कहा ठाणे जिलों में अलग-अलग स्थानों पर 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं के साथ बिजली चमकने और मध्यम से तीव्र बारिश देर रात तक हो सकती है। बाहर निकलते समय सावधानी बरतें। आईएमडी ने पहले भी मुंबई के लिए 10 मई से मध्यम या गरज के साथ तेज बारिश की संभावना जताई थी।

### हवा में रुकावट के कारण आती है आंधी

मौसम के जानकारों का कहना है कि मुंबई, पालघर, ठाणे, नवी मुंबई और अन्य हिस्सों में उठी आंधी हवा में रुकावट के कारण होता है। हवाएं विपरीत दिशाओं (उत्तर से दक्षिण और दक्षिण से उत्तर) से बह रही हैं. यही तूफान का कारण बन रहा है। ये उच्च तापमान के कारण नहीं है। अगले कुछ घंटों में तूफान शांत हो जाएगा। देश के सबसे व्यस्त हवाईअड्डों में से एक मुंबई हवाईअड्डे पर भारी धूल भरी आंधी और बारिश के कारण लैंडिंग और टेकऑफ़ परिचालन को 30 मिनट के लिए निलंबित कर दिया गया है।

# पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 20 मई को होगी सुनवाई

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की खंडपीठ ने हेमंत सोरेन की याचिका पर सुनवाई की। अब 20 मई को इस मामले में अगली सुनवाई होगी। पूर्व सीएम ने जमीन घोटाले से जुड़े मनी लाउंडरिंग केस में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। पिछले 10 मई को सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की उस याचिका को निष्पादित कर दिया था, जिसमें उन्होंने झारखंड हाईकोर्ट को यह निर्देश देने का अनुरोध किया था कि मनी लाउंडरिंग केस में उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ उनकी याचिका पर वह फैसला सुनाए।झारखंड के पूर्व सीएम व झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत मांगी थी। उन्होंने आग्रह किया था कि उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर जब तक हाईकोर्ट का आदेश नहीं आ जाता, तब तक उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रचार करने की अनुमति दी जाए।

### अंतरिम जमानत के लिए गए थे सुप्रीम कोर्ट



### झारखंड हाईकोर्ट ने खारिज कर दी थी याचिका

झारखंड हाईकोर्ट ने पिछले तीन मई को पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की वह याचिका खारिज कर दी थी, जिसमें उन्होंने ईडी की गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट के इस आदेश के खिलाफ वे सुप्रीम कोर्ट गए थे।

## नर्मदा तटों पर होंगे स्नान, ध्यान और धार्मिक अनुष्ठान

# वैशाख माह की गंगा सप्तमी आज

जबलपुर।

वैशाख माह की पुण्य गंगा सप्तमी तिथि आज 14 मई को मनाई जाएगी। इस दिन गंगा नदी सहित अन्य पवित्र नदियों में स्नान दान करने और भगवान सत्यनारायण की कथा सुनने का पुण्य फल प्राप्त होता है। आज गंगा सप्तमी पर नर्मदा तटें पर स्नानार्थियों की भीड़ उमड़ेगी। वैशाख शुक्ल की सप्तमी को गंगा जी अवतरित हुई थी, इसलिए इसे गंगा सप्तमी के त्यौहार के रुप में मनाया जाता है। मान्यता है कि इसी दिन गंगा जी धरती पर आई थीं। स्कंद पुराण, वाल्मीकि रामायण आदि में गंगा की जन्म कथा का वर्णन मिलता है। गंगा नदी को हिन्दू धर्म में देवी का रूप माना जाता है। गंगा नदी के तट पर कई अलग-अलग तीर्थ स्थित हैं। गंगा नदी को भारत की सभी नदियों में सबसे पवित्र और पवित्र माना जाता है। मान्यता है कि गंगा नदी में स्नान करने से व्यक्ति को सभी पापों से मुक्ति मिल जाती है। गंगाजल को अमृत के समान माना गया है। गंगा जी से कई त्योहारों का भी संबंध रहा है। मकर संक्रांति, कुंभ और गंगा दशहरा के अवसर पर गंगा जी में स्नान और प्रार्थना की जाती है।



### गंगा जी के जन्म की कथा

गंगा जी भक्ति और समर्पण के आकर्षण का केंद्र हैं। गंगा जी के महत्व और वैभव का वर्णन करते हुए उनके बारे में अनेक ग्रन्थ लिखे गए हैं। गंगा जी के विषय में अनेक किवदंतियाँ प्रसिद्ध हैं। ऐसी ही एक कथा के अनुसार गंगा जी की उत्पत्ति भगवान विष्णु के पैरों के पसीने से हुई थी। यह भी कहा जाता है कि गंगा जी की उत्पत्ति भगवान ब्रह्मा के कमंडल से हुई थी।एक और कथा के अनुसार कहा जाता है कि जब भगवान विष्णु ने वामन अवतार में बाली का वध किया तो भगवान ब्रह्मा ने भगवान विष्णु के चरण साफ किए और जल को अपने कमंडल में रख लिया। एक अन्य कथा के अनुसार, भगवान शिव ने भगवान ब्रह्मा, भगवान विष्णु और नारद मुनि के लिए एक गीत गाया था। भगवान विष्णु को पसीना आने लगा और भगवान ब्रह्मा ने इस पसीने को अपने कमंडल में रख लिया। कहा जाता है कि इसी कमंडल से गंगा जी की उत्पत्ति हुई थी।

### गंगा सप्तमी का महत्व

शास्त्रों के अनुसार गंगा जी वैशाख शुक्ल पक्ष सप्तमी के दिन स्वर्ग लोक से भगवान शिव के केश में पहुंची थीं। इसलिए इस दिन को गंगा जयंती और गंगा सप्तमी के रूप में मनाया जाता है। जिस दिन गंगा जी की उत्पत्ति हुई थी उसे गंगा जयंती के नाम से जाना जाता है। इसी प्रकार जिस दिन गंगा जी पृथ्वी पर पहुंची थीं उसे गंगा दशहरा के नाम से जाना जाता है।पुराणों के अनुसार, गंगा जी की उत्पत्ति भगवान विष्णु के अंगूठे से राजा सगर के 60 हजार पुत्रों की राख को आशीर्वाद देने के लिए हुई थी, जो कपिल मुनि के श्राप से भस्म हो गए थे। राजा सगर के उत्तराधिकारी भागीरथ ने गंगा जी की पूजा अर्चना की और उन्हें इस धरती पर लाए। इसलिए गंगा जी को भागीरथी के नाम से भी जाना जाता है।



# ग्रीष्मकालीन मार्शल आर्ट खेल ताइक्वांडो प्रशिक्षण शिविर का हुआ भव्य शुभारंभ

## कृष्णा होम्स बिलहरी में बच्चे सीख रहे आत्मरक्षा के गुर

**जबलपुर**। मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी ऑफ इंडिया के संस्थापक राजकुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग मप्र द्वारा खेल को बढ़ावा देने हेतु जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग जबलपुर के निर्देशानुसार मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी ऑफ इंडिया के संयोजन में ग्रीष्मकालीन आत्मरक्षा मार्शल आर्ट खेल विधा ताइक्वांडो (कोरियन मार्शल) प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कृष्णा होम्स गार्डन परिसर बिलहरी, रॉक फोर्ट फाउंडेशन स्कूल कृपाल चौक मदन महल, प्रेमनगर बंगाली कालीबाड़ी मंदिर परिसर मदन महल, मानकुंवारी हंसा हायर सेकण्डरी स्कूल बरेला, श्री जानकीरमण महाविद्यालय जबलपुर में किया गया। शिविर के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में थाना प्रभारी मझौली लवकेश उपाध्याय, अध्यक्षता विजय पांडे उपाध्यक्ष मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी, विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकुमार यादव संस्थापक मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी ऑफ इंडयिा, रमेश तिवारी वरिष्ठ पत्रकार, सौपनिल मूर्ति मंचासीन रहे। मंचासीन अतिथियों का स्वागत एकेडमी के प्रशिक्षक जयराज चौधरी, खिलाड़ी आदित्य शुक्ला, मानवराज यादव, कार्तिक यादव, भौमिक सिंह जाटव, शौर्य विक्रम वीर, विधान बिरहा, मानवी यादव, वैष्णवी उपाध्याय, प्रियांशी उपाध्याय, काव्य कोरी, हार्दिक कोरी, कामाक्षा पटेल, रेशु सिंह मसराम, रमन झारिया, नव्या चौरसिया ने फूलमाला पहनाकर किया। आभार व्यक्त एकेडमी के संस्थापक राजकुमार ने किया।

# मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ संभागीय कार्यकारिणी ने शपथ ग्रहण की

जबलपुर।

मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ संभागीय शाखा के संभागीय अध्यक्ष विपिन पीपरे ने बताया कि संभागीय कार्यकारिणी का गठन हो जाने के पश्चात शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। संघ के प्रांताध्यक्ष महेन्द्र शर्मा ने संभागीय पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मेडीकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ. अरविन्द शर्मा, उप अधीक्षक डॉ. ऋचा शर्मा एवं केन्द्रीय प्रबंध समिति के प्रदेश संरक्षक चूरामन रैकवार, कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर भार्गव, उप प्रांताध्यक्ष विरजू जाटव, रामकुंडल सेन, कोषाध्यक्ष कमलेश पटेल, महामंत्री अजय दुबे, प्रांतीय सचिव सहदेव रजक उपस्थित थे। प्रांताध्यक्ष महेन्द्र शर्मा का निर्वाचन उपरांत प्रथम नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान जबलपुर संभाग के सभी जिला अध्यक्ष नारायण पटेल, प्रकाश सिंह चंदेले, पुर्णेश उइके, मिश्रीलाल यादव, संदीप उइके, जिला स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष रविन्द्र राय, वैद्यनाथन अय्यर, राजेन्द्र कनौजिया, अरुण चतुर्वेदी, संजय रजक, प्रेमनारायण ठाकुर, सुरेश वाल्मीकि, मुन्नालाल रजक सहित अन्य उपस्थित रहे।






### अल्प प्रवास पर डुमना पहुंचे शिवराज का स्वागत

**जबलपुर**। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का सोमवार को डुमना विमानतल पर अल्प प्रवास हुआ। पूर्व मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल के हावड़ा के चुनाव प्रसार के लिए जाते हुए सोमवार की सुबह अल्प प्रवास पर जबलपुर पहुंचे, इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू, नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल सहित अन्य नेताओं ने विमानतल पर पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत किया। डुमना में कुछ देर रुकने के बाद श्री चौहान पश्चिम बंगाल हावडा के लिए रवाना हो गए।

# मंचदीप ने किया वरिष्ठ चित्रकार हरि भटनागर का सम्मान

## वरिष्ठजनों के सम्मान में समारोह आयोजित कर रही संस्था

जबलपुर।

साहित्य, संस्कृति, कला एवं खेल जगत की अग्रणी संस्था मंचदीप द्वारा वरिष्ठ चित्रकार और शिक्षाविद हरि भटनागर को सम्मानित किया गया। समारोह के प्रारंभ में मंचदीप के संस्थापक मथुरा जैन उत्साही ने हरि भटनागर की कला यात्रा के संबंध में विचार रखे। मंच संचालन संस्था संयोजक मनीष तिवारी ने किया। संस्था द्वारा हरि भटनागर को शाल, श्रीफल, सम्मान निधि और भगवान श्रीराम का चित्र भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक विनय सक्सेना, शासकीय ललित कला संस्थान की प्राचार्य डॉ. राजलक्ष्मी त्रिपाठी, हास्य कलाकार केके नाइकर, डॉ. हर्ष सक्सेना, कवयित्री वंदना सोनी, राजेश पाठक प्रवीण, यशोवर्धन पाठक, जगदीश पटेल सहित अन्य ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सादिक खान, दीपक तिवारी दीपक, रमाकांत गौतम, पं. शिवदयाल शुक्ला, सुशील श्रीवास्तव, दिलीप लखेरा, डॉ. राजीव भटनागर, चित्रकार निधि जैन मुंबई, नीलिमा जैन, डॉ. मुस्कान भटनागर, नूतन जैन आदि की उपस्थिति रही। मंचदीप के संस्थापक मथुरा जैन उत्साही और संयोजक मनीष तिवारी ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाले संस्कारधानी के वरिष्ठजनों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है इसी श्रृंखला में मंचदीप का यह इस वर्ष का तीसरा सम्मान समारोह रहा।

नाइकर और प्रवीण भी सम्मानित- देश के प्रसिद्ध हास्य कलाकार केके नाइकर और राजेश पाठक प्रवीण को भी समारोह में सम्मानित किया गया।





# अभिजीत दुबे को पीएचडी की उपाधि मिली

**जबलपुर**। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से विश्वविद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ शोध के कार्य भी निरंतर जारी हैं। इसी क्रम में असेसमेंट ऑफ ग्रोथ एण्ड यील्ड ऑफ चिकपी कल्टीवार अंडर वेरीइंग इनवायरमेंट इन कैमोर प्लेटू एवं सतपुड़ा हिल रीजन शोध विषय पर अभिजीत दुबे ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। डॉ. अभिजीत दुबे ने डॉ. अनय रावत के मार्गदर्शन में अपना शोध पूर्ण किया।इस अवसर पर अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. एस.के. पांडे, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के. कौतू, संचालक विस्तार सेवायें डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा, संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. आर.एस. शुक्ला, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष डॉ. प्रवीण कुमार मिश्रा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, कुलसचिव रेवासिंह सिसोदिया, लेखानियंत्रक डी.आर. महोबिया, उपलेखा नियंत्रक डॉ. अजय खरे, उपकुलसचिव डॉ. आर.के. समैया, डॉ. टी.आर. शर्मा, कार्यपालन यंत्री डॉ. ए.के. राय. सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. बी.एस. द्विवेदी सहित सभी विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, वैज्ञानिकों ने डॉ. अभिजीत को बधाई प्रेषित की।



# गौतम बुद्ध जयंती की पूर्व संध्या पर विश्व शांति धम्म यात्रा 22 को

**जबलपुर**। बोधिसत्व डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर संयुक्त जयंती महोत्सव समिति जबलपुर के तत्वावधान में 22 मई को विश्व गुरु तथागत गौतम बुद्ध की 2568वीं त्रिगुण पूर्णिमा गौतम बुद्ध जयंती की पूर्व संध्या के अवसर पर शाम 06 बजे सिविक सेंटर से विश्व शांति धम्म यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा मालवीय चौक, बड़ा फुहारा, बड़ी ओमती, घोड़ा नक्कास होते हुए डॉ. आम्बेडकर चौक पहुंचकर संपन्न होगी। बौद्ध विहारों के समस्त सदस्यों से उपस्थिति की अपील पंकज मेश्राम, उत्तम गायकवाड़, सेवक पाटिल, सुंदरलाल, अनिल सहारे, छाया धाबर्डे, दिलीप सहारे, टीडी हुमने, मीना खापर्डे, विश्वनाथ धारगे, वीरेन्द्र बौद्ध संजय शेंडे, पंकज पाटिल, देवेन्द्र मडके और समिति सदस्यों ने की है।



# सेंट जोसफ कॉन्वेंट, सदर : कक्षा 10 में रिचा डे को मिले 94% अंक

**जबलपुर**। सेंट जोसफ स्कूल सदर की छात्रा रिचा डे ने सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल को गौरवान्वित किया। रिचा डे सिविल लाइंस निवासी पंकज डे एवं इंजीनियर पिंकी डे की पुत्री हैं। रिचा डे का कहना है कि वे आगे चलकर आर्किटेक्ट इंजीनियर बनकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहती हैं। रिचा डे का सपना है कि भारत में भी अमेरिका जैसे विकसित देश की तरह इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास होना चाहिए। स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर नव्या मैथ्यू और शिक्षकों ने रिचा डे के सुखद भविष्य की कामना की है।



## समर कैम्प 15 से

**जबलपुर**। विविधा कला सांस्कृतिक अकादमी द्वारा 15 मई से 10 जून तक समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, उक्त कैम्प में नाट्य अभिनय, संगीत, वाद्य, गिटार, सिंथेसाइजर एवं लोक नृत्य का प्रशिक्षण दिया जाएगा। अधिक जानकारी संस्था में जाकर या संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

# वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ की मुख्य शाखा में निर्विरोध चुने गए पदाधिकारी

**जबलपुर**। वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ जबलपुर की मुख्य शाखा का द्विवार्षिक अधिवेशन दिनांक 09 मई को मंडल परिषद् कार्यालय जबलपुर में डब्ल्यूसीआरएमएस के जोनल महामंत्री अशोक शर्मा, संयुक्त महामंत्री सतीश कुमार, मंडल सचिव डी.पी. अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष एस.एन. शुक्ला की उपस्थिति में चुनाव संपन्न हुआ। इस चुनाव में मुख्य शाखा जबलपुर के सचिव पद पर आर.ए.सिंह एवं अध्यक्ष पद पर रोशन सिंह यादव निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए। कार्यकारी अध्यक्ष हर्ष वर्मा, कोषाध्यक्ष अनिल चौबे, संगठन सचिव एस.के.वर्मा एवं उपाध्यक्ष के पद पर एस.पी.सिंह, रविपाल सिंह, चंदन सिंह रावत, ब्रिजेन्द्र सिंह रघुवंशी, आशीष कुमार चड्ढा एवं सह सचिव के पद पर मनीष कुमार, विकास चंद, राजेश कुमार मिश्रा, शारदा प्रसाद, गंगाराम निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। महिल विंग की सचिव पद पर वंदना विष्वकर्मा एवं अध्यक्षा देवकी राय निर्वाचित घोषित की गईं। कार्यकारी अध्यक्ष हर्षिता श्रीवास एवं उपाध्यक्ष कमला कोरी, रजिया बेगम, सोनम खरे, सोनिया यादव, अनामिका चैरसिया, खुशबू कुमारी निर्वाचित हुईं। यूथ विंग के अध्यक्ष पद पर नकुल कुमार सिंह एवं सचिव पद पर महेन्द्र गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष नीरज हिमांशु निर्वाचित हुए। चुने गए पदाधिकारियों का स्वागत माला पहनाकर महामंत्री, मंडल सचिव, मंडल अध्यक्ष के साथ अनेक कर्मचारियों अफजल हाशमी, संदीप श्रोती, बॉबी धौलपुरी, मुकेष चंद्र रमोला, लोकसिंह, कुलकर्णी हर्दा, निखिल पटेल, रोहित, सुमित शुक्ला द्वारा किया गया।

**आम सूचना**

आम जनता एवं सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती अनिता दुबे पत्नि दिनेश कुमार दुबे निवासी वॉटर वर्क्स रोड भीटा जबलपुर द्वारा श्री सौरभ खरे पिता स्व. रमेश खरे निवासी म.नं. 1125, दुर्गा चौक रोड, उर्दू विद्यालय के पीछे, फूटाताल रवीन्द्रनाथ टेगौर वार्ड, पोस्ट लकड़गंज जबलपुर आधार संख्या 5434 0853 9221 PAN EFEPK5893G के स्वामित्व की भूमि जो उमरिया में मॉ मंदाकिनी परिसर के नाम से प्लाटिंग करके विक्रय की जा रही है, उसके प्लाट नंबर 9 रकवा 1500 वर्गफुट जो की आवासीय डायवर्टेड प्लाट है, जो मौजा उमरिया, नं.बं. 8, प.ह.नं. 28/16 हल्का तिलहरी के खसरा नंबर 137/1 का एक भाग है, इसका तहसील एवं जिला जबलपुर म.प्र. है को खरीद करने का सौदा समस्त अधिकारों के साथ किया जा चुका है। इस हेतु बयाना राशि विक्रेता श्री सौरभ खरे को दी जा चुकी है सौदा निश्चित हो चुका है, मात्र पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादित किया जाना शेष है।

उपरोक्त भूमि के स्वामित्व, आधिपत्य एवं अंतरण के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, हिस्सेदार, बैंक विकास बोर्ड, प्राधिकरण, साहूकार, ग्राम पंचायत, शासन प्रशासन या किसी शासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में आकर उपरोक्त भूमि से संबंधित समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय अवधि समाप्त होने के पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी, और मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त भूमि का पंजीकृत विक्रयपत्र का निष्पादन शासकीय पंजीयन कार्यालय में करा लिया जावेगा।

जबलपुर, दिनांक-11/05/2024

भवदीय
दिनेश कुमार वर्मा (अधिवक्ता)
ऑफिस/निवास त्रिमूर्ति मंदिर छापर रामपुर
जिला जबलपुर म.प्र.
मो.नं. 9993920093, 7999155022

# कमिश्नर ने मिट्टी के संरचनाओं के बारे में दी जानकारी

**जबलपुर**। कमिश्नर अभय वर्मा ने मॉडल स्कूल में संचालित ज्ञानाश्रय कोचिंग में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को मार्गदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने भारत की मिट्टी के संबंध में जानकारी देते हुये कहा कि भारत में जलोढ़ मृदा 44 प्रतिशत है। जिसका प्रमुख कारण भारत में नदियों की संख्या अधिक होना है। उन्होंने कहा कि इस कारण भारत में कृषि और अन्य वनस्पति के विकास के लिये सर्वाधिक ऊपजाऊ क्षेत्र है। इसके साथ ही उन्होंने मृदा के भौतिक और रासायनिक एवं जैविक गुणों पर चर्चा की। जिसके अंतर्गत मृदा की बनावट, मृदा संरचना, मृदा रंग, मृदा घनत्व, मृदा परिच्छेदिका, पोषक तत्वों की उपलब्धता, मृदा जल, मृदा घोल, मृदा लवणता, मृदा में पाये जाने वाले जैविक घटक, कार्बनिक पदार्थ, मृदा निर्माण की प्रक्रिया, मृदा के प्रकार में, जलोढ़ मृदा, काली मृदा, लाल-पिली मृदा, पर्वतीय मृदा, लवणीय मृदा, लैटेराइट मृदा, मरूस्थलीय मृदा, पीट एवं जैव मृदा, भाबर मृदा, तराई मृदा, बॉंगर मृदा, खादर मृदा, मृदा अवकर्षण, मृदा अपरदन, जल अपरदन, वायु अपरदन, हिमानी अपरदन, झूम कृषि भूस्खलन अपरदन, परत अपरदन, अवनालिका अपरदन, मृदा संरक्षण के उपाय, जिनमें मेड़बंदी, फसल चक्र, कृषि वानिकी, वृक्षारोपण, वर्मीकंपोस्ट, झूम खेती पर रोक, मृदा संरक्षण नियोजन के लिए बंजर भूमि को कृषि योग्य बनाना, राष्ट्रीय बंजर भूमि विकास बोर्ड, समेकित बंजर भूमि विकास कार्यक्रम, सूखाग्रस्त क्षेत्र विकास कार्यक्रम ग्रीन इंडिया पर राष्ट्रीय मिशन आदि बिन्दुओं को विस्तार से बताया।



# श्रीकृष्ण का जन्म सनातन के सत्य के लिए हुआ: आकर्षण महाराज

## पुलिस लाइन में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**जबलपुर**। पौराणिक अद्भुत विद्या शोध संस्थान, श्री सिद्धेश्वर धाम पीठाधीश्वर स्वामी आकर्षण महाराज श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस पर व्यास पीठ से संबोधित करते हुए कहा श्री कृष्ण का प्रगटय सनातन के सत्य के लिए हुआ है, कहने का तत्यपर हैं परमतत्त्व निर्गुण.निर्मल एवं शान्त हैं तथा जिससे स्थावर. जङ्गम के समस्त प्राणी व्याप्त है, हमे किसी की बातों पर नहीं सत्य के भाव को जानना चहिए। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन टी आई टी कॉलोनी कुचबंधिया मोहल्ला पुलिस लाइन में किया जा रहा है।आज के समय की विषम परिस्थिति है की जेल में साजा काट रहे लोग भगवान की निंदा करते हैं। जेल से बहार आने के लिए न न प्राकर के प्रलाप कर रहे हैं। ईस निंदक स्वयं को अहंकार में भगवान बना बैठे हैं, सामाजिक, जाति आधारित संताता प्राप्त कर मोक्ष दिलाने की बात करते हैं, जबकि ब्राम्हण और विप्र दोनों शब्दों में देवत्व की प्रधानता होने के कारण भगवान में भेद नहीं करते हैं। सभी जीव के मत और साधना का सम्मान करते हुए सभी को अपने मत और अनुभव को दुनियां तक पहुंचाया। इस मौके पर उद्देश्य, पारस, मोंटी, आशु, हिमांशु, राम गोपाल गर्ग, मुरारी लाल पाण्डे, रामसेवक, शिव कु चोबे, ज्योति गर्ग आदि मौजूद रहे।



**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**
क्रमांक-अधी.यंत्री/कालोनी सेल/2024-25/59
दिनांक 08/05/2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम कजरवारा न.बं. 505 प.ह.नं. 23/27 नया 10 खसरा नं. 335, 337, 338 कुल रकबा 0.587 हेक्टेयर (5870 वर्गमीटर) भूमि पर (दादा धनीराम विहार) आवासीय भूखंडीय विकास की अनुमति हेतु विकासकर्ता/कालोनाईजर मेसर्स खेमवती बाई पटैल पति स्व. श्री धनीराम पटैल कालोनाईजर निवासी 1326, कजरवारा, पुरानी बस्ती, पटेल मोहल्ला, भीटा, जबलपुर द्वारा कालोनी विकास अनुमति प्राप्त करने के लिए निष्पादित विकास अनुबंध अनुसार विकास कार्यो के विरुद्ध भूखंड क्रमांक 1, 5, 6, 22 कुल 4 भूखण्ड क्षेत्रफल 582.86 वर्गमीटर नगर निगम जबलपुर में बंधक रखे गए है । अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दर्शित संपत्ति / भूखंडों का क्रय विक्रय कालोनी विकासकर्ता द्वारा नगर निगम से विकास कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पूर्व न किया जावे उपरोक्त संबंध में विस्तृत जानकारी एवं विवरण तथा अभिन्यास का अवलोकन कार्यालयीन कार्य दिवस में नगर पालिक निगम जबलपुर कालोनी सेल कक्ष क्रमांक 5 में किया जा सकता है ।

**अधीक्षण यंत्री
कालोनी सेल
नगर निगम, जबलपुर**

# फॉर्च्यून पहली धार फर्स्ट-प्रेस्ड मस्टर्ड ऑयल लॉन्च

## खाद्य तेल ब्रांड फॉर्च्यून ने परंपरा को पुनर्जीवित किया

मुंबई।

सबसे बड़ी खाद्य एवं एफएमसीजी कंपनियों में से एक और भारत की प्रमुख खाद्य तेल कंपनी, अदाणी विल्मर लिमिटेड (एडब्ल्यूएल) ने फॉर्च्यून पहली धार फर्स्ट-प्रेस्ड मस्टर्ड ऑयल के लॉन्च की घोषणा की है। यह लॉन्च, सरसों के तेल की श्रेणी के स्तर को बढ़ाकर एक प्रीमियम उत्पाद पेश करेगा, जो असाधारण स्वाद, शुद्धता एवं परंपरा के प्रशंसक ग्राहकों की ज़रूरतों को पूरा करेगा।




इस ब्रांड के फर्स्ट-प्रेस्ड सरसों के तेल का लॉन्च उपभोक्ताओं को उत्पाद के मूल तत्व के करीब ले जाएगा, जिसे पारंपरिक लकड़ी के कोल्हू वाली तकनीक का उपयोग कर राजस्थान से प्राप्त बेहतरीन सरसों से निकाला गया है। हल्की पेराई (जेंटल प्रेसिंग) की प्रक्रिया तेल के प्राकृतिक आवश्यक तत्वों को बरकरार रखती है और संरक्षित करती है, जिसके परिणामस्वरूप हर एक बूंद गुणवत्ता पूर्ण होती है और उपभोक्ता सरसों की वास्तविक सुगंध, गहरा प्राकृतिक रंग और ऐसे स्वाद का अनुभव कर सकते हैं जो खाना पकाने की प्रक्रिया को नई ऊंचाई तक ले जाता है। विनीत विश्वंभरन, एसोसिएट वाईस प्रेसिडेंट, मार्केटिंग-सेल्स, अदाणी विल्मर ने कहा,"हम फॉर्च्यूनपहली धार फर्स्ट-प्रेस्ड मस्टर्ड ऑयल पेश करते हुए रोमांचित हैं। यह ऐसा उत्पाद है जो भारतीय उपभोक्ताओं के लिए सरसों के तेल के अनुभव को पुनर्परिभाषित करता है। आज के उच्च गति वाले बड़े पैमाने पर विनिर्माण के युग में, हमारा उत्पाद पूरी तरह से अलग है, जो धीमी और पारंपरिक प्रक्रिया का उपयोग कर बनाया गया खाद्य तेल पेश करता है और इसके शानदार स्वाद, समृद्ध सुगंध को बरकरार रखता है। फॉर्च्यून पहली धार फर्स्ट-प्रेस्ड ऑयल परंपराओं के पोषण और भारत की भावना को मूर्त रूप देने के फॉर्च्यून के मूल ब्रांड मूल्यों के साथ गहराई से मेल खाता है। सदियों पुरानी प्रक्रिया का उपयोग कर बनाए गए इस उत्पाद के माध्यम से, कंपनी शुद्धता और प्रामाणिकता के महत्व पर भी जोर देना चाहती है, जिससे उसके उपभोक्ताओं के लिए खाने का अनुभव बेहतर हो सके।

# प्रतियोगिता दर्पण का सिविल सेवा स्पेशल अंक अब बाजार में उपलब्ध

**आगरा।** प्रतियोगिता दर्पण का अत्यन्त महत्वपूर्ण जून 2024 अंक सिविल सेवा स्पेशल के रूप में आज बिक्री के लिए जारी किया गया है। इस अवसर पर समूह के सम्पादक एवं प्रकाशक राहुल जैन ने बताया कि परीक्षोपयोगी सामग्री से परिपूर्ण इस अंक में 'सिविल सेवा तथा पीसीएस (प्रा.)' जैसे महत्वपूर्ण विषयों को भी प्रकाशित किया गया है जिसका अध्ययन सफलता प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा। श्री जैन ने बताया कि इस अंक में सामयिक एवं महत्वपूर्ण विषयों पर उत्कृष्ट लेख के साथ साथ अत्यंत महत्वपूर्ण हल




प्रश्न पत्र जैसे झारखंड सिविल सेवा प्रा., 69वीं बीपीएससी (मुख्य) आदि के साथ-साथ उत्तर प्रदेश पीसीएस प्रा., बीपीएससी प्रधानाध्यापक परीक्षाओं के लिए विशेष मॉडल हल दिए गएँ हैं जिनके अध्ययन से परीक्षार्थियों को सफलता प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। साथ ही युवा प्रतिभाओं के अंतर्गत विभिन्न परीक्षाओं के टॉपर से भेंटवार्ता द्वारा प्रतियोगियों को साक्षात्कार एवं परीक्षाओं की तैयारी के सम्बन्ध में उपयोगी मार्गदर्शन प्राप्त होगा। अंत में श्री जैन ने बताया कि सर्वश्रेष्ठ अध्ययन सामग्री से परिपूर्ण यह अंक परीक्षार्थियो में न केवल आत्मविश्वास जागृत करेगा अपितु परीक्षाओं में सफलता प्रदान कर कामयाबी के उच्च शिखर पर भी पहुंचाएगा।

# एयरटेल और गूगल क्लाउड ने किया करार

**गुरुग्राम।** भारती एयरटेल (एयरटेल) और गूगल क्लाउड ने आज भारतीय कारोबारियों को क्लाउड सॉल्यूशन प्रदान करने के लिए दीर्घकालिक सहयोग करार किया है। इस करार के तहत एयरटेल के ग्राहकों के लिए फास्ट.ट्रैक क्लाउड अपनाने और आधुनिकीकरण के लिए गूगल क्लाउड के अत्याधुनिक क्लाउड सॉल्यूशंस का एक सूट पेश किया जाएगा। इसके अलावाए एयरटेल अपने ग्राहकों को क्लाउड मैनेज्ड सेवाओं का एक सेट प्रदान कर सकेगा। एयरटेल के ग्राहकों में 2 हजार से ज्यादा बड़े उद्यम और दस लाख उभरते व्यवसायी शामिल हैं। इस करार के तहत दोनों कंपनियां बड़े और विकासित होते भारतीय पब्लिक क्लाउड सर्विस बाजार को टारगेट कर रही हैं। आई डी सी के मुताबित 2027 तक इस बाजार का आकार 17.8 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

# गर्मी को मात देने के लिये कलाकारों का फिटनेस रूटीन!

मुंबई। भारत में चिलचिलाती गर्मी का मौसम आ चुका है। ऐसे में फिटनेस के लिये वर्कआउट सही और असरदार होना चाहिये। एण्डटीवी के कलाकार अपने फिटनेस रुटीन के बारे में बताते हुए इस बात पर जोर दे रहे हैं कि तपती गर्मी के बीच फिट रहना क्यों जरूरी है। 'अटल' के कृष्ण बिहारी वाजपेयी, ऊर्फ आशुतोष कुलकर्णी ने बताया कि मैं उन कसरतों को जारी रखता हूँ, जो मुझे आमतौर पर करनी होती हैं। मैं सेहतमंद और ताजगी देने वाले ड्रिंक पर भरोसा करता हूँ, जैसे कि नींबू पानी, ककड़ी पुदीना और ताजे फलों का रस, ताकि मेरा शरीर हाइड्रेटेड रहे। 'हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश, ऊर्फ गीतांजलि मिश्रा ने बताया कि लोग अक्सर गर्मी के नाम पर कसरत करना छोड़ देते हैं या ऐसे ड्रिंक पीते हैं,



जिनमें सेहत को नुकसान पहुँचाने वाली शुगर होती है। गर्मियों में सक्रिय रहने में चुनौती हो सकती है, लेकिन अपने रुटीन में थोड़े बदलाव करके आप फिट रह सकते हैं। मेरा दिन योग से शुरू होता है और शाम को मैं समुद्र के किनारे जॉगिंग करती हूँ। फ्लोर एक्सरसाइज के लिये मेरे घर में डंबल्स भी हैं। गर्मी में हाइड्रेशन जरूरी है। इसके लिये आप पानी या इलेक्ट्रोलाइट से भरपूर पेय ले सकते हैं। गर्मियों के दौरान मैं लगभग रोजाना ताजे फलों का रस पीती हूँ। कभी-कभी माँ के हाथ का बना आम पना भी मुझे पसंद आता है।''भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी, ऊर्फ शुभांगी अत्रे ने बताया, "मैं अपने रोजाना को वर्कआउट रुटिन से कभी समझौता नहीं करती हूँ। मुझे पारंपरिक योग पसंद है, लेकिन लचीलेपन के लिये मैं साप्ताहिक आधार पर पाइलेट्स और कभी-कभी जुम्बा भी करती हूँ। गर्मी को हराने के लिये मैंने अपने फिटनेस रुटीन में स्विमिंग को भी शामिल किया है। खाने-पीने के मामले में मुझे एक जैसे मील प्लान के बजाए एक्टिव लाइफस्टाइल पसंद है। मैं गर्मियों में हल्का-फुल्का खाना पसंद करती हूँ।

# सुस्त रही औद्योगिक उत्पादन की रफ्तार औद्योगिक उत्पादन ग्रोथ रेट 4.9 फीसदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की औद्योगिक उत्पादन की रफ्तार सुस्त हुई है। मार्च 2024 के लिए आईआईपी डेटा के मुताबिक, मार्च 2024 में औद्योगिक उत्पादन ग्रोथ रेट 4.9 फीसदी रही है। मुख्य रूप से खनन क्षेत्र का प्रदर्शन खराब होने से देश की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि मार्च में मासिक आधार पर मामूली रूप से घटकर 4.9 प्रतिशत रही। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों के मुताबिक मार्च 2024 में देश का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) 4.9 प्रतिशत बढ़ गया। देश में औद्योगिक उत्पादन की गतिविधियों को आईआईपी के जरिए आंका जाता है। औद्योगिक उत्पादन वृद्धि फरवरी 2024 में 5.6 प्रतिशत रही थी जबकि मार्च 2023 में यह 1.9 प्रतिशत थी। समूचे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर 5.8 प्रतिशत रही जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 5.2 प्रतिशत थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मार्च में खनन उत्पादन वृद्धि घटकर 1.2 प्रतिशत रह गई।



### उपभोक्ता वस्तुओं में 4.9 प्रतिशत की वृद्धि

वहीं गैर-टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं में 4.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में इसमें 1.9 प्रतिशत की गिरावट आई थी। आंकड़ों के मुताबिक, बुनियादी ढांचा/ निर्माण वस्तुओं ने मार्च 2024 में 6.9 की वृद्धि दर्ज की, जबकि एक साल पहले की अवधि में इसकी वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत थी। इस साल मार्च में प्राथमिक वस्तुओं के उत्पादन में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

# कब्र की खुदाई में मिला 2500 साल पुराना हेलमेट




**लंदन।** धरती में इंसानी सभ्यता से जुड़े अनगिनत रहस्य छुपे हुए हैं, जब भी ये बाहर आते हैं, हमें चौंका देते हैं।. ऐसा ही कुछ क्रोएशिया में हुआ है। यहां पुरातत्वविद एक कब्र की खुदाई कर रहे थे, तभी अंदर से एक काफी पुराना हेलमेट निकला, जिसे देखकर सब चौंक गए। पता चला कि यह हेलमेट 2500 साल पुराना है और एक अलग ही धातु का बना हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ज़गरेब विश्वविद्यालय की एक टीम गोमाइल पुरातात्विक स्थल पर एक कब्र की खुदाई कर रही थी। तभी उन्हें पत्थर की एक संरचना नजर आई। खोलकर देखा तो यह हेलमेट के आकार का दिख रहा था।

**स्काई गर्ल्स**

**एलेन चर्च थीं पहली महिला फ्लाइट अटेंडेंट**

# पहले केवल नर्सों को ही क्यों बनाया जाता था एयर होस्टेस

**लंदन।** फ्लाइट में सफर के दौरान यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखने के लिए कुछ क्रू सदस्यों को रखा जाता है। अगर आपने कभी फ्लाइट में सफर किया है तो आपने गौर किया होगा कि ज्यादातर फ्लाइट अटेंडेंट महिलाएं ही होती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं ऐसा शुरुआत से नहीं था? दरअसल शुरुआती समय में विमानों में यात्रियों के लिए पुरुष अटेंडेंट रखे जाते थे। कुछ समय बाद महिलाओं को भी इसका हिस्सा बनाया गया। आपको जानकर हैरानी होगी कि शुरुआती समय में केवल नर्सों को ही एयर होस्टेस बनाया जाता था। पुरुष अटेंडेंट के जमाने में एक नर्स ने अपने तर्कों से एक विमान कंपनी को प्रभावित किया कि विमान यात्रियों के लिए सबसे बेहतरीन फ्लाइट अटेंडेंट एक नर्स हो सकती है। तब से यह तर्क इतना हिट हो गया



कि शुरुआती दौर में केवल नर्सों को ही एयर होस्टेस बनाया जाता था। दुनिया की पहली महिला एयर होस्टेस की बात की जाए तो ये 25 वर्षीय एलेन चर्च थीं, जो बेहतरीन नर्स थीं और साथ ही एक पायलट भी थीं। उस समय कामर्शियल विमानों में पायलट और फ्लाइट अटेंडेंट के तौर पर महिलाओं के लिए जगह थी। दोनों ही काम पुरुषों के काबिल ही माने जाते थे। लोगों का मानना था कि ऐसे चुनौतीपूर्ण कार्य महिलाओं के बस की बात नहीं है।

### विमान कंपनी को पसंद आया नर्स का तर्क

एलेन चर्च इस पेशे में आना चाहती थीं, इस उद्देश्य से वह अमेरिका के यूनाइटेड एयरलाइंस के मुख्यालय में पहुंचीं। वहां चर्च ने पायलट पद के लिए विमान अधिकारियों से मुलाकात की, लेकिन इसके लिए उन्हें साफ इनकार कर दिया गया। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों के सामने अपने तर्क पेश किए कि एक नर्स विमान में फ्लाइट अटेंडेंट के तौर पर कितनी जरूरी और बेहतर है। यात्रा के दौरान किसी बीमारी की सूरत में वह यात्रियों को प्राथमिक चिकित्सा जैसी सुविधा दे सकेंगी। चर्च के तर्क विमान कंपनी को काफी पसंद आया। 1930 में चर्च को नौकरी मिलने पर उन्होंने नर्स वाली पोशाक में ही फ्लाइट अटेंडेंट के तौर पर काम करना शुरू किया। यही वजह है कि आज भी एयर होस्टेस और नर्सों की पोशाक काफी मिलती है।

# अनोखा जुगाड़, बिना बिजली प्रेस हो जाएंगे कपड़े

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर कब, क्या वायरल हो जाए, इस बात का अंदाज़ा कोई भी नहीं लगा सकता है। कभी कोई कार को हेलीकॉप्टर बना देता है, तो कभी कोई जुगाड़ से ईंट से कूलर बना देता है। अब एक ऐसा ही नया जुगाड़ वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे देखकर आपको अपनी आंखों पर भरोसा ही नहीं होगा। वैसे तो हर रोज़ जुगाड़ के नए-नए वीडियो वायरल होते रहते हैं, लेकिन अब जो जुगाड़ वायरल हुआ है, इसे देखकर आप भी हैरान रह जाएंगे और जुगाड़ करने वाले की तारीफ भी करेंगे।

एक शख्स ने कपड़े प्रेस करने के लिए जो जुगाड़ अपनाया है, ऐसा जुगाड़ करना हर किसी के बस की बात नहीं है। उन्होंने किचन में ही फर्श पर चादर बिछाया हुआ है। और उसपर अपनी शर्ट फैलाकर रख रहा है। जैसे ही गैस पर रखे दाल के कुकर की सीटी बजती है, शख्स उसे उठाता है और अपनी शर्ट पर प्रेस की तरह रखकर चलाने लगता है।




क्योंकि कुकर काफी गर्म है, तो शर्ट पर प्रेस की तरह चलाने से कपड़े की सिकुड़न खत्म हो जाएगी।

तो है ना ये प्रेस करने का बढ़िया जुगाड़। इस वीडियो को अबतक 7 मिलियन से ज्यादा बार देखा जा चुका है और 88 हजार से ज्यादा लोगों ने इसे लाइक किया है। वीडियो पर लोग ढेरों कमेंट्स कर जुगाड़ की तारीफ भी रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- वाह क्या जुगाड़ है। दूसरे यूजर ने लिखा- कुकर की शक्तियों का गलत इस्तेमाल हो रहा है। तीसरे यूजर ने लिखा- यह जुगाड़ इंडिया के बाहर नहीं जाना चाहिए।

# जहां कभी सूर्य नहीं उगता, ऐसी जगह हो सकते हैं एलियंस!

**न्यूयार्क।** एलियंस की मौजूदगी को लेकर तरह-तरह के दावे किए जाते हैं। कभी उनके यान को देखे जाने की बात सामने आती है, तो कभी उनके धरती पर उतरने की। लेकिन कोई भी पुख्ता तौर पर ये नहीं कह सकता है कि एलियंस का अस्तित्व है भी या नहीं। मगर अब अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के साइंटिस्ट ने इनके बारे में सनसनीखेज खुलासा किया है। उनके मुताबिक, एलियंस शायद उस जगह में हो सकते हैं, जहां कभी सूर्य नहीं उगता. या ऐसी जगह, जहां गर्म लावा फैल रहा हो। नासा साइंटिस्ट रहीं डॉ. लिसा काल्टेनेगे ने 'द वर्ल्ड्स दैट शुक साइंस' शीर्षक से लिखी किताब में इसका खुलासा किया है। उन्होंने कहा, हमने 1992 में पहले ग्रह की तलाश की थी। तब से 5000 से ज्यादा एक्सोप्लैनेट की तलाश की जा चुकी है। इनमें से 70 ग्रह ऐसे हैं, जहां जीवन की मौजूदगी लायक



चीजें मौजूद हैं। हालांकि, इनमें से कुछ 17,000 प्रकाशवर्ष हैं। यानी इतनी दूर कि अगर मानव निर्मित सबसे तेज रॉकेट यदि जाए तो पहुंचने में 69 लाख वर्ष लग जाएंगे। इसके बावजूद, उस जगह पर एलियंस की पहचान मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन है।डॉ. लिसा ने कहा, एलियंस की तलाश काफी कठिन है। क्योंकि ऐसा भी हो सकता है कि जब वे हमारे सामने हों और हमें घूर रहे हों, तब भी हम उन्हें पहचान न पाएं।

वैसे तो प्यूर्टो रिको विश्वविद्यालय की प्लैनेटरी हैबिटेबिलिटी लेबोरेटरी के अनुसार 29 एक्सोप्लैनेट ऐसे हैं, जहां जीवन होने की संभावना काफी ज्यादा है। ये धरती की तरह ही हैं। लेकिन प्रॉक्सिमा सेंटॉरी ऐसी जगह है, जहां एलियंस हो सकते हैं। धरती से 4.25 प्रकाश वर्ष दूर स्थित इस जगह पर सूर्य कभी अस्त नहीं होता, कभी उगता नहीं. यह किसी के रहने लायक सबसे अच्छी दुनिया हो सकती है। दूसरी जगह, कोरो टी-7 बी एक्सोप्लैनेट हो सकता है। यह पृथ्वी से 489 प्रकाश वर्ष दूर है, लेकिन इससे हमेशा गर्म लावा टपकता रहता है। इंसानों के लिहाज से देखें तो यह काफी कष्टकारी जगह होगा, जहां जीवन की संभावना न के बराबर है। लेकिन एलियंस की मौजूदगी होने की संभावना यहां भी है। 'नारंगी बौना' तारा केपलर-62 पर भी जीवन की संभावना हो सकती है। यह एक्सोप्लैनेट हमारे सौर मंडल से लगभग 980 प्रकाश-वर्ष दूर है।

**फायनेंस**

फाइनेंस- मुद्रा योजना के अंतर्गत आधारकार्ड से मुद्रालोन, समस्त लोन, आसान किस्तों पर पाएं, 50,000 से 5 लाख तक, 2% ब्याज, 50% छूट, संपर्क करें:- 09599838780 (रायपुर /15/ मई/24)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**महालक्ष्मी फायनेंस**

*महिलाओं को विशेष छूट
(सरकार द्वारा रजिस्टर)

**1% ब्याज 50% छूट**

सभी प्रकार की योजनाओं के द्वारा लोन ऑनलाईन पाएं
एजेंट आमंत्रित वेतन - 25,000/- प्रतिमाह + कमीशन

मार्कशीट | पर्सनल | बिजनेस
कृषि | होमलोन | प्रॉपर्टी
व्यवसाय | राशनकार्ड | आधारकार्ड
मुर्गीपालन | ईंटभट्टा | समूह लोन

नया रोजगार शुरु करने के लिए जनधन मुद्रा योजना के द्वारा 1 लाख से 50 लाख तक 24/48 घंटे में घर बैठे लोन

9917370725

## राशिफल

**मेष** - मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** - नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** - कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** - किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** - परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** - संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** - नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** - मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।


**धनु** - सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** - किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** - आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते

**मीन** - शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

## शब्द पहेली - 5510



**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

### शब्द पहेली- 5509 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | ■ | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | ■ | वे | ■ | कृ | पा | ण | ■ | र | म |
| वै | ■ | अ | दा | व | त | ■ | य | हां | ■ | जो |
| धा | रा | दा | र | ■ | ■ | अ | ■ | का | त | र |
| नि | ■ | व | ■ | प्र | क्षा | ल | न | ■ | म | ■ |
| क | म | त | र | ता | ■ | सा | ग | र | गा | मी |
| ■ | लि | ■ | स | र | मा | या | ■ | द | ■ | न |
| बे | का | बू | ■ | णा | ■ | ■ | व | न | वा | सी |
| क | ■ | आ | स | ■ | अ | द | र | क | ■ | लै |
| द | म | ■ | ब | हा | र | ■ | दा | ■ | ता | व |
| र | सा | त | ल | ■ | ज | ही | न | कु | श | ल |

## सूडोकु नवताल - 5521

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5520 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |



विशेष

अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस 15 मई

घर वह जगह है, जहां परिवार बसता ही नहीं, हमें रचता भी है। परिवार में ही हमारी परवरिश होती है, हमारे व्यक्तित्व का निर्माण होता है। यह परिवार ही होता है, जो जीवन की तपिश में शीतल छाया बनता है। हमारी खुशियां हमारे परिवार में ही हैं। परिवार जीवन का वो आधार है, जिसके बिना हम अस्तित्वविहीन हैं।

# हमारे अस्तित्व की धुरी है परिवार



आवरण कथा / सरस्वती रमेश

परिवार क्या है? क्या इसे पति-पत्नी और बच्चों के रूप में परिभाषित किया जाना चाहिए या परिवार की अवधारणा इससे कहीं विस्तृत है? सही मायने में देखा जाए तो परिवार वह जगह है, जहां हमें भावनात्मक संबल, आर्थिक सुरक्षा और मानसिक परिपक्वता प्राप्त करने के लिए अनुकूल वातावरण मिलता है। जहां प्रत्येक सदस्य रक्त संबंधों से अधिक प्रेम, विश्वास, भरोसे, जिम्मेदारी, अपनत्व के डोर से बंधा हुआ होता है। जहां अपनी खुशी से बढ़कर परिवार की खुशी होती है। जहां अपने दुख से बढ़कर परिवार का दुख होता है। परिवार के इसी महत्व और उसकी अहमियत को बताने के उद्देश्य से हर वर्ष 15 मई को पूरी दुनिया में 'अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस' मनाया जाता है।

## व्यक्तित्व निर्माण में परिवार का अमूल्य योगदान

बच्चे को जन्म लेते ही परिवार का साथ मिलता है, जिसकी छत्रछाया में पलकर वह बड़ा होता है। एक बच्चे का समाज उसके परिवार से ही शुरू होता है। परिवार उसे जीवन के तमाम मूल्यों की शिक्षा देता है या देने में सहयोग करता है। संस्कारों, आदर्शों, नैतिकता, मानवीयता जैसे गुणों की सीख दे,उसे समाज में रहने के योग्य बनाता है। असल में एक व्यक्ति को बनाने में परिवार का योगदान अमूल्य है। परिवार ही उसके अस्तित्व की धुरी होता है, जिस पर उसके व्यक्तित्व का निर्माण होता है।

## परिवार से होती है हमारी पहचान

हमारी पहली पहचान हमारे परिवार से ही होती है। हम जन्म लेते ही किसी के बेटे, पौत्र, भाई, बहन, बेटी आदि विशेषणों से जाने जाते हैं। परिवार हमारी दुनिया होता है और हम इस दुनिया के



सबसे प्यारे-दुलारे सदस्य। बड़े होने पर इनसे परे भी हमारी एक पहचान बनती है। यह पहचान उन मूल्यों और पारिवारिक संस्कारों से बनती है, जिन्हें बड़े-बुजुर्ग हमें सौंपते हैं। हमारे व्यक्तित्व के पीछे परिवार की छाप सदैव रहती है।

## दर्द में मरहम बन जाता है परिवार

जब हम बहुत खुश होते हैं या बड़ी कामयाबी पाते हैं, तो हमें अपने घर-परिवार की याद आती है। जब हम बहुत दुखी-उदास होते हैं तब भी हमें परिवार की याद आती है। हम अपने परिवार से अपनी खुशी या दुख शेयर करना चाहते हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि हमारी खुशी से सबसे ज्यादा हर्षित और हमारे दुख से दुखी हमारा परिवार ही होता है। परिवार ही हमें हमारी कमियों और खूबियों के साथ स्वीकार कर हम पर भरोसा जताता है। गलती सुधारने के लिए हमें एक नहीं कई मौके देता है। हमारे अकेलेपन, निराशा, नाउम्मीदी के पलों में परिवार एक आशा बनकर हमारे साथ खड़ा रहता है। दुख के क्षणों में हमें टूटकर बिखरने नहीं देता। हमारा संबल बनता है। इसलिए परिवार के साथ के बिना हमारी सारी उपलब्धि और खुशियां अधूरी जान पड़ती हैं।

## परिवार है खुशियों की चाबी

परिवार में आपसी सहयोग और समर्थन की जैसी निःस्वार्थ भावना होती है, वह कहीं और नहीं मिलती। इसलिए परिवार के साथ खुश रहने के सौ बहाने मिल जाते हैं। परिवार हमारी चिंताओं को पल भर में हवा में उड़ा देता है। अमेरिका में प्रकाशित एक शोध के मुताबिक जिन बच्चों को बचपन में परिवार का भरपूर साथ और प्यार-स्नेह मिलता है, वयस्क होने पर उनमें अवसाद के लक्षण मिलने की संभावना बहुत कम होती है। दरअसल, परिवार के साथ हम अपनी भावनाओं को व्यक्त कर सकते हैं। अपनी पसंद-नापसंद बता सकते हैं। अपने मन की उथल-पुथल शेयर कर हल्का महसूस कर सकते हैं। यही वजह है कि जब तक हमारे देश में संयुक्त परिवार की रीति मजबूत रही, अवसाद, तनाव जैसी बीमारियों से हम दूर रहे। लेकिन आज डिप्रेशन की समस्या बढ़ती जा रही है, क्योंकि लोग परिवार के बड़ों के प्यार और पग-पग पर मिलने वाले मार्गदर्शन से दूर होकर अकेले होते जा रहे हैं। a

### अब दुनिया समझ रही परिवार का महत्व

**एक व्यक्ति** के जीवन में परिवार की अहमियत से हम सब वाकिफ हो चुके हैं। यही कारण है कि अब पूरी दुनिया में परिवार नाम की संस्था को मजबूत बनाने की दिशा में पहल की जा रही है। पश्चिमी देशों ने परिवार की संवेदनशीलता और देख-रेख की भावना के मूल्यांकन के लिए इसे 'केयर इकोनॉमी' का नाम दिया है। हालांकि मां की ममता, पिता के संरक्षण और परिवार के साथ का मूल्यांकन नहीं किया जा सकता। फिर भी परिवार संस्था को बचाने के लिए जो भी प्रयास हों, उसकी सराहना की जानी चाहिए।





अगर आप अपने परिवार में खुशहाली चाहती हैं तो परिवार में साथ रहने वाली सास-बहू, जेठानी-देवरानी और ननद-भाभी एक-दूसरे के प्रति सखी जैसा भाव रखें। इससे आपकी जिंदगी भी आसान हो जाएगी।

# परिवार की महिलाएं आपस में बनें सहेलियां

नया नजरिया / यासमीन सिद्दीकी

कभी-कभी फिल्मों के कुछ संवाद जेहन में कौंध जाते हैं। कुछ सोचने को बाध्य करते हैं। हम बात कर रहे हैं, किरन राव की फिल्म 'लापता लेडीज' की। यह फिल्म समाज के लिए एक जरूरी सवाल छोड़ती है। फिल्म में एक संवाद है 'हम महिलाएं जीवन भर अपनी सहेलियों को तलाशती हैं, लेकिन आपस में कभी सहेली नहीं बन पातीं।' यह सवाल ससुराल आकर अपने परिवार में रह रही महिलाओं के आपसी रिश्तों को विशेष रूप से उजागर करता है।

**बनें आपस में दोस्त:** एक नवविवाहिता जब शादी करके अपने ससुराल में आती है तो अपने प्रेम से रिश्तों को सींचकर नए जीवन को शुरू करती है। इस समय उसके मन के कोने में कहीं वो सखियां होती हैं, जिनके साथ वह अपनी हर परेशानी, बेचैनी को साझा करती थी, तनावों से मुक्त होती थी। लेकिन शादी के बाद अपनी तकलीफें साझा करने वाली सखियां छूट जाती हैं। ससुराल में कोई ऐसा नहीं दिखता, जिससे वे मन की बातें कहें, अपनी तकलीफें बांटें।

फिल्म 'लापता लेडीज' के डायलॉग को देखें तो इसका सवाल बहुत मायने रखता है कि ससुराल जो एक बहू का अपना परिवार होता है, वहां परिवार में रहने वाली सासू मां, जेठानी-देवरानी, ननद-भाभी आपस में सहेलियां क्यों नहीं बन पातीं? प्रायः देखा जाता है, परिवार की महिलाओं में कहीं न कहीं एक-दूसरे पर हावी होने की प्रवृत्ति होती है। लेकिन जरा सोचें, पारस्परिक प्रतिस्पर्धा को छोड़कर अगर परिवार की महिलाएं एक-दूसरे के साथ दोस्ती का रिश्ता निभाएं तो जीवन कितना आसान हो जाएगा। तो चलिए, फिल्म 'लापता लेडीज' की फूल जिस तरह अपनी सास से फ्रेंड बनने को कहती है, हम भी एक साथ रहकर फ्रेंड बनने की कोशिश करें। सबसे बड़ी बात है, जब परिवार में सास, बहू, देवरानी, जेठानी, ननद, भाभी सहेलियों के तौर पर रहेंगी तो परिवार सही मायने में खिलखिला उठेगा।

**किसी को बदलने की कोशिश ना करें:** हम अगर अपनी कुछ सहेलियों पर नजर डालें तो बहुत-सी हमसे अलग मिजाज की होती हैं, फिर भी हमारी उनके साथ बहुत गाढ़ी छनती है। कुछ ऐसा ही अंदाज परिवार में रहने वाली महिलाएं भी आपस में एक-दूसरे के साथ रख सकती हैं। कोई भी किसी को अपने जैसा बनाने की कोशिश ना करे।

**ना दोहराएं पुरानी बातें :** अकसर सास और जेठानी अपने समय की बातें लेकर बैठ जाती हैं। उनके समय में अगर कुछ गलत हुआ होता है तो वे कहीं ना कहीं उसे घर के रिवाज के साथ जोड़ लेती हैं। इतना ही नहीं, अगर बदले वक्त के अनुसार नई बहू को कुछ सुविधाएं मिलती हैं तो इस बदलाव का विरोध करने से वे चूकती नहीं। जैसे कि अगर उनके समय में मायके कम जाने दिया जाता था तो वे इसे परंपरा मान लेती हैं कि मायके तो कम ही जाना चाहिए। अगर उन्हें पति के साथ बाहर घूमने-फिरने का मौका नहीं मिला था तो वे चाहती हैं कि घर में आने वाली दूसरी बहुएं भी कुछ ऐसा करें। अगर आपकी यह सोच है तो इस सोच को बदलें।

**थोड़ा समय दें :** कहते हैं, वक्त बहुत बड़ा इलाज है। अगर आपको लग रहा है कि बहुत कुछ आपके अनुकूल नहीं है तो घबराएं नहीं। नए रिश्ते बनते हैं तो कुछ नई चुनौतियां भी लेकर आते हैं। ऐसे में खुद और परिवार को एक नए रिश्ते को समझने का समय दें। आप देखेंगी, बहुत से सवालों के जवाब आपको समय के साथ खुद ही मिल जाएंगे। बहुत-सी चीजों को इग्नोर करना सीखेंगी और धीरे ही सही लेकिन ना जाने कब घर की महिलाएं एक-दूसरे की सहेली बन गई हैं, पता ही नहीं चलेगा। a




अवधारणा / सोनम लववंशी

# परिवार का असली रूप संयुक्त परिवार


जब हम परिवार नाम की संस्था की बात करते हैं तो सर्वप्रथम जो स्वरूप उभरता है, उसमें माता-पिता, बच्चे और दादा-दादी के साथ चाचा-चाची भी आते हैं। परिवार का यही वृहत स्वरूप संयुक्त परिवार है। लेकिन समाज में बदलाव के साथ संयुक्त परिवार का ताना-बाना बिखर गया है। आज की युवा पीढ़ी को एकल परिवार ही रास आता है। लेकिन कोरोना जैसी महामारी के दौर से संयुक्त परिवार की अवधारणा को फिर बल मिला है।

**जड़ों से जुड़ाव :** गहराई से विचार करें तो बिखरे परिवारों का ना तो कोई अस्तित्व होता है और ना वे जड़ों से जुड़े होते हैं। सामाजिक सद्भाव, सामंजस्य और देखभाल करने के लिए एकल परिवारों से ज्यादा संयुक्त परिवार जरूरी हैं। जहां बच्चों



को दादा-दादी का दुलार मिलता है, तो बहुओं को सास का प्यार-स्नेह। अकसर देखा गया है कि परिवारों की एकजुटता ही संकट में मनोबल बढ़ाती है। दरअसल, संयुक्त परिवार एक ऐसा वट वृक्ष है, जो विपत्ति में एक छाया बन कभी किसी सदस्य का मनोबल टूटने नहीं देता।

**खुशियों की कुंजी :** परिवार के सभी सदस्य आपस में भावनाओं की डोर से बंधे होते हैं। हर छोटी से छोटी खुशी सब परिवार के साथ साझा करते हैं। कहा भी जाता है कि खुशियां बांटने से बढ़ती हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि यह हंसी-खुशी का माहौल परिवारजनों के साथ रहकर ही संभव है। हमारे तीज-त्योहारों की रौनक भी हमारे अपनों के साथ से ही है। यही वजह है कि परिवार इन रिश्तों के जरिए संस्कृति और संबंध दोनों को सहेजने का काम करता है। दिलों को जोड़ने वाले सांस्कृतिक पर्व अपनों से भी जुड़ाव बनाए रखते हैं। तभी तो मन में उत्साह-उमंग जगाने वाली खुशियां अपनों के बिना अधूरी-सी लगती हैं। a



डाइट सजेशन/डॉ. चेतना बंसल, न्यूट्रिशनिस्ट, दिल्ली

हेल्दी, फिट और एनर्जेटिक रहने के लिए न्यूट्रिएंट्स से भरपूर डाइट की जरूरत परिवार के हर सदस्य को होती है। लेकिन एज के अनुसार सभी को अलग तरह के डाइट की जरूरत होती है। इस बारे में आपके लिए यूजफुल सजेशंस।

# फैमिली के सभी मेंबर्स रहेंगे हेल्दी-एनर्जेटिक

बचपन से लेकर बड़ी उम्र और ओल्ड एज तक में एज, जेंडर और एक्टिविटी के हिसाब से सभी को न्यूट्रिशस डाइट की जरूरत होती है। ऐसा ना होने पर फैमिली मेंबर्स बीमार हो सकते हैं। इससे बचने के लिए डाइट पर ध्यान देना जरूरी है।

**चिल्ड्रेन-टीनएज मेंबर्स:** पोषक तत्वों से भरपूर भोजन से ही हमारे कई जेनेटिक पैटर्न, शरीर और दिमाग विकसित हो पाता है। इसलिए बचपन से ही बच्चों को हाई-प्रोटीन डाइट के साथ कैल्शियम और आयरन रिच फूड्स देने चाहिए। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के विटामिन वाले फूड्स भी बहुत जरूरी होते हैं। विभिन्न विटामिंस की कमी से कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं। जबकि कार्बोहाइड्रेट और फैट रिच डाइट ज्यादा लेने से आगे चलकर ओबेसिटी, हाइपरटेंशन, डायबिटीज, पीसीओडी, कार्डियोवैस्कुलर जैसी बीमारियां होने का खतरा रहता है। टीनएज के दौरान शरीर का विकास तेजी से होता है, इसके लिए प्रोटीन, विटामिन और कैल्शियम रिच डाइट लेनी जरूरी है। इस एज में मेटाबॉलिक रेट सबसे हाई होता है, जिससे भोजन आसानी से पच जाता है, जो शरीर को एनर्जी प्रदान करता है। इस स्टेज में हड्डियों की मजबूती के लिए कैल्शियमरिच डाइट जैसे-दूध, मिल्क प्रोडक्ट्स, सोया, हरी पत्तेदार सब्जियां ज्यादा लेनी चाहिए। चाय, कॉफी जैसे कैफीनयुक्त पदार्थों का सेवन अवॉयड करना चाहिए। टीनएजर्स की डाइट में विटामिनयुक्त खाद्य पदार्थों को अधिक शामिल करना चाहिए।



**यंग-मिड एज मेंबर्स:** यंग और मिड एज के फैमिली मेंबर्स को न्यूट्रिएंट्स से भरपूर संतुलित आहार लेना जरूरी है। इम्यूनिटी मजबूत बनाने के लिए प्रोटीन, विटामिन और मिनरल्स युक्त खाद्य पदार्थों को ज्यादा से ज्यादा शामिल करना चाहिए। इस एज की महिलाओं को भरपूर मात्रा में हरी सब्जियों और साग का सेवन करना चाहिए ताकि डिलीवरी के समय दिक्कत ना हो। डायबिटीज और ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों से बचाव के लिए इस एज ग्रुप के मेंबर्स को नमक और चीनी का सेवन सीमित मात्रा में करना बेहतर है। इस उम्र के लोगों पर वर्क प्रेशर बहुत होता है, दिनचर्या अस्त-व्यस्त होने की वजह से डाइट का ध्यान रखना मुश्किल हो जाता है। लेकिन लापरवाही करना सही नहीं है। इस एज के लोगों को एनर्जी प्राप्त करने के लिए फाइबर और स्टार्चयुक्त खाद्य पदार्थों समेत केला, आलू, मशरूम जैसी पोटेशियम रिच डाइट लेना फायदेमंद है। तनाव को दूर करने और आयरन के अवशोषण में मददगार विटामिन-सी युक्त खाद्य पदार्थ जरूर लेने चाहिए। अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड के बजाय होममेड फूड खाना चाहिए। बेकरी आइटम, पैक्ड फूड, प्रिजर्वेटिव फूड, चॉकलेट, कैंडी जैसी शुगर रिच डाइट को अवॉयड करना चाहिए। इसके अलावा सलाद और सब्जियों में हेल्दी ऑलिव ऑयल ले सकते हैं, जिससे कोलेस्ट्रॉल का लेवल कंट्रोल करने में मदद मिलती है। बोन डेंसिटी बढ़ाने के लिए कैल्शियम, विटामिन बी, डी और विटामिन के रिच डाइट लेना चाहिए।



**50 प्लस मेंबर्स :** इस एज ग्रुप के लोगों में मेटाबॉलिज्म रेट बहुत धीमा होने लगता है, जिससे बॉडी में रिलीज होने वाले एंजाइम्स और हार्मोंस कम होने लगते हैं। अल्जाइमर का रिस्क बढ़ जाता है। इस एज के फैमिली मेंबर्स की डाइट में प्रोटीन, विटामिन, मिनरल से भरपूर फल-सब्जियां और अनाज जरूर होने चाहिए। महिलाओं में मेनोपॉज के बाद मांसपेशियों में सालाना आधे से एक फीसदी की दर से गिरावट को देखते हुए हाई प्रोटीन और हाई फाइबर वाली डाइट का सेवन जरूरी है। इस एज में पाचन तंत्र और रोग प्रतिरोधक क्षमता वीक हाने लगती है। इसलिए तला, भुना, मिर्च, मसालों वाला हैवी फूड खाने से परहेज करना चाहिए। ओमेगा-3 फैटी एसिड का सेवन करना चाहिए। इसके नियमित सेवन से ब्लड में फैट लेवल नियंत्रित होता है, जिससे हृदय रोगों का रिस्क 50 प्रतिशत कम रहता है। a

**प्रस्तुति:रजनी अरोड़ा**



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 92851 63700, Email: gdc.indore@gmail.com

# सीधे फाइनल में खेलेंगे चोपड़ा-जेना, 75 मीटर क्वालीफाइंग स्तर कई बार पार कर चुके

फेड कप

एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर

भारत के भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और किशोर जेना को यहां 15 मई को होने वाले फेडरेशन कप फाइनल्स में सीधे प्रवेश दिया गया है क्योंकि उन्होंने अपने करियर में 75 मीटर का न्यूनतम क्वालीफाइंग स्तर कई बार हासिल किया है।

ओलंपिक और विश्व चैंपियन चोपड़ा पिछले हफ्ते दोहा डाइमंड लीग में काफी अच्छा प्रदर्शन करके यहां आए हैं जहां वह 88.38 मीटर के प्रयास से दूसरे स्थान पर रहे। हालांकि एशियाई खेलों के रजत विजेता जेना का डाइमंड लीग में पदार्पण निराशाजनक रहा क्योंकि वह 76.31 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ तीन दौर के बाद बाहर हो गए। विश्व चैंपियनशिप 2023 में छठे स्थान पर रहे डीपी मनु की नजरें 85.50 मीटर के स्तर को पार करके पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने पर टिकी होंगी और वह भी सीधे फाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगे।







## नीरज के खेलने से एएफआई खुश

एएफआई 26 वर्षीय चोपड़ा के तीन साल में पहली बार घरेलू प्रतियोगिता में खेलने को लेकर काफी उत्सुक है। एएफआई के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया, 'एएफआई नीरज के फेडरेशन कप में हिस्सा लेने से बिल्कुल भी हैरान नहीं है। इसमें कोई संदेह नहीं कि घरेलू प्रतियोगिता में उनकी भागीदारी भारतीय एथलेटिक्स के लिए बहुत अच्छी बात है।'

### सीधे फाइनल खेलेंगे नौ खिलाड़ी

भारतीय एथलेटिक्स के मुख्य कोच राधाकृष्णन नायर ने भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के क्वालीफिकेशन नियमों का हवाला देते हुए कहा, 'वे सभी जो 75 मीटर के स्तर को पार कर चुके हैं, वे मंगलवार को क्वालीफाइंग दौर में प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे। जिन लोगों ने प्रविष्टियां दी हैं उनमें नीरज और जेना सहित ऐसा करने वाले नौ खिलाड़ी हैं। वे सीधे बुधवार को फाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगे। 75 मीटर से कम थ्रो करने वाले बाकी खिलाड़ी क्वालीफाइंग दौर में प्रतिस्पर्धा करेंगे और शीर्ष तीन खिलाड़ी फाइनल में 75 मीटर से ऊपर भाला फेंकने वाले नौ खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे।'

### जल्द वापसी करेंगे रमेश

नायर ने पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम के सदस्य राजेश रमेश की चोट को अधिक तूल नहीं दिया जो इस महीने की शुरुआत में बहामास में पहले दौर की क्वालीफाइंग हीट के दूसरे चरण के दौरान बीच में ही हट गए थे। नायर ने कहा, 'रमेश की चोट पैर की मांसपेशियों में खिंचाव नहीं है, यह जांघ में टेंडन से संबंधित है। इसलिए यह कोई बड़ी चोट नहीं है। उसके 10-15 दिनों में ट्रेनिंग शुरू करने की उम्मीद है। राजीव भी जल्द ही ठीक हो जाएगा। ओलंपिक की तैयारी में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।'

### मिश्रित रिले टीम से कोटा की उम्मीद

नायर ने यह भी कहा कि विश्व रिले के दौरान बहामास में विफलता के बावजूद एएफआई को अब भी मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले टीम के पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद है। हालांकि अब केवल दो स्थान बचे हैं। उन्होंने कहा, 'हमारी मिश्रित चार गुणा 400 मीटर टीम एशियाई रिले (20-21 मई को बैंकॉक में) में भाग लेगी और अगर हम तीन मिनट 14 सेकंड से कम का समय लेते हैं तो हम पेरिस के लिए क्वालीफाई कर सकते हैं और हमें लगता है कि हम ऐसा कर सकते हैं।'

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 12 | 9 | 3 | 18 |
| राजस्थान | 12 | 8 | 4 | 16 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 |
| बेंगलोर | 13 | 6 | 7 | 12 |
| दिल्ली | 13 | 6 | 7 | 12 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 |
| गुजरात | 12 | 5 | 7 | 10 |
| मुंबई | 13 | 4 | 9 | 8 |
| पंजाब | 12 | 4 | 8 | 8 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
661 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
20 विकेट
मुंबई

बाउंड्री मीटर

1913 चौके

1105 छक्के




### चोटिल हुए टंडन, दूसरे मैच के बीच से हटे

**काहिरा।** भारत के रमित टंडन को रविवार को यहां स्क्वाश विश्व चैंपियनशिप के दूसरे दौर में चोटिल होने के कारण दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी मोहम्मद अलशोरबागी के खिलाफ मुकाबले के बीच से हटना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 36वें स्थान के साथ भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी टंडन दूसरे गेम में जब 3-4 से पीछे थे तब पिंडली की टीम के कारण उन्हें मैच के बीच से हटना पड़ा। पूर्व विश्व चैंपियन अलशोरबागी ने पहला गेम 11-8 से जीता था। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी के खिलाफ टंडन का यह पहला मैच था।

### इंग्लैंड लौटे पंजाब के लिविंगस्टोन

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स के हरफनमौला खिलाड़ी लियाम लिविंगस्टोन अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप से पहले घुटने की चोट से उबरने के लिए सोमवार को इंग्लैंड लौट गए। पंजाब किंग्स की टीम 12 मैच में सिर्फ चार जीत के साथ पहले ही इंडियन प्रीमियर लीग के प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और अभी आठ अंक के साथ अंक तालिका में अंतिम स्थान पर है। लिविंगस्टोन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'आईपीएल का एक और साल हो गया, आगामी विश्व कप के लिए अपने घुटने को ठीक कराना पड़ेगा।'



### आरसीबी ने नतीजे देने की क्षमता दिखाई

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर टॉम मूडी ने आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरू की लगातार पांचवीं जीत के बाद कहा कि टीम ने जब सबसे अधिक मायने रखता है तब प्रदर्शन करने की अपनी क्षमता दिखाई है। मूडी ने कहा, 'एक बार फिर आरसीबी ने जरूरत पड़ने पर अच्छा प्रदर्शन करने की अपनी क्षमता दिखाई जिससे दोनों टीमों के बीच एक रोमांचक मुकाबले का मंच तैयार हो गया।' आरसीबी की टीम शनिवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपने अंतिम लीग मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स से भिड़ेगी जो प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में बनी हुई है।



## आईपीएल : मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर शाम 7.30 बजे

# लखनऊ और कैपिटल्स में प्लेऑफ की दौड़ में आगे निकलने की होड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खराब फॉर्म से जूझ रही लखनऊ सुपर जाइंट्स की टीम आईपीएल प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदें जीवंत रखने के लिए मंगलवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेगी जिसकी नॉकआउट में जगह बनाने की मामूली उम्मीद बरकरार है।

सुपर जाइंट्स के कप्तान के रूप में लोकेश राहुल के भविष्य को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं क्योंकि बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 10 विकेट की हार के बाद टीम के मालिक संजीव गोयनका ने उन्हें सार्वजनिक तौर पर फटकार लगाई थी। इस तरह की अटकलें हैं कि राहुल पद छोड़ सकते हैं या टीम का साथ छोड़ने से पहले अंतिम दो मैच में कप्तानी की जिम्मेदारी निभा सकते हैं। दोनों ही स्थितियों में यह भारतीय बल्लेबाज बल्ले से जवाब देकर सत्र का शानदार अंत करना चाहेगा।

राहुल काफी अच्छी फॉर्म में नहीं हैं और भारत की टी20 विश्व कप टीम में भी जगह नहीं बना पाए हैं। लखनऊ की टीम भी 12 अंक के साथ सातवें स्थान पर चल रही है और दिल्ली तथा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ अभी शीर्ष चार से बाहर है। दिल्ली और आरसीबी के भी 12-12 अंक हैं।




### दिल्ली में पंत की वापसी

दिल्ली की टीम को एक मैच के निलंबन के बाद कप्तान ऋषभ पंत की वापसी से मजबूती मिलेगी। टीम को सुपर जाइंट्स के खिलाफ क्षेत्ररक्षण में सुधार करना होगा क्योंकि टीम ने आरसीबी के खिलाफ कई कैच टपकाए। गेंदबाजों ने आरसीबी के बल्लेबाजों को अच्छी शुरुआत करने का मौका दिया जबकि उसके बल्लेबाजों ने पावर पले में चार ओवर के भीतर ही चार विकेट गंवा दिए जिससे टीम मौजूदा आईपीएल में 140 रन के अपने न्यूनतम स्कोर पर सिमट गई। दिल्ली ने हालांकि मौजूदा सत्र में चार बार 200 से अधिक रन बनाए हैं और टीम को यह प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद होगी जिससे कि प्ले ऑफ में जगह बनाने की उम्मीद बरकरार रख सके।

### खराब फॉर्म से जूझ रहे डिकॉक

राहुल और उनकी टीम को अपनी कमजोरियों को दूर करने के लिए पांच दिन का समय मिला है और रविवार रात आरसीबी के खिलाफ शिकस्त झेलने वाली दिल्ली की टीम के खिलाफ अपना सब कुछ झोंकना चाहेगी। राहुल के अलावा क्विंटन डिकॉक की खराब फॉर्म के कारण भी सुपर जाइंट्स को मौजूदा सत्र में पावर प्ले में जूझना पड़ा है जिससे मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन जैसे खिलाड़ियों पर दबाव बड़ा है।

### जेक प्रभावी बल्लेबाज

जेक फ्रेजर-मैकगर्क सात मैच में 237.41 के स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाकर टीम के सबसे प्रभावी बल्लेबाज रहे हैं। अभिषेक पोरेल (269 रन, 156.39 स्ट्राइक रेट), पंत (413 रन, 156.43 स्ट्राइक रेट) और ट्रिस्टन स्टब्स (321 रन, 185.54 स्ट्राइक रेट) ने भी अच्छी बल्लेबाजी की है। गेंदबाजी में कुलदीप यादव (15) और अक्षर पटेल (10) की स्पिन जोड़ी ने मिलकर 25 विकेट चटकाए हैं। खलील अहमद (16 विकेट) और मुकेश कुमार (16 विकेट) ने भी टीम को सफलताएं दिलाई हैं।

खास खबर

## शतरंज : श्याम निखिल बने भारत के 85वें ग्रैंडमास्टर

एजेंसी ▶▶| दुबई

पी श्याम निखिल हाल ही में दुबई पुलिस मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में अपना तीसरा और अंतिम ग्रैंडमास्टरनॉर्म हासिल करके भारत के 85वें ग्रैंडमास्टर बन गए। आठ साल की उम्र में शतरंज खेलना शुरू करने वाले श्याम निखिल को तीसरे नॉर्म के साथ इस उपलब्धि के लिए 12 साल का इंतजार करना पड़ा।

श्याम निखिल को लंबे समय से प्रतीक्षित जीएम नॉर्म पूरा करने के लिए सिर्फ एक जीत और आठ ड्रॉ की जरूरत थी, जो उन्होंने दुबई में खेले गए टूर्नामेंट में हासिल किया। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी ने 2012 में दो ग्रैंडमास्टर नॉर्म के साथ आवश्यक 2500 ईएलओ रेटिंग अंक हासिल कर लिए थे जो जीएम बनने के लिए न्यूनतम आवश्यकता है। उन्हें हालांकि तीसरे नॉर्म को पूरा करने के लिए 12 साल तक इंतजार करना पड़ा।



तमिलनाडु के नगरकोली के श्याम निखिल ने मुंबई मेयर्स कप 2011 में अपना पहला जीएम नॉर्म हासिल किया था। उन्होंने इसके कुछ समय के बाद 19 साल की उम्र में इंडियन चैंपियनशिप के दौरान दूसरा नॉर्म हासिल किया और फिर 2012 की शुरुआत में रेटिंग की आवश्यकता पूरी की। वह 2012 में दुबई ओपन में अपना अंतिम नॉर्म हासिल करने से चूक गए। वह इसके बाद अब तक कई मौकों का फायदा उठाने में विफल रहे।

### आदर्श, मनु ने जीता ओलंपिक चयन ट्रायल

**भोपाल।** मनु भाकर और आदर्श सिंह ने ओलंपिक चयन ट्रायल में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल और पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धाओं के क्वालीफिकेशन दौर में पहला स्थान हासिल किया। महिला और पुरुष वर्ग के पांच निशानेबाज अब मंगलवार को यहां मध्यप्रदेश प्रदेश निशानेबाजी अकादमी रेंज पर फाइनल्स में भिड़ेंगे। अनीश भानवाला ने दूसरे रैपिड फायर चरण में चार अंक की बढ़त ले ली थी लेकिन आदर्श ने शानदार वापसी करके भीतरी 10 में 24 हिट लगाए। अंकुर गोयल का भी समान स्कोर था लेकिन भीतरी रिंग में उनके दस हिट कम थे। विजयवीर सिद्धू 581 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे। भावेश शेखावत पांचवें स्थान पर रहे। मनु ने भीतरी 10 हिट के आधार पर ईशा सिंह को हराया चूंकि दोनों का स्कोर 586 था। रिदम सांगवान तीसरे, अभिंद्या पाटिल चौथे और सिमरनप्रीत कौर बरार पांचवें स्थान पर रही।

## पाकिस्तान ने आयरलैंड को सात विकेट से हराया



एजेंसी ▶▶| डबलिन

पाकिस्तान ने पहले टी20 की हार का बदला चुकता करते हुए दूसरे मैच में आयरलैंड को सात विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी। शुक्रवार को आयरलैंड ने पहले टी20 में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया था। यह आयरलैंड की टी20 प्रारूप में पाकिस्तान पर पहली जीत थी।

रविवार को टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे आयरलैंड के लोर्कान टकर और हैरी टेक्टर (32) ने तीसरे विकेट के लिए 62 रन जोड़कर पारी को संभाला। टकर ने 34 गेंद में 51 रन बनाए। टीम ने सात विकेट पर 193 रन बनाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। सैम अयूब पहले ही ओर में पवेलियन लौट गए जबकि कप्तान बाबर आजम दूसरे ओवर में खाता खोले बिना ग्राहम ह्यूम का शिकार बने। मोहम्मद रिजवान (नाबाद 75) और फखर जमां (78 रन) ने हालांकि तीसरे विकेट के लिए 140 रन की साझेदारी करके आयरलैंड की जीत की उम्मीदों पर पारी फेर दिया। आजम खान ने इसके बाद 10 गेंद में नाबाद 30 रन की पारी खेलकर पाकिस्तान को 19 गेंद शेष रहते लक्ष्य तक पहुंचाया। तीसरा टी20 मंगलवार को खेला जाएगा।

### एडवर्ड्स टी20 विश्व कप में करेंगे नीदरलैंड की कप्तानी

**एम्स्टर्डम।** नीदरलैंड ने अनुभवी स्कॉट एडवर्ड्स की अगुवाई में अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित की है। 'रॉयल डच क्रिकेट संघ' ने 27 वर्षीय एडवर्ड्स को मेजबान नेपाल और नामीबिया की हालिया त्रिकोणीय श्रृंखला में मामूली प्रदर्शन के बावजूद कप्तान बनाए रखा है। एडवर्ड्स ने नीदरलैंड के लिए 56 टी20 अंतरराष्ट्रीय में 122 की स्ट्राइक-रेट से 671 रन बनाए हैं। टीम में भारतीय मूल के क्रिकेटरों तेजा निदामानुरु, विक्रम सिंह और आर्यन दत्त को भी शामिल किया गया है। नीदरलैंड की टीम 2022 में टी20 विश्व कप और पिछले साल एकदिवसीय विश्व कप के बाद यह लगातार तीसरी बार आईसीसी की प्रतियोगिता में भाग ले रही है। टीम टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत चार जून को डलास में नेपाल के खिलाफ करेगी।





## एटलेटिको ने सेल्टा विगो को हराया

***मैड्रिड।*** *एटलेटिको मैड्रिड रविवार को यहां स्पेनिश फुटबॉल लीग में सेल्टा विगो पर 1-0 की जीत के साथ चैंपियंस लीग फुटबॉल के चौथे और अंतिम स्थान के लिए क्वालीफाई करने के करीब पहुंच गया। एटलेटिको की ओर से मैच का एकमात्र गोल 84वें मिनट में रोड्रिगो डि पॉल ने किया। इस जीत से एटलेटिको ने पांचवें स्थान पर मौजूद एथलेटिक बिलबाओ पर आठ अंक की बढ़त बना ली है जबकि सिर्फ तीन दौर का खेल बाकी है। एथलेटिक बिलबाओ ने शनिवार को ओसासुना से 2-2 से ड्रॉ खेला था।*

## नडाल के बाद अब इटैलियन ओपन में जोकोविच भी हारे

एजेंसी ▶▶| रोम

नोवाक जोकोविच रविवार को यहां इटैलियन ओपन के तीसरे दौर में 29वें वरीय एलेजांद्रो टैबिलो से उलटफेर का शिकार होकर अपने पसंदीदा टूर्नामेंट में से एक से बाहर हो गए। शुक्रवार को एक प्रशंसक को ऑटोग्राफ देते हुए उसकी पानी की बोतल जोकोविच के सिर पर लग गयी थी, जिसके बाद यह उनका पहला मैच था।

जोकोविच ने एक 'डबल फॉल्ट' से शुरुआत की और छह बार का चैंपियन इसके बाद उबर नहीं सका। जोकोविच महज 68 मिनट में टैबिलो से 2-6, 3-6 से हार गए। तीसरे दौर में मिली हार जोकोविच का इटैलियन ओपन में सबसे खराब प्रदर्शन है। एक दिन पहले रिकॉर्ड 10 बार के चैम्पियन राफेल नडाल भी तीसरे दौर में हुबर्ट हुर्काज से हारकर बाहर हो गये थे।



### मलेशिया के खिलाफ भारतीय जोड़ी का मुकाबला आज

## थाईलैंड ओपन में भारत की अगुवाई करेंगे सात्विक-चिराग

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेगी। पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक की दावेदार भारत की इस शीर्ष वरीय जोड़ी को थॉमस कप में इंडोनेशिया और चीन के खिलाड़ियों की सर्विस का सामना करने में थोड़ी मुश्किल हुई थी।

सात्विक और चिराग की जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत नूर मोहम्मद अजरिन अयूब अजरिन और टेन वी कियोंग की मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ करेगी तो उनकी नजरें अपने प्रदर्शन में सुधार पर टिकी होंगी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके खिलाड़ियों ने अपने कौशल को निखारने पर काम किया है और बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिताओं में उन्हें अपने नए शॉट और बदलाव को परखने का शानदार मौका मिलेगा।




### प्रणय एकल में देंगे चुनौती

विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय को मौजूदा सत्र में स्वास्थ्य समस्याओं से जूझने के बाद लय हासिल करनी होगी। इंडोनेशिया के एंथोनी गिनटिंग के खिलाफ जीत से प्रणय का आत्मविश्वास बढ़ा होगा लेकिन चीन के शी युकी के खिलाफ हार से वह परेशान होंगे क्योंकि उन्हें करीबी मुकाबले जीतने की जरूरत है। किरण जॉर्ज और सतीश कुमार करुणाकरण भी एकल वर्ग में चुनौती पेश कर रहे हैं। किरण को पहले दौर में चीन के ऑस्ट्रेलिया ओपन विजेता वेंग होंग यैंग से भिड़ना है जबकि सतीश अपने अभियान की शुरुआत क्वालीफायर के खिलाफ करेंगे।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**मानव सहित लेवल क्रॉसिंग को हटाने हेतु ROB एवं LHS का निर्माण**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से **CPM/GSU/द.पू.म. रेलवे**, निम्न दर्शाये कार्यों के निष्पादन हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते है:–

**क्र. सं.: 1. कार्य का नाम: गुदमा-गोंदिया स्टेशनों के बीच किमी. 994/27-29 में मानव सहित लेवल क्रॉसिंग नं. 505 को हटाने हेतु ROB एवं LHS का निर्माण। निविदा सूचना सं.:** CPM-GSU-02-NGP-2024-25. **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 31,22,66,398.63. **बिड सिक्युरिटी:** ₹ 17,11,300/-.

**क्र. सं.: 2. कार्य का नाम: BTC-KGE सेक्शन पर BTC-WRI के बीच किमी 1048/0-1 में लेवल क्रॉसिंग नं. BK-09 "SPL" क्लास (मानव सहित) के बदले प्रस्तावित ROB (1x36m) + (2x18m) का निर्माण। निविदा सूचना सं.:** CPM-GSU-03-NGP-2024-25. **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 14,33,77,346.63. **बिड सिक्युरिटी:** ₹ 8,66,900/-.

**उपरोक्त दोनों निविदाओं के लिए:-** बोलीकर्ता अपने मूल/संशोधित बोलियों को केवल दिनांक **31.05.2024** के 15.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निविदाओं के विरुध्द कोई भी मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं ऐसा कोई मैन्युअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसे निरस्त कर दिया जाएगा। विवरण हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

*उप मुख्य अभियंता/जीएसयू, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर.*

आईपी/07/23

**स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर**

## ट्रेनों से हटाये जा रहे जनरल व स्लीपर कोच

# सेवा की जगह व्यापार करने लगा रेलवे बोर्ड

हरिभूमि, जबलपुर।

सेवा का माध्यम माने जाने वाली रेल गाड़ी अब रेलवे बोर्ड का व्यापारिक केंद्र बनकर रह गई है। एक समय था जब रेल गाड़ी, यात्रा का सबसे सस्ता माध्यम हुआ करती थी। जनरल बोगी में बैठकर भी यात्री मीलों की यात्रा कर लेते थे, परंतु अब जनरल बोगी आम यात्री के लिए एक सपना बनती जा रही है। लंबी दूरी की ट्रेनों में तो जनरल बोगियों को लगभग खत्म कर दिया गया। यही हाल स्लीपर का है, जिसे दिनों-दिन रेलवे बोर्ड कम कर रहा है। दरअसल जब से रेलवे का बजट आम बजट के साथ जुड़ा है तब से रेलगाड़ियों की संख्या में तो इजाफा हुआ है, किन्तु रेलवे बोर्ड के निर्णय आम जनता के लिए मुसीबत का सबब बनते जा रहे हैं।

भारतीय रेलवे बीते कुछ सालों से जमकर कमाई कर रही है। कमाई को लेकर रेलवे ने बीते कुछ समय में काफी रिकॉर्ड भी बनाए हैं। इस साल यानी इस वित्त वर्ष 2023-24 की बात करें तो रेलवे माल ढुलाई, कुल राजस्व, ट्रैक बिछाने के मामले में रिकॉर्ड बनाने की राह पर है। रेलवे से मिले प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार,रेलवे ने माल ढुलाई और यात्री आवाजाही से 2023-24 में लगभग 2.56 लाख करोड़ रुपये कमाए, जो इसकी अब तक की सबसे अधिक राजस्व आय है, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस बात को एक सोशल मीडिया पोस्ट भी किया है। पिछले साल इसकी कमाई कुल 2.4 लाख करोड़ रुपये थी। वहीं अगर खर्चे की बात करें तो वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय रेल का कुल व्यय 2.26 लाख करोड़ रुपये है। इससे स्पष्ट है कि रेलवे कमाई तो कर रहा है, लेकिन वह उस आमजन को भूल चुका है, जो स्लीपर या एसी में रिजर्वेशन नहीं करवा सकता है।

- एसी कोच की संख्या में लगातार हो रहा इजाफा
- आम आदमी की पहुंच से दूर होती जा रही रेल यात्रा



### एक साल में बढ़ें 50 करोड़ यात्री

आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान रेलवे से सफर करने वाले यात्रियों की संख्या 648 करोड़ है। जो की पिछले साल से 52 करोड़ अधिक है। पिछले वर्ष यात्रा करने वाले यात्रियों की कुल संख्या 596 करोड़ थी। परंतु इन आंकड़ों में वह यात्री शामिल नहीं है, जिन्होंने लंबी दूरी की यात्रा जनरल बोगी में की है। अगर शामिल होते तो जनरल बोगियों की संख्या में भी इजाफा हो जाता जैसे की एसी बोगियों का हुआ है।

### आखिर गरीब से ही भेदभाव क्यों

कोरोना काल के पूर्व रेलवे बोर्ड द्वारा पैसेंजर ट्रेनों का संचालन किया जा रहा था, जबकि लंबी दूरी की ट्रेनों में चार बोगियां लगाई जा रही थी, परंतु जैसे की कोरोना काल आया रेलवे ने इस आपदा को अवसर में बदल लिया। पैसेंजर ट्रेनों को बंद कर उन्हें एक्सप्रेस का नाम दे दिया। इतना ही नहीं एक्सप्रेस का किराया भी रेलवे बोर्ड द्वारा लिया जाने लगा। अनेक लंबी दूरी की ट्रेनों में तो जनरल बोगियों को लगभग खत्म कर दिया गया है।

### अधिकारियों के अजीब तर्क

रेलवे बोर्ड द्वारा गरीब जनता की ट्रेनों को बंद करने के प्रयास पर अधिकारियों के अजीब तर्क सामने आ रहे हैं। पश्चिम मध्य रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि आम जनता में खर्च करने की क्षमता बढ़ गई है। एक ट्रेन में 24 बोगी से ज्यादा लगा नहीं सकते, एसी बोगियों की मांग भी लगातार बढ़ रही है। ऐसे में रेलवे के पास एक ही विकल्प बचता है कि वह जनरल और स्लीपर कोचों को कम करे। बहरहाल कहा जा रहा है कि जिस प्रकार से जनरल और स्लीपर बोगियों को कम किया जा रहा है, उससे तो यह स्पष्ट है कि रेलवे अधिकारी सिर्फ अमीर लोगों को ही यात्रा करवाएगें।

#### आवाज उठाई जा रही है

ये बात सही है की रेलवे लगातार जनरल और स्लीपर बोगियों को कम कर रहा है, इससे आम जनता को परेशानी कर सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए हमारे द्वारा भी आवाज उठाई जा रही है।

**डॉ सुनील मिश्रा**
रेलवे सलाहकार समिति सदस्य

#### बोर्ड सिर्फ कमाई कर रहा

रेलवे बोर्ड ने कोरोना कॉल की आपदा को अवसर में बदल दिया है, आम जनता जनरल बोगियों में भेड़ बकरियों की तरह यात्रा कर रही है, बोर्ड को सिर्फ कमाई से मतलब रह गया है।

**चैतन्य भट्ट**, वरिष्ठ पत्रकार



## शमीम के कबाड़खाने पहुंची टीम ने की जांच पड़ताल

# अब सीओडी की टीम अलग से करेगी बमों के खोखों की जांच

**जबलपुर।** सोमवार को सेंट्रल आर्डिनेंस डिपो (सीओडी) की टीम शमीम कबाड़ी के कारखाने पहुंची और वहां से बमों के खोखों को एकत्रित किया। जिसकी जांच अब सेंट्रल आर्डिनेंस डिपो की टीम अलग से करेगी और यह पता लगाएगी की यह खोखे किस फैक्ट्री के हैं और यहां कैसे पहुंचे। शमीम कबाड़ी के कबाड़खाने में एनडीआरएफ को बारूद पूरी तरह खत्म करने में 15 दिन लगे और 75 से अधिक ब्लॉस्ट करने पड़े। यह आंकड़े अपने आपमें एक बड़ा सवाल है कि आखिर क्या हो रहा था शमीम के कबाड़खाने में जिसकी जानकारी जिला प्रशासन और जिला पुलिस बल को नहीं थी। खजरी ब्लास्ट में आज 20 दिन से ज्यादा गुजर चुके हैं लेकिन शमीम और उसके पार्टनर्स का किसी को कोई पता नहीं है। एनडीआरएफ, एनएसजी और एनआईए की टीमे लम्बी जांच कर लौट चुकी हैं, जिनकी रिपोर्ट आना बाकी है। पुलिस ने शमीम पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस का दावा है कि कई राज्यों की पुलिस को साथ लेकर आधा दर्जन टीमें शमीम की तलाश में जुटी हैं।

### सबूत मिटा रहा शमीम!

शमीम का कबाड़खाना जिस पैमाने पर चल रहा था, जिस तरह वैध अवैध काम होने की शिकायत इस कारखाने से आ रही है। उसे सामने रखकर एक बात साफ हो चुकी है कि शमीम एक गोरखधंधे को अकेला नहीं चला रहा है। उसके साथ और उसके कई बड़े चेहरे हैं। जिनका सामने आना जरूरी है, क्योंकि मामला आर्डिनेंस फैक्ट्री, सेना और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ चुका है। पुलिस की अब तक की जांच शमीम के मिलने या राष्ट्रीय एजेंसियों की रिपोर्ट आने के इर्दगिर्द घूम रही है। वहीं जानकारों का यह भी कहना है कि शमीम पुलिस की गिरफ्त से जितने दिन बाहर रहेगा, उसे सबूत मिटाने के लिये उतना अधिक समय मिलेगा। सबूत जितने मिटते जाएंगे, शमीम के पार्टनर और राजदार पुलिस गिरफ्त से दूर होते जाएंगे।

## सुविधायुक्त वाहन के साथ सुरक्षा व्यवस्था का भी रखा जा रहा है विशेष ध्यान

# प्राइवेट स्कूल की तर्ज पर चलेंगी सीएम राइज की स्कूल बसें

**जबलपुर।** सीएम राइज स्कूल के छात्रों को अब आवागमन के लिए निजी स्कूलों जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इसमें सुविधायुक्त वाहन के साथ सुरक्षा व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। यह सुविधा सिर्फ भोपाल जिले के लिए नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में स्थित सीएम राइज स्कूलों के छात्रों को मिलेगी। अधिकारियों का कहना है कि इस बार जारी किए टेंडर मे कई बदलाव करते हुए प्रयास किया है कि सीएम राइज स्कूलों के छात्रों को आवागमन के लिए वह सभी सुविधाएं मिल सके जो निजी स्कूलों में दी जाती हैं।

इसमें बस की बाडी से लेकर सीटें तक विशेष गुणवत्तायुक्त रहेंगी, साथ ही बस का चालक भी जांच परख कर रखा जाएगा। इतना ही नहीं सुरक्षा के भी इंतजाम पुख्ता रखे जाएंगे। बस आपरेटरों के लिए हुए नियमों के बदलाव में अब टेंडर प्रक्रिया में बस कंपनी संचालकों के स्थान पर निजी बस के मालिकों को शामिल होने का मौका दिया जा रहा है।




### बस चालक के नियम सख्त

इस बार बसों के टेंडर को लेकर विशेष नियमों का पालन किया जाएगा। सीएम राइज स्कूल की बसों की ड्राइविंग वहीं चालक करेंगे जिनका पूरे वर्ष में दो बार से अधिक चालान न कटा हो। इसके अलावा कानूनी रूप से भी ध्यान दिया जाएगा कि चालक के ऊपर आइपीसी की धारा 279, 337, 338, 304 ए और पोक्सो एक्ट 2012 के अंतर्गत कोई मामला दर्ज न हुआ हो। इस बार टेंडर प्रक्रिया को केंद्र की योजना से जोडऩे का प्रयास किया गया है। इस बार तय किया गया है कि कोई बेरोजगार युवा ऐसा है जो प्रधानमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत आता है तो वह भी इस टेंडर प्रक्रिया का हिस्सा बन सकता है। अगर उसके टेंडर का चयन होता है तो उसे एक माह का मौका दिया जाएगा।

## दुर्लभ बीमारी का सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में जटिल

# गर्दन में नसों का गुच्छा चिकित्सकों ने सुलझाया

**जबलपुर।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडीकल कॉलेज की सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल में एक 14 साल की बच्ची का दुर्लभ रोग का सफल ऑपरेशन किया गया। बच्ची की गर्दन में नसों का गुच्छा बन गया था जिसके कारण उसकी रीढ़ की हड्डी में दबाव बन रहा था और हाथ पैर की शक्तियां क्षीण हो रही थी। पिछले कुछ महीनों से वह हाथ, पैर तक नहीं उठा पा रही थी। सिहोर निवासी एक बच्ची को उसके परिजन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल लेकर पहुंचे थे। जहां जांच में बच्ची को सर्वाइकल आर्टिरिवेनस मालफोर्मेशन रोग डायग्नोस किया गया। चिकित्सकों की मानें तो यह एक दुर्लभ बीमारी है जो लाखों में एक किसी को बमुश्किल होती है। प्राथमिक उपचार के बाद एम्स ने बच्ची को उपचार के लिए मेडीकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया। सुपरस्पेशलिटि हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. अवधेश प्रताप सिंह कुशवाहा ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल में जांच में पाया गया कि बालिका को तुरंत सर्जरी की आवश्यकता है। न्यूरो रेडियोलाजी विभाग के डॉ. निष्ठा यादव और डॉ. केतन हेडू की टीम ने गत सप्ताह बालिका की जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक किया। स्वस्थ होने पर बालिका को अब डिस्चार्ज कर दिया गया है।



### गर्दन में नसों का गुच्छा था

हॉस्पिटल के न्यूरो रेडियोलाजी विभाग में विशेषज्ञ डॉ. निष्ठा यादव ने बताया कि हॉस्पिटल में यह अपने तरीके का पहला मामला था। बालिका की गर्दन में नसों का गुच्छा बन गया था, जिसके कारण उसकी रीढ़ की हड्डी के अंदर दबाव बढ़ रहा था। इसके कारण उसे हाथ-पैर में कमजोरी महसूस हो रही थी। दोनों हाथ ने प्रायः काम करना बंद कर दिया था। इतनी दुर्बलता आ गई थी वह हल्का सामान तक नहीं उठा पा रही थी। इस रोग को समझना और उपचार कठिन होता है। सर्जरी काफी जटिल थी, जिसे टीम ने सफलतापूर्वक किया। यह एक दुर्लभ रोग है, जो अनुवांशिक या फिर कुछ सिंड्रोम के कारण होता है।

### रक्त वाहिनी धमनियां आपस में जुड़ गई थी

चिकित्सकों की माने तो बालिका जिस रोग से पीड़ित थी वह नसों की संरचना में असंतुलन के कारण उसके आपस में उलझने से होती है। बच्ची के गर्दन के पास नसों का गुच्छा उलझकर आपस में जुड़ गया था। रक्त को ले जाने और लाने वाली धमनियां आपस में जुड़ गई थी। एंबोलिजेशन के माध्यम से ग्लू जैसा पदाथ नसों के गुच्छों तक पहुंचाकर उन्हें सुखा दिया गया। इस प्रक्रिया में पैर में छोटा सा चीरा लगाकर कैथेटर के माध्यम से चिकित्सकीय तरल पदार्थ को निर्दिष्ट स्थान पर पहुंचाना जटिल होता है। मामूली चूक होने पर भी पीड़ित को लकवा होने का खतरा रहता है।

### आयुष्मान योजना में निःशुल्क उपचार

ऐसे दुर्लभ रोगियों का आमतौर पर नई दिल्ली एम्स, चंडीगढ़ पीजीआई और बैंगलुरू के बड़े चिकित्सा संस्थानों में ही इलाज होता है। डॉयरेक्टर डा. कुशवाहा के अनुसार सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में इस दुर्लभ बीमारी का निःशुल्क सर्जरी की गई। आमतौर पर इस तरह के मरीजों का निजी अस्पतालों में इलाज कराने पर लाखों रुपए व्यय होते है। सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं और कुशल चिकित्सक उपलब्ध होने के कारण अब लोगों को बड़े शहरो में जाने की आवश्यकता नहीं होती। ऐसे कई केस है जो बड़े डॉक्टरों और बड़े हॉस्पिटलों को रिफर कर रहे हैं यहां से मरीज स्वस्थ्य होकर जा रहे हैं।

## दहशत में परिवार, घर से बाहर रह रहा

# नाना के घर आई मासूम की सर्प दंश से मौत

**जबलपुर।** कटनी से जबलपुर अपने नाना के यहां रहने आई एक चार साल मासूम बच्ची को काले नाग ने डस लिया। डेढ़ दिन तक जिंदगी मौत के बीच संघर्ष के बाद मासूम की मौत हो गई। सर्पमित्र गजेंद्र दुबे को जब सूचना मिली तो नीची पहुंचकर उन्होंने मकान का ताला खुलवाया और कोबरा की खोजबीन शुरू कर दी, लेकिन सांप नहीं मिला। पूरी तरह से संतुष्ट हेन के बाद परिवार मकान के भीतर तो सोने लगा लेकिन नींद अब भी उड़ी हुई है। घटना 06 मई की बताई जा रही है। बच्ची कटनी के रीठी में रहने वाली है, जो भेड़ाघाट के नीची गांव में अपने नाना के घर आई थी। वहीं बच्ची की मौत के बाद परिवार इतना दशहत में है कि घर में ताला डालकर सब बाहर जीवन गुजार रहे हैं। रविवार को दोपहर बारह बजे सर्प विशेषज्ञ गजेंद्र दुबे को सूचना मिली तो उन्होंने मकान का ताला खुलकर बारीकी से कोबरा की तलाश की लेकिन कोबरा सांप नहीं मिला।

सर्पमित्र गजेंद्र दुबे ने बताया कि कटनी उजियारपुर रीठी में रहने वाली आराधना चड़ार (4 वर्ष) पिता दौलत चड़ार भेड़ाघाट स्थित ग्राम नीची में रहने वाले नाना रामलाल चड़ार (64 वर्ष) के यहां आई थी। नाना मजदूरी करते हैं। छह मई सोमवार को दोपहर डेढ़ बजे खेलते हुए अराधना मकान के भीतर रखी एक लोहे की बड़ी पेटी के पास खेल रही थी पेटी पर लात मार कर अठखेलियां कर रही थी तभी पेटी के नीचे छिपकर बैठे कोबरा नाग ने आराधना के बायें पैर में डंस लिया। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर परिजन आए तो सांप समीप में देखा। सर्पदंश से पीड़ित आराधना को मेडिकल कालेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उपचार के दौरान 29 घंटे बाद अराधना ने दम तोड़ दिया। बच्ची का पोस्टमार्टम होने के बाद परिजन बच्ची का शव उसके पैतृक निवास उजियारपुर रीठी ले गए।



## तेज हवाओं के बीच बूंदाबांदी की संभावना

# हल्की बारिश के बाद पारे में गिरावट

**जबलपुर।** सोमवार की सुबह से ही मौसम साफ रहा लेकिन रविवार की रात हुई हल्की बारिश के बाद सुबह पारा परवान नहीं चढ़ सका। सुबह से लेकर शाम तक की धूप खिली रही। तापमान भले औसत से नीचे रहा लेकिन धूप की गर्मी बनी रही। जिले व आसपास के क्षेत्रों में पानी की हल्की बूंदे पड़ने से मौसम में हल्की नमी का अहसास हुआ। उत्तर पूर्वी हवाओं के 5 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने के कारण पारे की बढ़त पर ब्रेक लगा है। दिन और रात का तापमान औसत से नीचे आ गया है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटों के के दौरान कहीं कहीं गरज के साथ हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं।

स्थानीय मौसम विभान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर पूर्वी दिशा से आ रही हवाओं के कारण तापमान में गिरावट आई है, जिससे गर्मी के तेवर कुछ नरम पड़े। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम, न्यूनतम तापमान 25.08 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 49 प्रतिशत और सायंकाल 38 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.29 बजे हुआ, जबकि सूर्यास्त शाम 6.44 बजे हुआ। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 41.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। प्रदेश में सबसे अधिक 43.3 डिग्री तापमान नर्मदापुरम जिले में दर्ज किया गया। उत्तर पूर्वी हवाएं 6 से 7 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। मौसम कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान गरज चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी की संभावनाएं है साथ ही तेज हवाएं भी चल सकती है।




# बार-बार बदल रहा बीमारियों का पैटर्न

**जबलपुर।** मौसम में बार बार बदलाव हो रहे हैं। इस बदलाव का असर सीधा असर लोगों की सेहत पर हो रहा है। बार-बार मौसम बदलने से बीमारियों के पैटर्न में भी बदलाव हो रहा है। अस्पताल पहुंचाने वाले वायरल फीवर के मरीज भी लंबे समय तक ठीक नहीं हो पा रहे। इस बार वायरल का पैटर्न ठीक कोविड की तरह ही है। जिस तरह कोविड के लोग बाद पोस्ट कोविड संक्रमण से जूझ रहे थे, ठीक उसी तरह अब सामान्य वायरल मरीज पोस्ट वायरल एलर्जी से परेशान हो रहे हैं। यही नहीं इनमें भी सबसे ज्यादा ब्रोन्काइटिस एलर्जी यानि फैफड़ों में एलर्जी के केस हैं। सामान्य सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार के मरीज तो एक सप्ताह में ठीक हो रहे हैं, लेकिन ब्रोन्काइटिस एलर्जी से खांसी तीन से चार हफ्ते में भी ठीक नहीं हो रही है।

# देर रात ढाबा में तोड़फोड़ कर संचालक से मारपीट

**जबलपुर।** गोसलपुर थानांतर्गत बायपास गोसलपुर स्थित एक ढाबा में कल दरमियानी रात ढाबा बंद कर सो रहे ढाबा मालिक को बुलेट मोटरसाइकिल व कार से आये पांच युवकों ने जगा कर पानी की बोतल व राजश्री मांगा। ढाबा मालिक उन्हें सामान देने लगा। तभी इन युवकों ने ढाबा मालिक के लड़के से मारपीट कर ढाबा में जमकर तोड़फोड़ की। इसके बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। आरोपियों पर धारा 254, 323, 506, 34 व एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर तलाश जारी है। गोसलपुर पुलिस ने बताया कि बायपास गोसलपुर निवासी कमलेश चौधरी बायपास के समीप ही सपना ढाबा नाम से ढाबा चलाता है। कल रात लगभग 1.30 बजे कमलेश ढाबा बंद कर ढाबा में सो रहा था। तभी बुलेट मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 21 एम एम 5999 से दो लड़के और बुलेट खड़ी कर एक लड़का उतरकर ढाबा में आकर पानी की बोतल व राजश्री गुटखा मांगने लगा। कमलेश उन्हें सामान देने लगा। उसी समय दूसरा लड़का मोटरसाइकिल चलाकर ढाबा के अंदर आ गया। उसने ढाबा में सो रहे कमलेश के बेटे शैलेन्द्र के साथ हाथापाई और ढाबा में रखा पलंग तोड़ दिया। कुछ देर बाद दोनों युवकों ने अपने साथियों को भी बुला लिया। कार से आये तीन लड़के शैलेन्द्र के साथ गालीगलौज कर विवाद करने लगे। हल्ला मचता देख कमलेश की पत्नी उर्मिला चौधरी, बुआ कांताबाई बीचबचाव करने आई तो सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240